3 राजधानी
केजीएमयू दीक्षांत समारोह 17 को

6 अभिमत
रुपये की गिरती कीमत

11 विदेश
बांग्लादेश में हिन्दू परिवार के घर में आग लगाई गई

12 स्पोर्ट्स
विनेश फोगाट की अपील खारिज

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 14 अंक 292
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 15 अगस्त, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com




# मुठभेड़ में कैप्टन शहीद एक आतंकवादी ढेर

मोहित कंधारी। जम्मू

**बहादुरी से** लड़ते हुए भारतीय सेना के एक युवा कैप्टन ने 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह की पूर्व संध्या पर जम्मू के डोडा जिले के अस्सर के जंगली इलाके में छिपे पाकिस्तानी आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए चल रहे आतंकवाद विरोधी अभियान का नेतृत्व करते हुए अपना जीवन बलिदान कर दिया। सुरक्षा बलों ने एक पाकिस्तानी आतंकवादी को भी ढेर कर दिया, जबकि इलाके में छिपे दो से तीन अन्य आतंकवादियों की तलाश जारी है। ऐसा संदेह है कि आतंकवादी एक एम4 राइफल, तीन बैग छोड़कर इलाके से भाग गए। गुरुवार को स्वतंत्रता दिवस के आयोजनों को देखते हुए, पूरे क्षेत्र में आतंकवादी हिंसा की किसी अन्य घटना को रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था और बढ़ा दी गई थी। अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा के करीब के इलाकों में कड़ी निगरानी बनाए रखने के लिए सुरक्षा बलों को पिछले कुछ दिनों से पहले से ही हाई अलर्ट की स्थिति में रखा गया है।

यह पता चला है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 78वें स्वतंत्रता दिवस से पहले जम्मू-कश्मीर में बढ़ती आतंकी घटनाओं पर बुधवार सुबह नई दिल्ली में बैठक बुलाई। सूत्रों ने बताया कि बैठक में रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, सैन्य अभियान महानिदेशक-लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा और सुरक्षा से जुड़ी एजेंसियों के प्रमुख शामिल हुए। सेना की व्हाइट नाइट कोर ने बुधवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, चल रहे ऑपरेशन में एक आतंकवादी को मार गिराया गया है। एम4 राइफल के अलावा एक एके 47 बरामद किया गया है।

सेना ने कहा, ऑपरेशन जारी रहने के कारण रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है। इस बीच, अपनी जान देने वाले सैन्य अधिकारी की पहचान कैप्टन दीपक सिंह के रूप में की गई है। वह देहरादून, उत्तराखंड के रहने वाले थे। गुरुवार को जब राष्ट्र स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए एक साथ आएगा तो उनके परिवार को तिरंगे में लिपटे उनके पार्थिव शरीर मिलने की उम्मीद है। सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी और भारतीय सेना के सभी रैंकों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। पोस्ट में कहा गया, हम बहादुर कैप्टन दीपक सिंह के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करते हैं, जिन्होंने जम्मू-कश्मीर में ड्यूटी के दौरान अपनी जान दे दी, हम शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। इस साल 1 जनवरी से आतंकवादी घटनाओं में दो सेना कैप्टन और दो पैरा कमांडो सहित 20 से अधिक सैन्य कर्मियों ने अपने जीवन बलिदान दिया है। (शेष पृष्ठ 9)


डोडा में सुरक्षाबलों और आतंकियों को बीच मुठभेड़ के दौरान सतर्क सुरक्षाकर्मी।

# विभाजन की त्रासदी के लिए कांग्रेस जिम्मेदार: योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने कहा है कि देश इतिहास के काले अध्यायों को स्मरण कर रहा है। इतिहास केवल अध्ययन का विषय नहीं होता है, बल्कि वह गलतियों के परिमार्जन और गौरवशाली क्षणों से प्रेरणा ग्रहण करने का संकल्प होता है। आखिर क्या कारण था कि हजारों हजार वर्षों से सनातन राष्ट्र रहा भारत गुलाम हुआ। विदेशी आक्रांताओं ने यहां की परंपरा-संस्कृति को रौंदा और देश को गुलाम बनाया गया। क्रांतिकारियों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने देश को स्वतंत्र कराने की दिशा में विदेशी हुकूमत को उखाड़ फेंकने के संकल्प के साथ आजादी की लड़ाई लड़ी थी। जब उसकी पूर्णता का समय आया तो इस सनातन राष्ट्र को विभाजन की त्रासदी का सामना करना पड़ा।

मुख्यमंत्री बुधवार को लोकभवन में आयोजित विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 'विभाजन विभीषिका स्मृति मौन पदयात्रा' निकली। मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्पार्चन किया। इसके बाद सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रतिमा स्थल से प्रारंभ होकर पदयात्रा लोकभवन तक पहुंची। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हाथ में तख्ती लेकर चल रहे थे। इसमें त्रासदी का दंश झेलने वालों की पीड़ा बयां थी। लोकभवन में पहुंचने के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभाजन विभीषिका की त्रासदी पर आधारित अभिलेख प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस दौरान विभाजन विभीषिका पर आधारित लघु फिल्म के जरिए आमजन का दर्द दिखाया गया। (शेष पृष्ठ 9)


विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी

## कोलकाता में डॉक्टर से रेप-हत्या मामले की सीबीआई ने जांच शुरू की

**कोलकाता, नई दिल्ली (भाषा)।** सीबीआई के अतिरिक्त निदेशक के नेतृत्व में 25 सदस्ईय विशेष टीम ने पश्चिम बंगाल के एक सरकारी अस्पताल में महिला डॉक्टर की कथित बलात्कार के बाद हत्या के मामले की जांच शुरू कर दी। एजेंसी ने मुख्य आरोपी को हिरासत में ले लिया है। सीबीआई के एक सूत्र ने बताया कि एजेंसी ने डॉक्टर के कथित बलात्कार और हत्या के सिलसिले में दिल्ली में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

# खनिज संपन्न राज्यों को राहत, 2005 से रॉयल्टी, कर बकाया लेने को मंजूरी

पीटीआई। नई दिल्ली

**खनिज संपन्न** राज्यों को बड़ी राहत देते हुए उच्चतम न्यायालय ने उन्हें खनिजों और खनिज-युक्त भूमि पर केंद्र सरकार से 12 वर्ष में क्रमबद्ध तरीके से रॉयल्टी तथा कर पर एक अप्रैल 2005 से बकाया लेने की बुधवार को अनुमति दे दी।भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली नौ सदस्ईय संविधान पीठ ने कहा कि 25 जुलाई के आदेश को आगामी प्रभाव से लागू करने की दलील खारिज की जाती है। पीठ की ओर से फैसला सुनाते हुए प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि इस अदालत ने उसके समक्ष आए सवालों का 8:। के बहुमत से 25 जुलाई को जवाब दे दिया था और खदानों तथा खनिज-युक्त भूमि पर कर लगाने का विधाई अधिकार राज्यों को दिया था।

चंद्रचूड़ ने कहा कि 25 जुलाई का फैसला सुनाने के बाद केंद्र सरकार ने इस फैसले को आगामी प्रभाव से लागू करने का अनुरोध किया था और मामले पर 31 जुलाई को सुनवाई की गई थी। केंद्र ने खनिज संपन्न राज्यों को 1989 से खनिजों और खनिज-युक्त भूमि पर लगाई गई रॉयल्टी उन्हें वापस करने की मांग का विरोध करते हुए कहा था कि इसका असर नागरिकों पर पड़ेगा और प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों (पीएसयू) को अपने खजाने से 70,000 करोड़ रुपए निकालने पड़ेंगे। पीठ ने कहा, यह दलील खारिज की जाती है कि खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकरण अधिनियम (एमएडीए 25 जुलाई के आदेश) को आगामी प्रभाव से लागू किया जाए।

## सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने से किया इनकार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने कथित आबकारी नीति घोटाले में सीबीआई द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया और गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर जांच एजेंसी से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भूइयां की पीठ के समक्ष जैसे ही सुनवाई शुरू हुई, केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि उन्हें कथित घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में तीन बार अंतरिम जमानत मिली है और धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत मामलों में जमानत दिए जाने के लिए कठोर शर्तें भी लगाई गई हैं। सिंघवी ने 20 जून को निचली अदालत द्वारा दी गई नियमित जमानत के साथ ही 10 मई और 12 जुलाई को पारित उच्चतम न्यायालय के अंतरिम जमानत आदेशों का हवाला दिया। उन्होंने पीठ को सूचित किया कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने मौखिक रूप से निचली अदालत के 20 जून के आदेश पर रोक लगा दी थी।

### अवकाश सूचना

**स्वतंत्रता दिवस** के उपलक्ष्य में पायनियर कार्यालय एवं प्रेस में आज 15 अगस्त 2024 को अवकाश रहेगा। अत: 16 अगस्त 2024 का अंक प्रकाशित नहीं होगा।



# सीएम योगी ने अपने घर पर फहराया तिरंगा, ली सेल्फी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को अपने सरकारी आवास, 5 कालिदास मार्ग पर तिरंगा फहराया। इसके बाद सीएम ने सेल्फी ली। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि हमारी एकता, अखंडता, संप्रभुता और आन-बान-शान का प्रतीक, हमारा तिरंगा, हर घर तिरंगा फहराएंगे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर इस वर्ष भी देश में 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान योगी सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के लगभग साढ़े चार करोड़ से अधिक घरों पर तिरंगा फहराया जाएगा। इसी क्रम में बुधवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास



पर तिरंगा फहराया। साथ ही यूपी के आम जनमानस से भी अपील की कि सभी अपने घर पर देश की शान तिरंगा फहराएं।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें देते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस स्वाधीनता का उत्सव मनाने का दिन है। स्वतंत्रता दिवस राष्ट्र को आर्थिक, सामरिक एवं सांस्कृतिक समृद्धि के साथ देश की एकता और अखण्डता को अक्षुण्य बनाये रखने के संकल्प का भी दिन है। अमरबलिदानियों ने अपने रक्त से आजादी की अमर गाथा लिखी है। देश की स्वतंत्रता के लिए राष्ट्रनायको ने मां भारती के चरणों में अपना सर्वस्व अर्पित किया है। स्वतंत्रता दिवस पर हम सभी अमर बलिदानियों को कृतज्ञ नमन करते हुए उनके द्वारा प्रशस्त मार्ग के अनुसरण का संकल्प लेते है।

## मंत्रीगणों ने प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

**लखनऊ।** औद्योगिक विकास मंत्री एवं प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के विधायक नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर समस्त देश एवं उत्तर प्रदेश वासियों को 78वें स्वत्रंता दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। जारी विज्ञप्ति में मंत्री नन्दी ने कहा कि अनगिनत बलिदानों और सदियों के संघर्ष के बाद हमें आजादी का सूरज देखने को मिला। इसके साथ ही सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल, कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल, माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप, उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेशी व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह, कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही, और उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी हैं। मंत्रियों ने अपने संदेश में प्रदेशवासियों से देश की प्रगति में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया और कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों की याद दिलाता है और हमें उनके आदर्शों को अपनाकर प्रदेश के विकास में योगदान देना चाहिए। उन्होंने प्रदेशवासियों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने और देश की समृद्धि, शांति, और विकास के लिए कार्य करने का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि एकजुट होकर ही हम अपने प्रदेश और देश को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं।

# विभाजन के चलते विश्व ने अब तक का सबसे बड़ा मानव पलायन देखा

## ● पुलिस मुख्यालय में बैंक आफ बड़ौदा की ओर से आयोजित प्रदर्शनी का किया डीजीपी ने किया उद्घाटन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विभाजन** विभीषिका स्मृति दिवस के मौके पर बुधवार को डीजीपी प्रशांत कुमार ने पुलिस मुख्यालय में बैंक आफ बड़ौदा द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया।

उन्होंने राष्ट्रभावना से ओत-प्रोत इस कार्यक्रम को पुलिस मुख्यालय में आयोजित किए जाने के लिए बैंक अधिकारियों को बधाई दी। इस मौके पर डीजीपी ने कहा कि भारतीय स्वाधीनता का इतिहास जिन संघर्षों और बलिदानों से भरा हुआ है उसकी मिसाल दुनिया में और कहीं नहीं मिलती है। 15 अगस्त 1947 को जब भारत आजाद हुआ तो उससे एक दिन पूर्व एक ऐसी घटना हुई जिसकी वेदना आज भी हमारे जन मानस में विद्यमान है । 14 अगस्त 1947 को आजाद भारत के विभाजन के परिणामस्वरूप विश्व ने अब तक का सबसे बड़ा मानव पलायन देखा। लाखों परिवार अपनी मिट्टी से दूर हो गए। आज के दिन हम उन्हीं ज्ञात और अज्ञात लोगों के प्रति अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं। आयोजन के दौरान बैंक ऑफ बड़ौदा के लखनऊ अंचल के प्रमुख महाप्रबंधक समीर रंजन पंडा, अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था, अपर पुलिस महानिदेशक / पुलिस महानिदेशक के जीएसओ सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं बैंक आफ बड़ौदा के अधिकारी उपस्थित रहे।

रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कालेज राजापुर, प्रयागराज
समस्त जनपदवासियों को स्वतन्त्रता दिवस की बधाइयां एवं हार्दिक शुभकामनाएं



शिव कुमार पाल प्रबंधक | आनंद कुमार श्रीवास्तव अध्यक्ष | शरद कुमार गुप्ता कोषाध्यक्ष | बाके विहारी पांडे प्रधानाचार्य

## सपा प्रमुख ने स्वतंत्रता दिवस पर दी बधाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने 78 वें स्वतंत्रता दिवस पर देशवासियों को बधाई देते हुए उनके सुख समृद्धि की कामना की है। उन्होंने कहा कि भारत को आजादी महात्मा गांधी के नेतृत्व में अनगिनत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और बलिदान के फलस्वरूप मिली है। इस आजादी की सुरक्षा में देशवासियों को आपसी भाईचारा और सामाजिक सौहार्द को बनाए रखना होगा। यादव ने कहा कि आज लोकतंत्र को सशक्त करने और स्वतंत्रता आंदोलन के मूल्यों को जीवित रखने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी से समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक भारत के निर्माण में योगदान की अपील की है।

## सपा प्रतिनिधि मण्डल 17 को जाएगा हमीरपुर

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल 17 अगस्त को जनपद हमीरपुर जायेगा। जनपद हमीरपुर के ग्राम पतारा ब्लाक कुरारा निवासी सीताराम के पुत्र छोटे प्रजापति की गॉव के ही दबंगों द्वारा हत्या कर दी गई। जिसकी जानकारी तथा शोकाकुल परिवार से मिलने हेतु प्रतिनिधि मण्डल ग्राम पतारा जनपद हमीरपुर पहुंचेगा।

# भाजपा उपचुनाव जीतने के लिए हर संभव कोशिश करने में लगी है: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में बहुमत से पीछे और उत्तर प्रदेश में भी अपनी कई प्रमुख सीटें गंवाने से भाजपा नेतृत्व में बौखलाहट है। आसन्न विधानसभा उपचुनावों में भी अपनी हार देखकर भाजपा डरी हुई है इसीलिए वह छल-बल और सत्ताबल का दुरुपयोग करने से बाज नहीं आ रही है। भाजपा को लोकतंत्र और संविधान की गरिमा का कतई लिहाज नहीं रहा है। भाजपा को जब-जब भी मौका मिला उसने लोकतंत्र और संविधान की धज्जियां ही उड़ाने का काम किया है। उत्तर प्रदेश में भाजपा उपचुनाव जीतने के लिए हर संभव कोशिश करने में लगी है। उत्तर प्रदेश सरकार शासन-प्रशासन के अधिकारियों को हटाने और अपने मनमाफिक अधिकारियों की नियुक्ति करके सोचती है कि उसकी नैया पार हो जाएगी। अखिलेश ने कहा कि जब उपचुनाव में भाजपा को हराने के लिए जनता मैदान में उतर चुकी हैं तो भाजपा कुछ अधिकारियों को हटाने का कितना भी शासकीय और प्रशासकीय सत्ता का दुरुपयोग कर ले, कोई उनको पराजय से रोक नहीं सकता है। देखना यह भी है कि इनकी जगह जो अधिकारी आएंगे उनकी निष्पक्षता पर आखिर मोहर कौन लगाएगा? अखिलेश ने कहा कि भाजपा ने कुछ विशेष अधिकारियों को चुनावी जिम्मेदारी से हटाने की बात कहकर चुनावी घपलों को भी स्वीकारने का काम किया है। क्या भाजपा इसके पहले हुए चुनावों में इन्हीं अधिकारियों की वजह से जीतती रही है? अखिलेश ने कहा कि मुख्यमंत्री अपनी खोई हुई साख बचाने के लिए उपचुनावों से पूर्व जाति-धर्म के आधार पर पोस्टिंग करने लगे हैं। यह चुनाव की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता को प्रदूषित करने की कोशिश है। एक बात तो अब तय है कि भाजपा को उपचुनावों में अपनी 10 की 10 सीटों पर हार के अपमान से कोई नहीं बचा सकता। भाजपा की जनविरोधी नीतियों के चलते जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। महंगाई, बेरोजगारी, अन्याय, अत्याचार और पुलिस भर्ती, नीट पेपर लीक, महिला सुरक्षा, संविधान और आरक्षण की रक्षा, नजूल भूमि जैसे मुद्दों का सामना करने में भाजपा कतई सक्षम नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि उपचुनावों के बाद 2027 के विधानसभा चुनाव में भी उत्तर प्रदेश की जनता भाजपा का सफाया करने को तत्पर है।

# सपा मुख्यालय में पूर्व सैनिकों का सम्मान समारोह आयोजित



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** महिला सभा ने स्वतन्त्रता दिवस की 78वीं वर्षगांठ पर लखनऊ में पूर्व सैनिकों का सम्मान समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी द्वारा भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दे चुके सैनिकों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजन में पद्मविभूषण नेताजी मुलायम सिंह यादव एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की सैनिकों से जुड़ी स्मृतियों को वीडियो के माध्यम से स्क्रीन पर प्रदर्शित किया गया। कई पूर्व सैनिकों ने सेना के अपने अनुभव साझा करते हुए गीत भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई। महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह ने पदाधिकारियों के साथ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का बुके देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता/पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि पूरे देश में अखिलेश यादव विरले नेता है जो सैनिकों के प्रति सदैव संवेदनशील रहते हैं। सैनिक स्कूल से पढ़ाई करने के कारण वे सैनिकों की चुनौतियों एवं समस्याओं से बखूबी परिचित हैं। हाल ही में सेना के लिए अग्निवीर योजना का सबसे पहले विरोध करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि सेना कोई नौकरी करने का स्थान नहीं है बल्कि यह देश की सेवा करने से जुड़ा है। इसलिए सेना के सम्मान एवं मर्यादा को बनाए रखना चाहिए। समाजवादी पार्टी का संगठन समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ पूर्व सैनिकों के अधिकार की लड़ाई ईमानदारी से लड़ रहा है।

चौधरी ने समाजवादी सरकार में कारागार मंत्री रहते 2014 में मेरठ में 1857 प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम की वर्षगांठ आयोजन की स्मृतियों को याद करते हुए सैनिकों के बलिदान को नमन किया।



स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ के अवसर पर
समस्त जनपदवासियों को हार्दिक अभिनन्दन
डा. आलोक मिश्र
अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र
मुसाफिरखाना अमेठी



स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ के अवसर पर
समस्त जनपदवासियों को हार्दिक अभिनन्दन
अनुपम पांडेय
उप निबंधक
मुसाफिरखाना अमेठी

# विभिषिका दिवस मनाना देश के शहीदों की शहादत का अपमान: कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय ने कहा कि आज जब देश को आजादी मिलने के समय को चंद घंटे शेष बचे हैं, तब सैकड़ों सालों की गुलामी तथा लाखों लोगों की कुर्बानी के बाद मिली हुई आजादी की खुशी मनाने के बजाए आरएसएस तथा भाजपा आजादी के 75 वर्ष बाद विभाजन विभिषिका दिवस मना रही है जो देश के शहीदों की शहादत का अपमान है और पूरे स्वतंत्रता संग्राम को गाली देने के समान है।

डॉ. राय ने कहा कि आजादी की लड़ाई के समय जहां कांग्रेस और अन्य स्वतंत्रता सेनानी अपने-अपने तरीके से आजादी की लड़ाई लड़ रहे थे, वहीं आरएसएस एवं उसके संगठन उस लड़ाई में साथ नहीं दे रहे थे। इसलिए उनके लिए आजादी का कोई मूल्य नहीं है।

आजादी की लड़ाई में उनके ऊपर जो कालिख लगी है यह विभिषिका दिवस मनाना उसको ढकने की कोशिश मात्र है। डॉ. राय ने कहा कि आजादी की समय देश में 550 से अधिक देश तथा उनके अलग-अलग राजा और नवाब थे जिनको यह अधिकार था कि वह भारत के साथ रहे, पाकिस्तान के साथ जाएं या स्वतंत्र रहें, उन परिस्थितियों में महात्मा गांधी जी की प्रेरणा से पं. जवाहर लाल नेहरू तथा सरदार पटेल ने 550 से अधिक राजा तथा नवाबों का विलय कराकर आज का भारत बनाया है। जबकि एक सच यह भी है कि दो राष्ट्र सिद्धांत सबसे पहले सावरकर ने दिया था और फिर सिंध विधानसभा में जहां जिन्ना की मुस्लिम लीग और आरएसएस की विचारधारा के लोगों की संयुक्त सरकार थी यह विभाजन का प्रस्ताव पास हुआ था तब आरएसएस ने चुप्पी साधे रखा था। डॉ. राय ने कहा कि आज त्रासदी का नहीं बल्कि शहीदों की शहादत को याद करने कर उनका आभार व्यक्त करने का दिन है और 550 से अधिक देशों को मिलाकर एक देश बन जाने का खुशी मनाने का दिन है।



स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ के अवसर पर
समस्त जनपदवासियों को हार्दिक अभिनन्दन
अशोक शुक्ला - प्रबंधक
एस सी पब्लिक स्कूल
दुर्गापुर रोड खेरौना अमेठी





पायनियर वर्गीकृत

### सूचना

सूचित हो कि मेरी पुत्री का सही नाम खुशी प्रजापति है त्रुटिवश उसके आधार कार्ड सं. 949551049600 में उसके घर का नाम शताक्षी प्रजापति अंकित हो गया है। मेरी पुत्री को उसके वास्तविक नाम खुशी प्रजापति पुत्री मदन प्रजापति के नाम से जाना पहचाना जाए। 3-A बहादुरपुर कुर्सी रोड़ लखनऊ।

### सूचना

सूचित किया जाता है की मेरे पुत्र का नाम उत्कर्ष जोशी है मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण-पत्र पर उसका नाम उत्कर्ष जोशी अंकित है तथा उसके आधार कार्ड पर उसका नाम विराज जोशी अंकित है, यह कि मै अपने पुत्र के आधार कार्ड पर उसका नाम उत्कर्ष जोशी कराना चाहता हूॅ, सूरज जोशी पुत्र राम नरेश जोशी निवासी-538/70क, एकता पुरम, त्रिवेणी नगर-3, निकट शान्ती वाटिका गेस्ट हाउस, निराला नगर, लखनऊ।

### सूचना

सूचित किया जाता है की मेरा नाम तैबुन्निसा है मेरे आधार कार्ड पर मेरा नाम जमीरा अंकित है, तथा अन्य दस्तावेजो पर मेरा नाम खलीला व तैबुन्निसा अंकित है, यह कि मैं तीनो नामो से जानी व पहचानी जाती हूॅ, यह कि मै अपने आधार कार्ड पर अपना नाम तैबुन्निसा कराना चाहती हूॅ, तैबुन्निसा पत्नी फतै मोहम्मद निवासी-धनौरा, गोण्डा, उ.प्र.।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक किता भवन सं0-22/50, रकबा 39.98 वर्गमीटर, स्थित- सेक्टर 22, इन्दिरा नगर, वार्ड लाल बहादुर शास्त्री, लखनऊ की स्वामित्व श्रृंखला का "मूल आवंटन पत्र व विक्रय विलेख पजीकृत दिनाक 05.06.1993 जो कन्हैया लाल ज्ञान चन्दानी द्वारा मोहन के पक्ष में निष्पादित है तथा जो कार्यालय उपनिबंधक लखनऊ में बहीं 1 जिल्द 2115 पृष्ठ 309-326 क्रमांक 3502 पर दिनाकित 05.06.1993 को पंजीकृत है। जो दिनांक 10.08.2024 को लगभग शाम 6 बजे अपूर्वा सिंह से अपने घर से लेखराज चौराहे पर फोटोकापी कराने जाते समय, लेखराज चौराहे पर कहीं खो गया है, उपरोक्त सम्पत्ति अपूर्वा सिंह (वर्तमान स्वामी) से शुभम साहू द्वारा क्रय की जा रही है जो कि पंजाब नेशनल बैंक से लोन के सापेक्ष बन्धक की जायेगी। इसका किसी भी व्यक्ति/संस्था द्वारा प्रयोग पूर्णतः गैरकानूनी व शून्य होगा। यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था को ये विलेख प्राप्त हुये हो तो अधोहस्ताक्षरी को पहुँचा दे अथवा किसी प्रकार की कोई आपत्ति या हित है तो साक्ष्य व दस्तावेजों के साथ इस सूचना के प्रकाशन से 7 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरी से सम्पर्क करे।
**अमित कुमार सिंह राठौर,** अधिवक्ता, पता- चेम्बर 7, यू0जी0एफ0, कृष्णा टावर, चकबस्त रोड, कैसरबाग, लखनऊ। मो0 9559811119

# गन्ना किसान' पोर्टल एवं 'ई-गन्ना एप' प्रणाली की पूरे देश में धूम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गन्ना** एवं चीनी आयुक्त प्रभु एन सिंह ने कहा कि प्रदेश में गन्ना किसानों की सुविधा के लिए विकसित किये गये स्मार्ट गन्ना किसान' पोर्टल एवं 'ई-गन्ना एप' प्रणाली के यूपी माडल की बुधवार को पूरे देश में सरहाना हो रही है। इस प्रणाली की सफलता से प्रभावित होकर भारत सरकार के संयुक्त सचिव के नेतृत्व में महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु राज्य के गन्ना आयुक्तों के साथ एक प्रतिनिधि मण्डल वृहद स्तर पर विश्लेषणात्मक अध्ययन के लिए दो दिवसीय भ्रमण पर उत्तर प्रदेश आया हुआ है। गन्ना एवं चीनी आयुक्त प्रभु एन. सिंह की अध्यक्षता में दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन आज गन्ना किसान संस्थान के सभागार में भारत सरकार एवं अन्य प्रदेशों के प्रतिनिधि मण्डल को 'स्मार्ट गन्ना किसान' पोर्टल के संचालन और कार्य प्रणाली से रूबरू कराते हुए विस्तृत चर्चा की गयी। प्रतिनिधि मण्डल को प्रदेश में सम्पादित गन्ना सर्वेक्षण, बेसिक कोटा, बेसिक सट्टा, गन्ना कैलेण्डरिंग, गन्ना पर्चियों का निर्धारण व निर्गमन, ग्राम स्तरीय सर्वे सट्टा प्रदर्शन, संशोधन, गन्ना आपूर्ति, समिति के नये सदस्य बनाने एवं गन्ना मूल्य भुगतान के ऑनलाइन क्रियान्वयन संबंधी एकीकृत व पारदर्शी व्यवस्था की जानकारी प्रदान की गयी। इसी क्रम में नोडल अधिकारी अपर आयुक्त (समितियां) द्वारा 'स्मार्ट गन्ना किसान पोर्टल' एवं 'ई-गन्ना एप' प्रक्रिया पर विस्तृत प्रकाश डाला और सभी प्रतिनिधि अधिकारियों के प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं का समुचित उत्तर भी दिया गया। भारत सरकार के अश्विनी श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव ने महाराष्ट्र, कर्नाटक एवं तमिलनाडु राज्य के 17 सदस्यीय टीम के साथ 'स्मार्ट गन्ना किसान' प्रोजेक्ट एवं 'ई-गन्ना एप' की प्रक्रिया का सजीव प्रदर्शन को विस्तार से परखा और अन्य प्रदेशों में इस व्यवस्था को लागू करने हेतु प्रेरित किया। प्रतिनिधि मण्डल प्रदेश की गन्ना समितियों द्वारा किसानों को उपलब्ध करायी जा रही डिजिटल एवं पारदर्शी सेवा हेतु समितियों के कार्य प्रणाली की सराहना भी की। समस्त प्रतिनिधियों द्वारा गन्ना आयुक्त कार्यालय में स्थापित 'टोल-फ्री कॉल सेन्टर (24*7)' और आई.टी. सेल का अवलोकन भी किया गया। आगन्तुक सदस्यों ने गन्ना आयुक्त सभागार में 'स्मार्ट गन्ना किसान' प्रोजेक्ट एवं 'ई-गन्ना एप' के प्रस्तुतिकरण से प्रभावित हुए और अपने-अपने प्रदेशों में इसे लागू करने की प्रतिबद्धता भी जताई।

संपूर्ण क्षेत्र वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



किसान सेवा केंद्र
डीजल एवं मोबिल के विक्रेता
वितरक- इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड
नक्टू ,बीजपुर सोनभद्र उत्तर प्रदेश

संपूर्ण क्षेत्र वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



मुकेश जैन
अध्यक्ष व्यापार मडंल डाला
सोनभद्र उत्तर प्रदेश

# केजीएमयू दीक्षांत समारोह 17 को देवांशी कटियार पर मेडल की बारिश

## ● आकांक्षा को मिले सात मेडल, बीडीएस में मोनिका चौधरी को 6 मेडल



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**किंग** जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) का 20वां दीक्षांत समारोह 17 अगस्त यानि शनिवार को मनाया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल शामिल होंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ब्रजेश पाठक और राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह शामिल होंगे। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि संग यूएसए के यूरोलॉजिस्ट डॉ. आशुतोष तिवारी को मानद उपाधि से सम्मानित किया जायेगा।

दीक्षान्त समारोह को लेकर आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान संस्थान की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने बताया कि समारोह के दौरान 15 मेधावियों को सम्मानित किया जाएगा। इसमें सात महिला डॉक्टर्स और आठ पुरुष डॉक्टर्स शामिल हैं। इनमें डॉ. दिव्यांशी कटियार को हीवेट गोल्ड मेडल, यूनिवर्सिटी ऑनर मेडल, चांसलर मेडल के अलावा 10 और मेडल सहित दो बुक प्राइज से सम्मानित किया जाएगा। वहीं एमबीबीएस की छात्रा डॉ. आकांक्षा को डॉ. आरएमएल महरोत्रा मेमोरियल गोल्ड मेडल के अलावा छह मेडल से सम्मानित किया जाएगा। इसी तरह बीडीएस में डॉ. मोनिका चौधरी को डॉ. एचडी गुप्ता मेमोरियल गोल्ड मेडल एंड कैश प्राइज, प्रो. एमएन माथुर गोल्ड मेडल, प्रो. केपी चौधरी गोल्ड मेडल के अलावा दो सिल्वर मेडल और एक ब्रोंज मेडल सहित ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी में डिक्टेंशन के लिए सर्टिफिकेट दिया जायेगा।

### विद्यालय की जमीन पर बनेगा ट्रामा टू

**प्रेस** कान्फ्रेंस के दौरान कुलपति ने बताया कि ट्रामा के सामने विद्यालय की जमीन पर ट्रामा टू सेंटर का निर्माण किया जायेगा। वहीं लारी के पीछे बने ब्लॉक में बेडों की संख्या बढ़ाई जायेगी।

### महिला डॉक्टरों के लिए मुकम्मल व्यवस्था

**पश्चिम** बंगाल की घटना के परिपेक्ष्य में पूछने पर उन्होंने बताया कि महिला डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर मुकम्मल व्यवस्था की जा रही है। उनके परिसर में रूकने से लेकर हॉस्टल तक सुरक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में कदम उठाया जा रहा है।

### डॉक्टर बनना चाहती थी

**डॉ.** दिव्यांशी कटिहार का जन्म कानपुर में हुआ। देहरादून से 12वीं तक पढ़ाई हुई। पिता शिव शंकर कटियार डिस्ट्रिक्ट इंडस्ट्री सेंटर (रिटायर्ड गर्वनर सर्वेंट) और मां सरिता कटिहार गवर्नमेंट कॉलेज में प्रिंसिपल हैं। भाई शांतनु कटिहार यूएस में पढ़ाई कर रहा है। डॉ. दिव्यांशी ने बताया कि बचपन से डॉक्टर बनने का सपना था। मुझे जोड़ कर मेरे पूरे परिवार में कुल नौ डॉक्टर हैं। उन्हें देखकर मेरा मन करता था मैं भी डॉक्टर बनूं। मुझे बहुत खुशी हो रही है कि मेरी मेहनत का फल मुझे मिल रहा है।

### घर की पहली डॉक्टर

**डॉ.** आकांक्षा केजीएमयू के फाइनल ईयर की स्टूडेंट हैं। आकांक्षा के पिता संतोष कुमार, यूपी ग्रामीण सहकारिता बैंक मैनेजर हैं। मां निर्मला देवी गृहणी हैं. आ तीन भाई बहन हैं। आंकाक्षा सबसे बड़ी है। छोटी बहन रिचा आईआईटी रुड़की से बीटेक कर चुकी है। भाई शिवम यूजी की तैयारी कर रहा है। आकांक्षा ने बताया कि मेरा सिविल सर्विसेज में रुझान था, लेकिन अचानक से जिंदगी में बदलाव आया और फिर डॉक्टरी की पढ़ाई में आ गई। पूरे परिवार की पहली डॉक्टर में बनी हूं। माता-पिता, दोस्त व टीचर्स सभी का बहुत सहयोग रहा।

### भविष्य में खोलना है खुद की क्लीनिक

डॉ. मोनिका चौधरी रायबरेली की रहने वाली हैं। उनके पिता जय प्रकाश चौधरी रायबरेली आईटीआई में इंजीनियर और मां रेखा चौधरी गृहणी हैं। मोनिका दो बहनें हैं। बड़ी बहन अनामिका चौधरी बेंगलूर में नियो कंपनी में इंजीनियर हैं। डॉ. मोनिका ने कहा कि कॅरियर पढ़ाई को लेकर घरवालों ने कोई प्रेशर नहीं किया। मैंने जो भी किया अपने मन से किया।

# कोलकाता की घटना के विरोध में विधानभवन जा रहे डॉक्टरों को पुलिस ने लौटाया

**लखनऊ।** कोलकाता में डॉक्टर के साथ हुई बर्बरता के खिलाफ किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के रेजिडेंट डॉक्टरों ने दूसरे दिन भी विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद विधानसभा का घेराव करने जा रहे डॉक्टरों को पुलिस ने सीडीआरआई तिराहे के पास से समझा कर वापस कर दिया। विधानभवन की ओर जा रहे रेजिडेंट डॉक्टर इस दौरान वी वांट जस्टिस, वी वांट सेफ्टी, जैसे नारे लगा रहे थे। रेजिडेंट डॉ. राहुल का कहना है कि जब तक सरकार ऐसी घटनाओं के लिए कड़े नियम नहीं बनाती तब तक प्रदर्शन चलेगा। विधानभवन की ओर कूच कर रहे डॉक्टरों की सूचना मिलते ही मौके पर पहुॅची पुलिस ने किसी प्रकार से समझा बुझा कर वापस कराया।










# विशिष्ट सेवाओं के लिए दो आईपीएस अफसरों सहित चार को राष्ट्रपति पदक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ






**स्वतंत्रता** दिवस के मौके पर उत्तर प्रदेश के दो आईपीएस अफसरों सहित चार पुलिसजनों को विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पदक प्रदान किया जाएगा। जिन अफसरों को यह सम्मान दिया जाएगा उनमें अपर पुलिस महानिदेशक अपराध एसके भगत, अपर पुलिस आयुक्त गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट कल्पना सक्सेना, अभिसूचना मुख्यालय की इंस्पेक्टर सुगन्धा उपाध्याय और चित्रकूट जिले में तैनात सब इंस्पेक्टर रामवीर सिंह शामिल हैं।



स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में लखनऊ विश्वविद्यालय में टैगोर लॉन से शिवाजी क्रीड़ागन तक तिरंगा यात्रा निकालते कुलपति के साथ शिक्षक

## यूपी के 17 पुलिसजनों को वीरता पदक से किया जाएगा सम्मानित

- अतीक अहमद के बेटे व शूटर को मार गिराने वाली एसटीएफ की पूरी टीम को मिलेगा गैलेंट्री अवॉर्ड

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**स्वतंत्रता** दिवस-2024 के मौके पर यूपी के 17 पुलिस कर्मियों को वीरता पदक से सम्मानित किया जाएगा। इन सभी पुलिसकर्मियों को चार-चार अलग अलग घटनाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा। इनमें प्रयागराज के उमेश पाल हत्याकांड के प्रमुख आरोपी व माफिया सरगना अतीक अहमद के बेटे असद और शूटर मोहम्मद गुलाम को 13 अप्रैल 2023 को झांसी में एक एनकाउंटर में मार गिराने वाली एसटीएफ टीम के छह सदस्यों को राष्ट्रपति वीरता पदक प्रदान किया जाएगा। एडीजी कानून-व्यवस्था व एसटीएफ अमिताभ यश ने बताया कि इसी साल 13 अप्रैल को एसटीएफ की टीम ने 5-5 लाख के इनामी असद अहमद और गुलाम को झांसी में मुठभेड़ के दौरान मार गिराया था। माफिया अतीक अहमद के बेटे असद पर उमेश पाल और उनकी सुरक्षा में लगे दो सुरक्षाकर्मियों की हत्या करने का आरोप था। एसटीएफ की टीम में डिप्टीएसपी विमल कुमार सिंह, डिप्टीएसपी नावेंदु कुमार, इंस्पेक्टर घनश्याम कुमार राय, इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह, हेडकांस्टेबल सुशील कुमार और हेडकांस्टेबल सुनील कुमार शामिल थे। जिन्हें गैलेंट्री अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा यूपी एसटीएफ और गाजियाबाद की संयुक्त टीम ने बुलन्दशहर में पुलिस मुठभेड़ में 1 लाख रुपए के इनामी अपराधी मेहरबान को ढेर कर दिया था। उसके खिलाफ 31 मामले दर्ज थे। इस टीम में शामिल इंस्पेक्टर राकेश कुमार सिंह, इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार सिंह, सब इंस्पेक्टर अनिल कुमार और हेडकांस्टेबल हरिओम सिंह को गैलेंट्री अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। इटावा के सिविल लाइन क्षेत्र में 50 हजार के इनामी अपराधी प्रवीण दुबे को मार गिराने वाले सब इंस्पेक्टर जितेंद्र प्रताप सिंह और कांस्टेबल विपिन कुमार को गैलेंट्री अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। बिजनौर जिले के स्योहारा थानाक्षेत्र में पुलिस कस्टडी से फरार हुए ढाई लाख रुपए के इनामी आदित्य राणा उर्फ रवि को पुलिस मुठभेड़ में मार गिराने वाले इंस्पेक्टर राजीव चौधरी, सबइंस्पेक्टर जयवीर सिंह, हेडकांस्टेबल रईस अहमद और कांस्टेबल अरुण कुमार व अजय कुमार को गैलेंट्री अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा।

# पर्यटन विभाग और आईसीआरटी के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में पर्यटन विभाग उप्र और इंटरनेशनल सेण्टर फॉर रिस्पान्सिबल टूरिज्म इंडिया (आईसीआरटी) के बीच पर्यटन भवन में आज समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम, विशेष सचिव पर्यटन ईशा प्रिया, निदेशक पर्यटन प्रखर मिश्रा और आईसीआरटी की हेड मनीषा पाण्डेय उपस्थित थी।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यटकों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि सरकार की ओर से कुशल शासन और सुरक्षा की वजह से संभव हुआ है। प्रशासन ने प्रदेश में भयमुक्त वातावरण दिया, जिससे पर्यटकों की संख्या अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी हुई है। वर्ष 2017 की तुलना में पिछले साल पर्यटकों की संख्या में तीन गुना वृद्धि दर्ज की गयी और इसी अवधि में 48 करोड़ पर्यटकों का प्रदेश में आगमन हुआ। उप्र घरेलू पर्यटन के मामले में पहले स्थान पर बना हुआ है। राज्य सरकार का प्रयास है कि अवस्थापना सुविधाओं को बढ़ाकर विदेशी पर्यटकों के मामले में भी उ0प्र0 तीसरे स्थान से पहले स्थान पर स्थापित किया जाए। जयवीर सिंह ने कहा कि धार्मिक पर्यटन, इको टूरिज्म, एडवेंचर टूरिज्म आदि के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। महाकुंभ-2025 हमारे लिए चुनौती और अवसर दोनों है। महाकुंभ में आने वाले पर्यटकों की हर सुविधा के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, आज का समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर्यावरण की दृष्टि से भी अहम है। आईसीआरटी के प्रयास से ग्रामीण टूरिज्म बढ़ेगा। राज्य सरकार महाकुंभ में अपने सामर्थ्य का प्रचार-प्रसार करके देशी और विदेशी सैलानियों को उप्र आने का वातावरण बनायेगा। इसके लिए अभी से तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। इस अवसर पर अवनीश कुमार अवस्थी ने कहा कि उत्तर प्रदेश टूरिज्म वैश्विक स्तर पर कामयाबी का परचम लहरा रहा है। यह पर्यटन विभाग की नित नई ऊंचाई छूने का प्रमाण है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री के 5 ट्रिलियन डालर की इकोनॉमी के लक्ष्य को पूरा करने में उत्तर प्रदेश अहम भूमिका निभाने को तत्पर है।

# मेनका गांधी की याचिका खारिज, सपा सांसद के निर्वाचन को दी थी चुनौती

- चुनाव याचिका में विलंब माफ करने का अधिकार नहीं: हाईकोर्ट
- सात दिन की देरी से दाखिल की थी याचिका

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**मेनका** गांधी द्वारा सुल्तानपुर से निर्वाचित सपा सांसद राम भुआल निषाद के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने खारिज कर दिया है। पीठ ने पाया कि यह याचिका सात दिन की देरी से दाखिल की गई है। जबकि हाईकोर्ट को निर्वाचन याचिका पर सुनवाई के दौरान विलंब को माफ करने की शक्ति नहीं है।

जस्टिस राजन रॉय की एकल पीठ ने यह आदेश मेनका गांधी की याचिका पर दिया है। पीठ ने बीते पांच अगस्त को इस याचिका पर सुनवाई के पश्चात अपना निर्णय सुरक्षित कर लिया था। पीठ ने पाया कि निर्वाचन याचिका 45 दिन में दाखिल नहीं की गई है। इस पर मेनका गांधी के वकीलों का कहना था कि उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं होने के कारण यह विलंब हुआ है। पीठ ने अपने निर्णय में कहा है कि जन-प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 86 विलंब से दाखिल होने वाली याचिका को खारिज करने का प्राविधान करती है। यह भी कहा है कि परिसीमा अधिनियम के तहत विलंब माफी का प्राविधान उक्त कानून पर लागू नहीं होता। इस याचिका में अन्य पहलुओं के साथ-साथ मुख्य रूप से यह आधार लिया गया था कि राम भुआल निषाद ने नामांकन के समय दाखिल शपथ पत्र में अपने आपराधिक इतिहास से सम्बन्धित जानकारियां छिपाई हैं। उन पर 12 आपराधिक मुकदमे चल रहे हैं। जबकि उन्होंने अपने शपथ पत्र में सिर्फ आठ मुकदमों की ही जानकारी दी है। याचिका में कहा गया था कि गोरखपुर जनपद के पिपराइच थाने के एक व बडहलगंज थाने के दो तथा देवरिया के मदनपुर थाने के एक आपराधिक मुकदमों की जानकारी राम भुआल निषाद ने छिपाई है। याचिका में राम भुआल निषाद का निर्वाचन निरस्त कर मेनका गांधी को निर्वाचित घोषित करने की मांग की गई थी।

### बच्ची से दुष्कर्म की कोशिश में 10 वर्ष की सजा

**लखनऊ (विसं)।** छह वर्ष की बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास करने के मामले में दोषी करार दिए गए अभियुक्त सुनील पासी को पॉक्सो की विशेष अदालत ने 10 वर्ष की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। विशेष जज विजेन्द्र त्रिपाठी ने इस पर 25 हजार रुपए का जुर्माना भी ठोका है। 11 अक्तूबर 2021 को इस मामले की एफआईआर पीड़िता की दादी ने थाना पीजीआई में दर्ज कराई थी। विशेष लोक अभियोजक अभिषेक उपाध्याय व अरुण कुमार के मुताबिक पीड़िता शाम को दुकान गई थी। वहां से अभियुक्त उसे जबरदस्ती बाल विकास के पास खंडहर वाले मकान में ले गया। जहां उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की। इस बीच वहां कई लोग पहुंच गए और वीडियो बनाए। अभियुक्त आपराधिक किस्म का है। इसके ऊपर कई आपराधिक मुकदमे हैं। इससे पीड़िता के परिवार को जान का खतरा है।

HDFC BANK
We understand your world

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, दूसरी मंजिल, एक्सपीरियो बिल्डिंग, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226010।

'परिशिष्ट- 4-A नियम 8 (6) का प्रावधान देखें

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस पढ़ें सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ। इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (एस) और गारंटर (एस) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति बंधक सुरक्षित लेनदार को प्रभारित, संपत्ति केवल प्रतीकात्मक कब्जे के आधार पर नीलाम की जा रही है, जिसका प्रतीकात्मक कब्जा एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। सुरक्षित लेनदार, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है जैसा है' के आधार पर बेचा जाएगा है', और जो कुछ भी है। 27.09.2024 को रुपये की वसूली के लिए। 2,47,88,618/- ओ/एस 13.07.2022 तक एचडीएफसी बैंक लिमिटेड सुरक्षित लेनदार को देय अतिरिक्त ब्याज और शुल्क सहित **(1) मेसर्स गौरी मेडिकेयर प्राइवेट लिमिटेड इसके निदेशक श्रीमती के माध्यम से। शिखा जालान (उधारकर्ता), (2) मेसर्स गिन्नी मेडिकल्स इसकी प्रोपराइटर श्रीमती सरोज देवी जालान (उधारकर्ता) के माध्यम से, (3) श्रीमती शिखा जालान पत्नी श्री पुष्पेश जालान (सह-उधारकर्ता और बंधककर्ता), (4) श्री पुष्पेश जालान पुत्र श्री शंकर लाल जालान (सह-उधारकर्ता), (5) श्रीमती सरोज देवी जालान पत्नी श्री शंकर जालान। आरक्षित मूल्य 1,63,00,000/-रुपये होगा। 16,30,000/-**

**अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण पोर्टेशन प्रॉपर्टी**

पोर्टेशन प्रॉपर्टी का आधा हिस्सा मकान नंबर बी-2/145, विजय खंड गोमती नगर में स्थित लखनऊ, क्षेत्रफल 144.00 वर्ग मीटर (श्रीमती शिखा जालान के स्वामित्व वाली संपत्ति) विस्तृत शर्तों के लिए और बिक्री की शर्तों के लिएए कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट https://www.hdfcbank.com/personal/resources/important-notices में दिए गए लिंक को देखें,

कृपया ध्यान दें:-

(1) संपत्ति एलडीए द्वारा सील की गई है अनधिकृत निर्माण के लिए।

(2) ग्राहक ने सिविल (इंजेक्शन सूट) केस संख्या 2004/2022 दायर किया है, जो वर्तमान में सिविल कोर्ट लखनऊ के समक्ष लंबित है, हालांकि, अभी तक बैंक के खिलाफ कोई रोक नहीं है और अगली लिस्टिंग तिथि 22.08.2024 है।

(3) तृतीय पक्ष श्री कांति भूषण त्रिपाठी ने सिविल (इंजेक्शन सूट) केस संख्या 590/2023 दायर किया है, जो वर्तमान में सिविल कोर्ट लखनऊ के समक्ष लंबित है, हालांकि, अभी और अगले आदेश तक बैंक के खिलाफ कोई रोक नहीं है। लिस्टिंग की तारीख 19.08.2024 है।

**तारीखः- 15.08.2024**
**स्थानः- लखनऊ**

**अधिकृत अधिकारी**
**एचडीएफसी बैंक लिमिटेड।**

# एचटी लाइन की चपेट में आकर दसवीं के छात्र की मौत

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**सिसेंडी** इलाके में पिकअप लोडर से सीढ़ी उतारते समय एचटी लाइन की चपेट में आने से दसवीं का छात्र बुरी तरह झुलस गया। सीएचसी में छात्र को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। उधर सूचना के बावजूद पुलिस के काफी देर से पहुंचने पर परिजनों ने नाराजगी जताई। जबकि ग्रामीणों ने गांव में कुछ जगह लाइन के तार ढीले और लटके हुए होने के भी आरोप लगाए।

मोहनलालगंज के भरोसवा निवासी जयप्रकाश प्राइवेट फॉर्म के केयर टेकर हैं। जबकि उनकी पत्नी कौशल्या आशाबहू हैं। बुधवार को उनका बेटा आकाशदीप फॉर्म हाउस पर ही पिकअप लोडर से सीढ़ी उतार रहा था। तभी सीढ़ी उपर से गुजर रही 11 केवी लाइन से छू गई। हादसे में दसवीं का छात्र आकाशदीप गंभीर रूप से झुलस गया। पिता जयप्रकाश उसे सीएचसी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर ने 3 बजे ही मेमो भेजकर पुलिस को हादसे की जानकारी दी। लेकिन शाम 5 बजे तक भी कस्बे से पुलिस सीएचसी नही पहुंच सकी। लिहाजा तकरीबन 3 घंटे बाद आकाशदीप का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका। उधर बेटे का शव देखकर परिजन बेसुध नजर आए।

वहीं भरोसवा के ग्रामीणों ने फॉर्म समेत कुछ जगह 11 केवी लाइन के तार ढीले और पोल से पोल की दूरी अधिक होने के भी आरोप लगाए। ग्रामीणों ने विभाग से लाइन को तुरंत दुरुस्त कराने की मांग की।

### भारत माता के जयकारे लगाकर ब्लॉक कर्मियों ने निकाली तिरंगा रैली

**मोहनलालगंज।** बीडीओ आशुतोष श्रीवास्तव की अगुवाई में मोहनलालगंज ब्लॉक कर्मियों ने बुधवार को ब्लॉक मुख्यालय से तिरंगा रैली निकालकर लोगों में देशभक्ति का उत्साह जगाया। हाथों में तिरंगा और भारत माता के जयकारे लगा रहे ब्लॉक कर्मियों ने रायबरेली हाईवे से मोहनलालगंज कस्बा होकर वापस ब्लॉक पहुंचकर तिरंगा रैली का समापन किया। उधर एपीओ अमित द्विवेदी और बीडीओ के नेतृत्व में चिनहट ब्लॉक से भी तिरंगा रैली निकाली गई। रैली में शामिल ब्लॉक कर्मियों ने लोगों को घर घर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया।

# आप सांसद संजय सिंह को हाईकोर्ट से फिलहाल नहीं मिली राहत

**लखनऊ (विसं)।** वर्ष 2001 में सुल्तानपुर जनपद में सड़क जाम कर धरना प्रदर्शन करने के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सांसद संजय सिंह को फिलहाल कोई राहत नहीं दी है। पीठ ने उनकी पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई करते हुए पूछा है कि जब निचली अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण से छूट की कोई अर्जी दाखिल ही नहीं किया गया है, तो वो इस राहत की मांग कैसे कर सकते हैं। पीठ ने इस मसले पर सुनवाई के लिए 22 अगस्त की तारीख तय की है। जस्टिस करुणेश सिंह पवार की एकल पीठ ने यह आदेश संजय सिंह की पुनरीक्षण याचिका पर दिया है। संजय सिंह की इस याचिका पर वरिष्ठ वकील सतीश चन्द्र मिश्र ने बहस की। उनका कहना था कि वर्ष 2001 के इस मामले में निचली अदालत द्वारा संजय सिंह को दोषसिद्ध करार देते हुए तीन माह की कारावास की सजा सुनाई थी। जिसके विरुद्ध उन्होंने अपील दाखिल की। सत्र अदालत द्वारा अपील खारिज कर दी गई। सुनवाई के दौरान इस याचिका का अपर शासकीय अधिवक्ता आलोक तिवारी ने विरोध किया। कहा कि अपीलेट कोर्ट ने याचिकाकर्ता को नौ अगस्त को ही निचली अदालत के समक्ष हाजिर होने का आदेश दिया था। लेकिन बिना वहां आत्मसमर्पण किए उसने याचिका दाखिल की है, जो पोषणीय नहीं है। इस पर सतीश चन्द्र मिश्र ने दलील दी कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा विवेक राय मामले में दिए गए फैसले के तहत यह अदालत याचिकाकर्ता को हाजिर होने से छूट प्रदान कर सकती है। हालांकि पीठ ने पाया कि हाजिरी या आत्मसमर्पण से छूट का कोई भी प्रार्थना पत्र पुनरीक्षण याचिका के साथ दाखिल नहीं किया गया है।

**ASIAN FERTILIZERS LTD.**
CIN No. L99999UP1986PLC007621
Regd. Office : Flat No. 202, Preet Garden, "3A/172", Azad Nagar, Kanpur, PIN-208002
Corporate Office : PWD Officer's Colony, Near Sahara Press, Gorakhpur Pin-273009
E-Mail : afl@asianfertilizers.com, investor@asianfertilizers.com, WEBSITE: www.asianfertilizers.com

**STATEMENT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30th JUNE, 2024**
(Rupees in Lakhs)

| S. No. | Particulars | Three Months Ended | | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.06.2024 | 31.03.2024 | 30.06.2023 | 31.03.2024 |
| 1. | Total Income | 1,125.17 | 1,010.24 | 1,300.94 | 5,303.93 |
| 2. | Net Profit before Interest, depreciation, exceptional Items and tax | (22.68) | 2.97 | (35.11) | 52.49 |
| 3. | Net Profit for the period before tax (before Exceptional and Extraordinary items) | (33.23) | (3.52) | (47.46) | 7.74 |
| 4. | Net Profit for the period before tax (after Exceptional and Extraordinary items) | (33.23) | (3.52) | (47.46) | 7.74 |
| 5. | Net Profit for the period after tax (after Exceptional and Extraordinary items) | (35.23) | (2.38) | (41.50) | 4.68 |
| 6. | Total Comprehensive Income for the period | --- | (0.09) | --- | (0.09) |
| 7. | Equity Share Capital (Face value of Rs. 1/- per share) | 790.15 | 790.15 | 790.15 | 790.15 |
| 8. | Basic and Diluted Earning Per Share (of Rs. 1/- each) (Not Annualized*) | | | | |
| | i) Before Extraordinary Items (in Rs.) | (0.45) | (0.03) | (0.53) | 0.06 |
| | ii) After Extraordinary Items (in Rs.) | (0.45) | (0.03) | (0.53) | 0.06 |

**Notes:** (1) The above is an extract of the detailed format of un-audited Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the quarter ended financial results are available on the Stock Exchange websites:- www.bseindia.com and on the Company's website www.asianfertilizers.com.

**for Asian Fertilizers Limited**
**Sd/- Ashok Kumar Matanhelia**
**Managing Director (DIN No. 01763776)**

**Place : Gorakhpur**
**Date : Aug 14, 2024**

# स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में फूड कोर्ट कार्यक्रम का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**टेढ़ी** पुलिया कुर्सी रोड स्थित एनएफसीआई होटल मैनेजमेंट एंड कलिनरी इंस्टीट्यूट लखनऊ शाखा में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में फूड कोर्ट कार्यक्रम का आयोजन किया। छात्रों ने विभिन्न फास्ट फूड स्टॉल लगाकर विविध प्रकार के व्यंजन प्रस्तुत किए। सभी के स्टॉल पर भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिल रही थी। इस मौके पर प्रबन्ध निदेशक एकता श्रीवास्तव ने सभी छात्रों की मेहनत को सराहा और कहा कि इस तरह के आयोजनों से छात्रों में नेतृत्व और टीमवर्क की भावना बढ़ती है। शाखा प्रबन्धक नवज्योत एवं एनएफसीआई लखनऊ की पूरी टीम उपस्थित थी।

इंस्टीट्यूट के प्रांगण में सजे इन स्टॉल्स पर छात्रों ने इंस्टिट्यूट के शेफ से सीखी गई पारंपरिक रेसिपी के साथ-साथ आधुनिक स्नैक्स भी पेश किए। स्टॉल्स में जैसे पकौड़ी, चाय, चाट, चॉकलेट, दही बड़े, मोमोज, बर्गर, लिट्टी के साथ-साथ और भी कई तरह के व्यंजनो को प्रस्तुत किया। प्रत्येक स्टॉल पर छात्रों ने खुद ही व्यवस्थापन और विक्रय की जिम्मेदारी संभाली, जो उनके कौशल और आत्म-निर्भरता का परिचायक था। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को 78वा स्वतंत्रता दिवस के महत्व को समझाना और उन्हें आत्म निर्भर कैसे बना जाए ये सिखाना था। इस पहल ने केवल छात्रों की रचनात्मकता और मेहनत को प्रदर्शित किया।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली गई मोटरसाइकिल रैली

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत बुधवार को छावनी परिषद कार्यालय में अपराह्न 1.30 बजे रैली निकाली गई। इस कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अधिशासी अधिकारी अभिषेक राठौर द्वारा किया गया। इस रैली का शुभारंभ प्रधान निदेशक रक्षा संपदा मध्य कमान भावना सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस रैली में बाइक एवं चार पहिया वाहन शामिल थे। बाइक रैली छावनी परिशद से होते हुए छावनी चिकित्सालय, सदर बाजार, नेहरू रोड, सब्जी मंडी, वाल्मीकि चौराहे से होते हुए छावनी परिषद कार्यालय में समापन किया गया। तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जय के जयकारे लगाते रहे। यात्रा में एन.वी. सत्यनारायण, निदेशक डी.एन. यादव, निदेशक पुष्पेन्द्र सिंह, निदेशक, रक्षा संपदा, मध्य कमान, अभिषेक राठौर, मुख्य अधिशासी अधिकारी, छावनी परिषद लखनऊ, आर.पी. सिंह, उप मुख्य अधिशासी अधिकारी, सदर व्यापार मंडल के अध्यक्ष सतवीर सिंह राजू छावनी परिषद लखनऊ के पूर्व उपाध्यक्ष, पूर्व सभासद तथा छावनी परिषद लखनऊ कार्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

**ज्ञान लाइफ केयर लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालयः- 7/216 (6) स्वरूप नगर (एल.एल.आर. अस्पताल के सामने), कानपुर, उत्तर प्रदेश-208002
सीआईएनः L85100UP2018PLC110119; मोबाइलः 8808051576, वेबसाइटः https://gianlifecare.org/; ईमेलः arunguptagpx@gmail.com

**30.06.2024 को समाप्त तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों का सारांश**

| विवरण | स्टैंडअलोन (रु. लाख में) | | | | समेकित (रु. लाख में) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | तिमाही समाप्ति 30.06.2024 (अलेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्ति 31.03.2024 लेखापरीक्षित | तिमाही समाप्ति 30.06.2023 (अलेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्ति 31.03.2024 लेखापरीक्षित | तिमाही समाप्ति 30.06.2024 (अलेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्ति 31.03.2024 लेखापरीक्षित | तिमाही समाप्ति 30.06.2023 (अलेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्ति 31.03.2024 लेखापरीक्षित |
| कुल आय | 215.25 | 478.71 | 257.32 | 1375.91 | 216.74 | 478.74 | 257.32 | 1378.86 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पूर्व और आपवादिक मद) | 16.51 | 310.8 | 40.44 | 591.21 | 15.09 | 302 | 40.2 | 574.73 |
| कर से पहले की अवधि के लिए शुद्ध लाभ (अपवादात्मक मदों के बाद) | 16.51 | 310.8 | 40.44 | 591.21 | 15.09 | 302 | 40.2 | 574.73 |
| कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ (अपवादात्मक मदों के बाद) | 10.62 | 219.99 | 26.45 | 429.57 | 9.2 | 213.33 | 26.21 | 415.23 |
| अवधि के लिए (कर के बाद शुद्ध) कुल व्यापक आय | 10.62 | 219.31 | 26.45 | 428.89 | 9.2 | 212.65 | 26.21 | 414.55 |
| भुगतान की गई इक्विटी शेयर पूंजी (प्रत्येक का अंकित मूल्य 10 रुपये) | 10341524 | 10341524 | 10341524 | 10341524 | 10341524 | 10341524 | 10341524 | 10341524 |
| आरक्षित निधि (पिछले वर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाए गए पुनर्मूल्यांकन आरक्षित निधि को छोड़कर) | - | - | - | - | - | - | - | - |
| प्रति शेयर आय (प्रत्येक 10 रुपये का) (वार्षिक नहीं) मूलभूत और तरलीकृत | 0.1 | 2.12 | 0.26 | 4.15 | 0.09 | 2.07 | 0.26 | 4.02 |


नोटः
1. कंपनी के उपरोक्त परिणाम की समीक्षा लेखापरीक्षा समिति द्वारा की गई और निदेशक मंडल द्वारा 14-08-2024 को आयोजित उनकी संबंधित बैठकों में अनुमोदित की गई, जिनका कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा ऑडिट किया गया था।
2. पिछली अवधि/वर्ष के आंकड़ों को जहां भी आवश्यक पाया गया है, फिर से समूहीकृत और/या फिर से तैयार किया गया है।
3. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के साथ दायर ऑडिटेड त्रैमासिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। संपूर्ण तिमाही/वर्ष तक का वित्तीय परिणाम स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट - https://gianlifecare.org/ पर उपलब्ध है।

निदेशक मंडल की ओर से
हस्ता/-
अरुण कुमार गुप्ता
प्रबंध निदेशक
डीन- 01331593

स्थानः कानपुर
तिथिः अगस्त 14, 2024

# पश्चिम बंगाल को बांग्लादेश न बनाने दें: डॉ. राजेश्वर सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सरोजनीनगर** से भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने पश्चिम की चर्चित महिला डॉक्टर की बलात्कार और हत्या की घटना को बांग्लादेश में हो रहे महिलाओं पर अत्याचार से जोड़ते हुए ममता बनर्जी सरकार पर तीखा हमला बोला। डॉ. राजेश्वर सिंह ने अपने आधिकारिक एक्स(ट्विटर) पर पोस्ट कर लिखा कि बंगाल को बांग्लादेश की तरह अराजक राज्य न बनने दें!! विधायक ने आगे जोड़ा हाल ही में पश्चिम बंगाल में एक डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या बांग्लादेश में व्याप्त हिंसा की भयावह प्रतिध्वनि है। दोनों क्षेत्र महिला सुरक्षा और सम्मान के गंभीर संकट से जूझ रहे हैं। डॉ. सिंह ने पश्चिम बंगाल में हो रहे जनसांख्यिकी बदलाव की ओर इंगित करते हुए आगे लिखा पश्चिम बंगाल अराजकता की ओर बढ़ रहा है, जो बांग्लादेश की उथल-पुथल को दर्शाता है। हम हिंसा में चिंताजनक वृद्धि और जनसांख्यिकी में महत्वपूर्ण बदलाव देख रहे हैं। 1951 में पश्चिम बंगाल की 78.45 फीसद आबादी हिंदू थी। 2011 की जनगणना के अनुसार, राज्य की 70.54फीसद आबादी हिंदू है। छह दशकों में हिंदू आबादी में 7.91त्न की भारी गिरावट आई है, साथ ही अवैध अप्रवासन में वृद्धि हुई है जो अपराध और सांप्रदायिक तनाव को बढ़ावा देता है। अपने नागरिकों की रक्षा करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में राज्य की अक्षमता बेहद चिंताजनक है।

### परिवर्तन चौक से हजरतगंज चौराहे तक निकाली गई तिरंगा यात्रा

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ की मंशानुरूप देश के युवाओं में राष्ट्र प्रेम की भावना को बनाये रखने के उद्देश्य से आज प्रातः 7 बजे अल्पसंख्यक कल्याण, वक्फ एवं हज राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी के नेतृत्व में परिवर्तन चौक से हजरतगंज चौराहा (अटल चौक) तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में लखनऊ में संचालित मदरसों के लगभग 10 हजार छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। दानिश आजाद अंसारी ने इस अवसर पर कहा कि तिरंगा यात्रा ने शहर में देशभक्ति का एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। इससे नागरिकों में देशभक्ति की भावना जगती है। मदरसे के बच्चों द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा ने पूरे शहर को देशभक्ति के जज्बे से भर दिया है। उन्होंने इस अवसर पर तिरंगा यात्रा को देखने के लिए उपस्थित लोगों का धन्यवाद किया।

# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस संगोष्ठी व मौन जलूस में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बुधवार को आगरा में आयोजित विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस संगोष्ठी तथा मौन जलूस में शामिल हुए। इससे पूर्व उपमुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। तत्पश्चात उपमुख्यमंत्री श्री मौर्य विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आयोजित संगोष्ठी एवं प्रदर्शनी स्थल, सूर सदन प्रेक्षागृह, संजय पैलेस पहुंचे, जहां उपस्थिति जन समुदाय ने भारत माता की जय व वंदेमातरम के जयघोष के साथ उपमुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपना सम्बोधन भारत माता की जय के नारे के साथ करते हुए कहा कि संपूर्ण भारत देश व उत्तर प्रदेश का कोई ऐसा शहर नहीं है जिसमें विभाजन के बाद पाकिस्तान, बांग्लादेश से अपना घर, परिवार, व्यापार, खेत खलिहान छोड़कर शरणार्थी न आए हों। उन जगहों से भारत की सीमा तक आने तक उनकी जान माल की कोई गारंटी नहीं थी, कितने बच्चे अनाथ हुए परिवार उजड़े। उप मुख्यमंत्री ने उपस्थिति लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि वे प्रांगण में लगी विभाजन की चित्र प्रदर्शनी को जरूर देखें, जिसमें दिखाया गया है कि हम सभी के पुरखों ने क्या क्या यातनाएं सही हैं, इतिहास में दर्ज आजादी के संघर्ष के पन्ने देखें, उसमें पता चलेगा कि 30 करोड़ हिन्दुओं को किसी ने भी नहीं पूछा कि वे विभाजन चाहते हैं या अखंड भारत।

# किसी विभीषिका से कम नहीं था देश का विभाजन: जिलाधिकारी

**● डीएम की अध्यक्षता में हुआ विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन**

**संवाददाता।** अंबेडकर नगर




**जिलाधिकारी** अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे, अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष त्र्यंबक तिवारी, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ एमएलसी, जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी, भाजपा जिला अध्यक्ष द्वारा मां भारती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके उपरांत विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाया गया।

कार्यक्रम शुभारंभ के पूर्व विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस के संबंध में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के उद्बोधन का लाइव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में दिखाया गया। विभाजन विभीषिका से संबंधित अभिलेख प्रदर्शनी का भी आयोजन कलेक्ट्रेट परिसर में किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित समस्त अधिकारी ,कर्मचारी, विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओ द्वारा त्रासदी के दौरान प्राणोत्सर्ग करने वाले लोगों की याद में 2 मिनट का मौन श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस के सम्बन्ध में नाटक, भाषण तथा गीत प्रस्तुत किया गया। विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई । बच्चों के मनमोहक एवं आकर्षक प्रस्तुतियों पर जिलाधिकारी द्वारा पुरस्कार राशि भी प्रदान की गई।

विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस के संबंध में जिलाधिकारी अपने उद्बोधन में कहा कि देश का विभाजन किसी विभीषिका से कम नहीं था। भारत के लाखों लोगों ने बलिदान देकर आजादी प्राप्त की थी, ऐसे समय पर देश का दो टुकड़ों में बंट जाने का दर्द लाखों परिवारों में एक गहरे जख्म की तरह घर कर गया है। इसी समय बंगाल का भी विभाजन हुआ। इसमें बंगाल के पूर्वी हिस्से को भारत से अलग कर पूर्वी पाकिस्तान बना दिया गया था, जो कि सन् 1971 में बांग्लादेश के रूप में एक स्वतंत्र राष्ट्र बना। भारत के इस भौगोलिक बंटवारे ने देश के लोगों को सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक तथा मानसिक रूप से झकझोर दिया था। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस% हमें न सिर्फ भेद भाव, वैमनस्य एवं दुर्भावना को खत्म करने की याद दिलायेगा बल्कि इससे एकता, सामाजिक सद्भाव और मानव सशक्तिकरण की प्रेरणा मिलेगी।

एमएलसी ने अपने उद्बोधन में कहा कि विभाजन विभीषिका मनाने का मूल उद्देश्य-जिन लोगों ने अपने प्राणों की आहुति दी। जिन लोगों का नरसंहार हुआ, उन्हें याद करना व नमन करना हैं। विस्थापितों ने जो पीड़ा झेली, उनकी पीड़ा को याद कर सीखने का दिन है। ऐसी त्रासदी देश में दोबारा देखने को न मिलें। देश में रहने वाला हर एक नागरिक इस त्रासदी से परिचित हो। उन्हें भविष्य में ऐसी त्रासदी झेलनी न पड़ें।

भाजपा जिला अध्यक्ष ने अपने संबोधन में बताया कि आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया जा रहा है, ये दिन भारत और पाकिस्तान के बंटवारे की याद में मनाया जाता है। आज ही के दिन 14 अगस्त 1947 की तारीख को देश के इतिहास में आंसुओं से लिखी गई। यही वह दिन था, जब देश का विभाजन हुआ और 14 अगस्त 1947 को पाकिस्तान तथा 15 अगस्त, 1947 को भारत को एक पृथक राष्ट्र घोषित कर दिया गया।इस विभाजन में न केवल भारतीय उप-महाद्वीप के दो टुकड़े किये गये, बल्कि बंगाल का भी विभाजन किया गया और बंगाल के पूर्वी हिस्से को भारत से अलग करके पूर्वी पाकिस्तान बना दिया गया, जो 1971 के युद्ध के बाद बांग्लादेश बना।

उक्त स्मृति दिवस कार्यक्रम में विभाजन विभीषिका से प्रभावित विस्थापित परिवारों के परिजन भी सम्मिलित हुए तथा उनके द्वारा अपने अनुभवों को साझा किया गया इस दौरान प्रभावित परिवार के परिजन समाजसेवी धर्मवीर बग्गा ने विभाजन के दौरान अपने पूर्वजों की स्थिति एवं उससे उनके परिवार पर आने वाली विभीषिका से अवगत कराया गया।

# एनसीआर के खिलाड़ियों ने जीते रेलवे एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पदक



**प्रयागराज।** रायबरेली में आयोजित 89 वीं आल इंडिया रेलवे एथलेटिक्स चैपियनशिप 2024 में उत्तर मध्य रेलवे की टीम ने कुल 06 पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में अजीत कुमार ने पांच हजार मीटर दौड़ में 14 मिनट 38 सेकेण्ड 57 नैनो सेकेण्ड का समय और 1500 मीटर दौड़ में 03 मिनट 45 सेकेण्ड का समय लेते हुए द्वितीय स्थान ग्रहण किया। रमनदीप कौर ने 35 किलोमीटर पैदल चाल में 03 घंटे 17 मिनट 03 सेकेण्ड का समय लेते हुए द्वितीय स्थान ग्रहण किया। धीरेन्दर यादव ने पोलवाट में 4.50 मीटर की छलांग लगाकर तृतीय स्थान ग्रहण किया। भूपेन्दर सिंह ने ऊंची कूद में 7.64 मीटर की छलांग लगा कर तृतीय स्थान ग्रहण किया। ऐजाज अहमद ने हैमर थ्रो में हैमर को 54.25 मीटर फेक कर तृतीय स्थान ग्रहण किया। उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ के अध्यक्ष अनूप कुमार अग्रवाल तथा उपाध्यक्ष उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ बी पी सिंह ने टीम के खिलाड़ियों को हासिल की गई शानदार उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए आगे बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक हिमांशु बडोनी ने कहा कि यह प्रयागराज मंडल के लिए गर्व का विषय है।

# इफको फूलपुर: किसानों के स्वामित्व वाली संस्था

**प्रयागराज।** इफको, उर्वरक के निर्माण और विपणन में लगी एक बहु-राज्य सहकारी समिति है, जिसे वर्ष 1967 में केवल 57 भारतीय सहकारी समितियों द्वारा भारतीय किसानों की बेहतरी और देश के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। वर्तमान में, इफको देश भर में 35,000 से अधिक सहकारी समितियों के माध्यम से 5 करोड़ किसानों से सीधे जुड़ा हुआ है। पिछले 57 वर्षों से, इफको उत्कृष्ट तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ एक ही छत के नीचे अच्छी गुणवत्ता वाले कृषि इनपुट प्रदान करके किसानों की जरूरतों को पूरा कर रहा है और इस प्रकार उन्हें हर कदम पर सशक्त बना रहा है। इफको देश भर में अपनी पांच अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधाओं से सालाना लगभग 9.6 मिलियन मीट्रिक टन उर्वरक का उत्पादन करती है, जो भारत के फॉस्फेटिक उर्वरकों का लगभग 32 प्रतिशत और नाइट्रोजन उर्वरकों का 21 प्रतिशत का योगदान देता है।

# द्वेषपूर्ण व्यवहार छोड़ प्रेम का संदेश फैलाएं: कुलपति



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के समाज विज्ञान विद्या शाखा के तत्वावधान में बुधवार को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर सरस्वती परिसर स्थित लोकमान्य तिलक शास्त्र सभागार में विभाजन विभीषिका से संबंधित अभिलेख पुस्तक प्रदर्शनी एवं भारत पाकिस्तान विभाजन विभीषिका से जुड़ी डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन लोकमान्य तिलक शास्त्र सभागार में किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो सत्यकाम ने कहा कि आज हमें यह प्रण लेना चाहिए कि हम अपने अंदर नफरत का भाव नहीं रखेंगे। हमें इतिहास से सबक लेकर द्वेषपूर्ण व्यवहार को त्याग कर प्रेम का संदेश फैलाना होगा। सभी लोग देश के विकास के लिए भाईचारा बढ़ाएं। कुलपति का स्वागत संयोजक प्रोफेसर एस कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने किया। इससे पूर्व मानविकी विद्या शाखा के तत्वावधान में विश्वविद्यालय परिसर में तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई। जिसका नेतृत्व कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने किया। इस अवसर पर रैली में शामिल लोग देशभक्ति से ओत प्रोत नारे लगाते रहे।

# नुक्कड़ नाटक के द्वारा समझाया स्वाधीनता का महत्व

**● गुरुकुलम स्कूल के विद्यार्थियों ने किया स्वाधीनता का महत्व विषय पर नाटक का मंचन**

**संवाददाता।** चन्दौली



**गुरुकुलम** स्कूल की स्थापना का उद्देश्य ही भारतीय प्राचीन सभ्यता व संस्कृति के अस्मिता को संरक्षित व सुसज्जित करने का रहा है। वाराणसी क्षेत्र में स्थित द गुरुकुलम स्कूल पॉवर्ड बाय फिजिक्स वाला के विद्यार्थियों द्वारा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के परिसर में अवस्थित काशी विश्वनाथ मन्दिर प्रागंण में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर स्वाधीनता का महत्व विषय पर आधारित देश-भक्ति की भावना से ओत-प्रोत एक महत्वपूर्ण नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वाधीनता के वास्तविक महत्व को समझाते हुए यह बोध कराया गया कि स्वाधीनता शब्द ही हम हिन्दुस्तानियों के लिए हजारों-लाखों बलिदानों का एक जीवन्त दस्तावेज है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के चीफ प्राक्टर प्रो0 शिव प्रकाश सिंह व गुरुकुलम स्कूल के एच.ओ.डी ऑफ इंग्लिश डिपार्टमेंट राजश्री शिवांशु मिश्रा मौजूद रहें।

मुख्य अतिथि प्रो0 शिव प्रकाश सिंह ने अपने उद्बोधन के दौरान आजादी के मूल्यों पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए बताया कि स्वतंत्रता केवल औपनिवेशिक शासन से मुक्ति नहीं है, बल्कि लोकतंत्र, एकता और प्रगति के मूल्यों को बनाए रखने की जिम्मेदारी भी है। श्री सिंह ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों को याद दिलाते हुए सभी, विशेष रूप से युवाओं से, जिम्मेदार नागरिक बनकर राष्ट्र की उन्नति में योगदान करने का आह्वान किया।

उनके शब्दों ने स्वतंत्रता की वर्तमान समय में महत्ता को रेखांकित किया और भारत के बेहतर भविष्य के निर्माण में इसकी भूमिका को उजागर किया। श्री सिंह ने समाज में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के महत्वपूर्ण मुद्दे पर बात की। उन्होंने महिलाओं के लिए सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करने में सामूहिक जिम्मेदारी की आवश्यकता पर जोर दिया और शिक्षा और समान अवसरों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम के समापन पर धन्यवाद ज्ञापन करते हुए विद्यालय के एच.ओ.डी ऑफ इंग्लिश डिपार्टमेंट राजश्री शिवांशु मिश्रा ने बताया कि बच्चों द्वारा अपने नाटक के माध्यम से दिये गये संदेश निश्चित रूप से लोगों के भीतर स्वतंत्रता के मूल्यों व महत्वों के प्रति सजग व सशक्त बनायेगी। आज का यह कार्यक्रम आम जनमानस की भावना से उपर उठ कर राष्ट्र भावना के मूल्यों को परिलक्षित करने में अवश्य ही सक्षम होगा।

इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक का मंचन करने वाले विद्यार्थी - चैतन्य पुरोहित, अमिताभ, सुहानी, सृष्टि, आयुषी, अर्पिता, सुकन्या, जान्वी, इशिता, श्लोक शमा खान आदि ने सहभाग किया। इस दौरान द गुरुकुलम स्कूल से रीजनल मैनेजर प्रकाश मौर्या, दिव्या मिश्रा पीजीटी म्यूजिक डिपार्टमेंट, एसोसिएट साक्षी प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

# सीएचसी पर तैनात चिकित्साधिकारी की पत्नी की संदिग्ध स्थितियों में मौत

**अम्बेडकरनगर।** जिले के बसखारी थाना इलाके के बसखारी सीएचसी पर तैनात चिकित्साधिकारी की पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच में जुट गई। मौके पर सीओ सिटी देवेंद्र कुमार ने पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया।

मिली सूचना के अनुसार बसखारी थाना इलाके के बसखारी सीएचसी पर तैनात चिकित्साधिकारी डॉ प्रशांत सिंह अपनी 26 वर्षीय पत्नी सुधा स्वाति के साथ आवास में रहते थे। स्वाति बसखारी में डेंटल की क्लिनिक चलाती थी। बताया जाता है कि बीती मंगलवार देर रात अचानक उनकी पत्नी स्वाति की तबियत खराब होने पर परिजनों द्वारा उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतका के चाचा विजय समीर के तहरीर के आधार पर डॉ प्रशांत सिंह सहित उनके पिता, मां और उनके भाई एवं अन्य के खिलाफ दहेज हत्या,पति द्वारा क्रूरता एवं अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। उधर परिजनों ने दहेज और मारपीट तथा उत्पीड़न का आरोप लगाया है।

प्रभारी निरीक्षक संतकुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। घटना के बावत अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है पोस्टमार्टम की वीडियो ग्राफ़ी कराई जाएगी, फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है, सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विधिक करवाई की जा रही है।

# शोध एवं नवाचार के लिए मुक्त विश्वविद्यालय एवं डायट के बीच हुए एमओयू पर हस्ताक्षर

**संवाददाता।** प्रयागराज



**उत्तर** प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सफल क्रियान्वयन शोध एवं नवाचार हेतु स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम की उपस्थिति में कुलसचिव कर्नल विनय कुमार तथा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज के प्राचार्य उप शिक्षा निदेशक राजेंद्र प्रताप के मध्य एक समझौता ज्ञापन एमओयू हस्ताक्षरित किया गया।

इस समझौता ज्ञाप एमओयू का उद्देश्य परस्पर सहमति से दोनों शैक्षणिक संस्थानों के मध्य पारस्परिक सहचार्य से शोध एवं शैक्षिक क्रिया कलापों एवं विचारों का राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सन्दर्भो में आदान प्रदान संकाय सदस्यों के शोध कौशल विकास हेतु विभिन्न प्रशिक्षणों शिक्षण अधिगम की विधाओं का आदान प्रदान शिक्षण अधिगम की सामग्रियों का आदान प्रदान प्रशिक्षण साहित्य का आदान प्रदान तथा क्रियात्मक शोध बिन्दुओं बालिका शिक्षा संवर्धन गुणवत्ता पूर्ण सतत एवं समावेशी शिक्षा का सृजन इत्यादि है।

जनसंपर्क अधिकारी डॉ प्रभात चन्द्र मिश्र ने बताया कि इस बात पर भी सहमति बनी कि भविष्य में एनईपी 2020 के सफल क्रियान्वयन हेतु समेकित शिक्षक प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रमों पर संकाय सदस्यों की अभियोग्यताओं का आदान प्रदान शोध तथा नवाचार के क्षेत्र से संबंधित कार्यशाला का आयोजन डाटा संकलन के साथ साथ शोध प्रक्रिया संपादन से संबंधित गतिविधियों का आयोजन सम्मलित होगा। डॉ मिश्र ने बताया कि कुलपति प्रो सत्यकाम ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि सतत एवं समावेशी शिक्षा के सृजन हेतु बालिका शिक्षा संवर्धन पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# डीएम ने तिरंगा यात्रा बाईक रैली को दिखाई हरी झण्डी



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर से जिला पंचायतराज विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा बाईक रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। तिरंगा बाईक रैली कलेक्ट्रेट परिसर से मनमोहन चौराहा म्योहाल महाराणा प्रताप चौराहा लोकसेवा आयोग चौराहा कम्पनीबाग होते हुए बालसन चौराहा आनन्द भवन बैंक रोड़ चौराहा लक्ष्मी टॉकीज चौराहा विकास भवन परिसर में संपन्न हुई। तिरंगा बाईक रैली का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना को जागृत करते हुए स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है।

# शहर के बीचों बीच खुला अमूल का नया काउंटर




**गाजीपुर।** जनपद में शहर के बीचों बीच स्थित लोकप्रिय मल्टीप्लेक्स एन0 वाई0 सुहासिनी मल्टीप्लेक्स सिनेमाहाल के परिसर में बुधवार को अमूल के नए रिटेल काउंटर सुहासिनी आइसक्रीम पार्लर का उद्घाटन अमूल के वाराणसी मंडल के शाखा प्रबन्धक अजय सिंह के हाथों दीपप्रज्वलन तथा फीता काट कर दोपहर 2 बजे हुआ। नए खुले इस रिटेल काउंटर - सुहासिनी आइसक्रीम पार्लर में अमूल ब्रांड के सभी खाद्य व दुग्ध पदार्थों का विक्रय किया जायेगा। उनके काउंटर में दूध, दही,मठ्ठा, छाछ, मक्खन,पनीर,स्नैक्स आदि के साथ साथ अमूल के सभी प्रकार के आइसक्रीम उपलब्ध रहेंगे। राखी त्यौहार के उपलक्ष्य बेहद ही किफायती दर पर उपहार तथा रसगुल्ला, पेड़ा अदि शुद्ध मिठाईयां भी काफी किफायती दरों पर उपलब्द्ध है। उन्होंने बताया कि वतर्मान समय में उनकी कंपनी ग्राहकों के सेहत के प्रति वचनबद्ध है और यही कारण है चाहे बात आइसक्रीम की हो या फिर अन्य दुग्ध पदार्थों की, अमूल शुद्धता के प्रति सदा से सचेत रही है। यह उनके लिए हर्ष की बात है कि प्रात: 05 बजे से रात्रि 01 बजे तक खुलनेवाला जनपद का यह पहला आउटलेट है(

# बांझपन का कलंक मिटा सकती है आईवीएफ तकनीक: डॉ मिश्रा



**प्रयागराज।** आइडियल होम्योपैथिक वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन प्रयागराज और आयुष डॉक्टर्स की एक संयुक्त वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन रामबाग स्थित एक होटल में बुधवार को किया गया। जिसमें शहर के वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ सुधा निधि मिश्रा ने बांझपन यानि इनफर्टिलिटी के बढ़ते मामलों पर व्याख्यान दिया। जीवन शैली में आधुनिक परिवर्तन से इसके केस लगातार बढ़ते जा रहे हैं। डब्ल्यूएचओ के अनुसार प्रत्येक छह में से एक कपल अपने जीवन काल में किसी न किसी रूप में बांझपन का शिकार है। आधुनिक मेडिकल साइंस एवं आयुष चिकित्सा पद्धति से इलाज कराने पर भी घर में किलकारी ना गूजें तो आईवीएफ का सहारा लेना चाहिए। आईवीएफ प्रक्रिया जटिल जरूर होती है लेकिन धैर्य के साथ विश्वास पूर्वक इलाज कराने से सफलता के अवसर बढ़ जाते हैं। आईवीएफ यानी टेस्ट ट्यूब बेबी तकनीक आधुनिक समय में किसी वरदान से कम नहीं है। महाभारत काल में भी कंस की हत्या से बचने के लिए माता देवकी के सांतवे गर्भ को योग माया विद्या से नन्द की दूसरी पत्नी के गर्भ में स्थानांतरित किया गया था जिसके फलस्वरुप संकर्षण बलराम का जन्म हुआ था।रामायण काल में भी दशरथ के तीन रानियों से कोई पुत्र न होने पर महर्षि श्रृंगी ऋषि के नेतृत्व में पुत्र कामेष्टि यज्ञ के फल स्वरुप दशरथ के चार पुत्र पैदा हुए थे। शहर के अन्य अनुभवी चिकित्सकों ने अपने अपने अनुभव साझा किये।

# विभाजन की विभीषिका को जानें आने वाली पीढ़ियां: दयाशंकर सिंह

**● मंत्री दयाशंकर सिंह ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर सूचना विभाग की प्रदर्शनी का किया अवलोकन**

**संवाददाता।** गाजीपुर



**विभाजन** विभीषिका स्मृति दिवस अवसर पर भाजपा द्वारा बुधवार को जिला पंचायत सभागार में विचार गोष्ठी कर विभाजन के बाद हुई विभिषिका में कई लाख हताहत लोगों (महिलाओं,बच्चों और नौजवानों) को श्रद्धांजलि अर्पित किया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि देश के विभाजन के बाद हिन्दुओं के साथ हुई विभिषिका बूनियादी रूप से मानव विस्थापन और जबरदस्ती पलायन की दुखद कहानी है। देश की आजादी से पहले धार्मिक आधार पर बंटवारा के बाद हिंदूओं पर भारी अत्याचार हुआ। आजादी की खुशीयों को दु:ख में बदलने का प्रयास किया गया।

उस असहनीय पीड़ा भरी विभिषिका से हमें सीख लेकर देश की एकता और अखंडता को अच्छुण रखते हुए वर्तमान और आने वाली पिढ़ीयों को इसे बताने और स्मरण कराने की जरूरत है। मा मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि 2014 से पहले की सरकारों मे भारत-पाकिस्तान झगड़े के समय वार्ता होती थी। लेकिन आज उल्टा है एक गोली के जवाब में 10 गोलियां चलाई जा रही है, क्योंकि यह राष्ट्रवादी सरकार है जिन लोगों ने हमारे ऊपर अत्याचार किया पूर्व की सरकारों मे उनकी ही प्रशंसा होती रही। आज हमारे संकल्प का दिन है हम ऐसे राष्ट्रभक्त तैयार करेंगे जो देश की एकता अखंडता को बनाए रखने के लिए काम करेंगे,आजादी के महत्व और आजादी के लिए दिए गए बलिदान और संघर्षों को आने वाली पीढ़ियां को बताना होगा।

उन्होंने कहा कि आज हम सभी के सपने भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार हो रहा है उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण का प्रभाव यह रहा है कि आज कश्मीर से पलायन करने वाले हिंदू वहां स्थापित नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद की जनगणना में लगातार हिंदू अल्पसंख्यक और अल्पसंख्यक बहुसंख्यक होते जा रहे हैं। हमारी जनसंख्या कम होती जा रही है उनकी संख्या बढ़ती जा रही है।

उन्होंने कहा कि आज बंग्लादेश में उस विभिषिका को दोहराया जा रहा है। पूर्व जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने कहा कि भारत आज आजादी का अमृत कल मना रहा है। आजादी के बाद बंटवारे के दौरान हुई विभिषिका का दर्द जो भारत ने झेला था उसका स्मरण की प्रासंगिकता और बढ़ गई है।

नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने विभाजन के दौरान ट्रेन के शौचालय में जान बचाकर भारत आए अपने पिता की सुनाई बातों को गोष्ठी में रखते हुए सबकी आंखों को नम कर दिया। गोष्ठी का समापन जिला अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों के प्रति आभार धन्यवाद तथा विभिषिका के दौरान अपनी जान गंवा चुके लोगों को स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि देकर किया। गोष्ठी को बृजेंद्र राय, पूर्व विधायक शिवपूजन राम, कालीचरण राजभर आदि ने भी सम्बोधित किया। इसके बाद जिलाधिकारी कार्यालय के सामने से उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह, जिला अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, कृष्ण बिहारी राय, भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में मौन जुलूस निकाला गया।

गाजीपुर। 14 अगस्त 1947 को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर जिला सूचना कार्यायल द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन रायफल क्लब परिसर मे किया गया। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश दयाशंकर सिंह ने रायफल क्लब परिसर में पहुचकर विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मा0 मंत्री लगभग अपरान्त 03:15 बजे रायफल क्लब परिसर में पहुंचे।

# रोजगार मेला व ऋण मेला संबंधी तैयारियों का अधिकारियों ने लिया जायज़ा

**संवाददाता।** अंबेडकर नगर



**आयुक्त** अयोध्या मंडल अयोध्या गौरव दयाल, पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या मंडल अयोध्या प्रवीण कुमार तथा जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ की उपस्थित देव इंद्रावती पीजी कॉलेज कटेहरी में आयोजित होने वाले जनपद स्तरीय रोजगार मेला, वृहद ऋण मेला के तैयारियों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा 17 अगस्त 2024 को आयोजित होने वाले जनपद स्तरीय रोजगार मेला, बृहद ऋण मेला के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मेले की संपूर्ण तैयारी पूर्व से ही सुनिश्चित की जाए।मेले में साफ सफाई की व्यवस्था, मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था तथा अन्य व्यवस्थाओं को गंभीरता से लेते हुए सुनिश्चित करें।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा आयुक्त को जनपद स्तरीय रोजगार मेला एवं वृहद ऋण वितरण मेला के सफल आयोजन हेतु जिला प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारी से अवगत कराया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि देव इंद्रावती महाविद्यालय कटेहरी अंबेडकरनगर में जिला प्रशासन द्वारा 17 अगस्त आयोजित किए जा रहे जनपद स्तरीय रोजगार मेला,

बृहद ऋण वितरण मेला एवं टैबलेट, स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में जनपद के युवाओं को रोजगार का सुनहरा अवसर है। इस रोजगार मेले में बड़ी संख्या में प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी, जिसमे जनपद के इंटरमीडिएट उत्तीर्ण, आईटीआई, डिप्लोमा आदि डिग्री धारकों को रोजगार का अवसर प्रदान होगा। रोजगार मेले में अधिक से अधिक युवाओं को सम्मिलित करने के उद्देश्य से उप जिलाधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी को गांव-गांव तक इसके व्यापक प्रचार प्रसार हेतु निर्देशित किया गया है। रोजगार मेले में सम्मिलित होने वाले युवाओं को तथा विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित होने वाले नागरिकों को मेला में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की दृष्टिगत संबंधित विभाग के अधिकारियों को तैनात किया गया है।


पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 15 अगस्त, 2024



## सकारात्मक कदम

### कृषि को लाभ

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** द्वारा जलवायु-प्रतिरोधी बीज जारी करने तथा अच्छे मानसून से कृषि को लाभ होने की उम्मीद है। भारत में खेती अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है और उसे इस मानसून में दो अच्छी खबरों से लाभ होगा। मौसम के सामान्य या सामान्य से अधिक होने के अनुमान के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में 109 जलवायु-प्रतिरोधी बीजों की किस्में जारी करने की घोषणा की है। इससे देश के किसानों का भविष्य पहले के किसी भी समय की तुलना में उज्जवल नजर आ रहा है। इस घटनाक्रम से न केवल कृषि को काफी बढ़त मिलेगी, बल्कि मुद्रास्फीति का दबाव भी घटेगा जो नीति निर्माताओं तथा आम जनता की चिन्ता का विषय बनी रहती है। भारत में कृषि विकास के लिए अच्छा मानसून जरूरी है। 'इंडिया रेटिंग्स' के अनुसार वित्त वर्ष 25 में यह वृद्धि 4.3 प्रतिशत होगी जो वित्त वर्ष 24 में 1.4 प्रतिशत है। मानसून खाद्य सप्लाई बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है, इससे उपभोक्ताओं की मांग पूरी होती है तथा खाद्यान्नों की कीमतें स्थिर रखने में सहायता मिलती है। इसके साथ ही अच्छा मानसून ग्रामीण आय बढ़ाने में सहायक होता है जिससे 'फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स'-एफएमसीजी की मांग बढ़ सकती है। मानसूनी बरसात भारतीय कृषि व खासकर खरीफ फसलों के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है जिनमें धान, मक्का और दालों जैसी फसलें शामिल हैं। भारत की लगभग 60 प्रतिशत कृषि वर्षा आधारित है, ऐसे में अच्छा मानसून अच्छी फसलों की गारंटी होता है। इस वर्ष सामान्य से औसत से अधिक मानसून ने बहुत अच्छे खरीफ मौसम की उम्मीद जगाई है। अच्छे मानसून से खर्चीली सिंचाई में कमी आती है जिससे किसान निवेश खर्च में बचत कर सकते हैं। इसके परिणामस्वरूप ग्रामीण आय में वृद्धि की उम्मीद है। इससे गांवों और छोटे कस्बों में उपभोक्ताओं की मांग बढ़ेगी जो देश की आर्थिक प्रगति के लिए महत्वपूर्ण संचालक है।



इस आशाजनक परिदृश्य में प्रधानमंत्री मोदी ने 109 जलवायु-प्रतिरोधी बीज किस्में जारी की हैं जो भारत का कृषि भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इन बीजों को खासतौर से जलवायु परिवर्तन के कारण सामने आ रही चुनौतियों से निपटने के लिए विकसित किया गया है जिसमें अनियमित बरसात, लंबा सूखा तथा बढ़ता तापमान शामिल हैं। फसल की मजबूती बढ़ा कर ये बीज खराब मौसम स्थितियों में भी स्थिर पैदावार सुनिश्चित करने में अपनी भूमिका निभा सकते हैं। ये बीज अग्रगामी पहल रेखांकित करते हैं जो सरकार की व्यापक कृषि रणनीति के अनुरूप है। इसमें टिकाऊपन तथा आत्मनिर्भरता पर जोर दिया गया है। उम्मीद है कि इन बीजों से मौसम के बदलाव से भी फसलों का ज्यादा नुकसान नहीं होगा, किसानों को एक सुरक्षा संजाल मिलेगा तथा खाद्यान्न उत्पादन स्थिर रखने में सहायता मिलेगी। इससे खाद्यान्न सप्लाई में और निरंतरता सुनिश्चित होगी। हालिया वर्षों में खासकर खाद्य वस्तुओं की कीमत में उतार-चढ़ाव से पैदा मुद्रास्फीति भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए चिन्ता का विषय रही है। अच्छे मानसून तथा जलवायु-प्रतिरोधी बीजों को स्वीकार करने से उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। इनमें खासकर गरीब लोग शामिल हैं जो खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों से सर्वाधिक प्रभावित होते हैं। अपने दूसरे कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों की आय दूनी करने का वादा किया था जो उस समय चुनौतीपूर्ण लगता था। लेकिन अब यह लक्ष्य पहुंच में आता दिख रहा है। अच्छी बरसात और प्रतिरोधी बीज किस्मों का प्रयोग यह सपना पूरा कर भारतीय कृषि के लिए समृद्ध भविष्य की गारंटी दे सकता है।

# रुपये की गिरती कीमत

**रुपया कमजोर होने तथा मुद्रास्फीति बढ़ने के कारण रणनीतिक आर्थिक सुधार जरूरी हो गए हैं। ये घरेलू विनिर्माण को गति देने तथा निर्यात निर्भरता घटाने के लिए आवश्यक हैं।**



**बृजेश कुमार तिवारी**
(लेखक, असोसियेट प्रोफेसर हैं)



पांच अगस्त को अमेरिकी डालर की तुलना में रुपया रिकार्ड निचले स्तर पर पहुंच गया और प्रति डालर 84.09 के स्तर पर आ गया। यह रुपये की कीमत में सबसे बड़ी गिरावट थी और इससे रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। यदि किसी देश की मुद्रा अन्य मुद्राओं की तुलना में मजबूत होती है तो उस देश को मजबूत माना जाता है। इस वैश्वीकृत दुनिया में हर देश की मुद्रा का आंकलन अमेरिकी डालर के समकक्ष होता है। इसका प्रभाव न केवल उस देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है, बल्कि इससे बाजार में बहुत सी चीजों की कीमतें भी प्रभावित होती हैं।

स्वतंत्रता के बाद से रुपये की कीमत में 20 गुना गिरावट आई है। 1948 में एक डालर चार रुपये के बराबर होता था। उस समय देश पर कोई कर्ज नहीं था। इसके बाद जब 1951 में प्रथम पंचवर्षीय योजना लागू हुई तब सरकार ने विदेशों से कर्ज लेना शुरू किया। इसके बाद से रुपये की कीमत में लगातार गिरावट आ रही है। वित्त बाजारों में विदेशी पैसे के लगातार प्रवाह तथा कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने से रुपये पर दबाव बढ़ा। दुनिया भर की अर्थव्यवस्था को हाल में दो बड़े झटके लगे। इनमें कोविड-19 वैश्विक महामारी तथा यूक्रेन व इज़राइल में युद्ध शामिल हैं। भारत भी इससे प्रभावित हुआ है। आज दुनिया के प्रमुख बाजारों में मुद्राओं की स्थिति कमजोर है। 'इंटरनेशनल स्टैंडर्ड आर्गेनाइजेशन' की सूची के अनुसार दुनिया में कुल 180 मुद्रायें हैं, पर उनमें अमेरिकन मुद्रा 'डालर' वैश्विक मुद्रा बन गई है। अधिकांश निर्यातित वस्तुओं की कीमत डालर में मिलती है। आज दुनिया भर के वयापार में 80 प्रतिशत में डालर शामिल है। अमेरिकन डालर वैश्विक मुद्रा का दर्जा प्राप्त कर चुका है, इसी कारण डालर की तुलना में रुपये की कीमत से तय होता है कि भारतीय मुद्रा कमजोर है या मजबूत। डालर की तुलना में रुपये की गिरती कीमत से आम आदमी प्रभावित होता है। जब रुपया डालर की तुलना में सस्ता हो जाता है तो इसका सीधा प्रभाव अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। रुपये की गिरती कीमत से मुद्रास्फीति बढ़ती है। बढ़ती कीमतों से मुद्रास्फीति बढ़ती है जो पहले ही उच्च स्तर पर है। ऐसी स्थिति में रुपये की कीमत से आम आदमी से लेकर बिजनेसमैन व सरकार प्रभावित होती है। वैश्विक गतिविधियों में कमी की स्थिति में निवेशक सुरक्षित वैश्विक बाजारों में निवेश का निर्णय करते हैं तथा वैश्विक राजनीति में तनाव बढ़ता है।

यह रुपये की कीमत गिरने का मुख्य कारण है। भले ही हम रुपये की कीमत में कुछ पैसे की गिरावट को गंभीरता से नहीं लेते हैं, पर इसका हमारे जीवन पर बड़ा प्रभाव पड़ता है। रुपये की कीमत में गिरावट का देश की अर्थव्यवस्था पर सीधा प्रभाव पड़ता है। इसके कारण पेट्रोलियम उत्पाद महंगे होते हैं तथा माल भाड़े का परिवहन खर्च बढ़ता है। इसका सीधा प्रभाव हर आवश्यक वस्तु की कीमत पर पड़ता है।

इससे अचानक विदेशी मुद्रा में लिए कर्ज और उन पर अदा किया जाने वाला ब्याज महंगा हो जाता है। इससे विदेशों में पढ़ना भी महंगा हो जाता है। रुपये की कीमत पूरी तरह मांग और सप्लाई पर निर्भर करती है जिसका आयात और निर्यात पर सीधा प्रभाव पड़ता है। ऐसे में निर्यात से अधिक आयात करने वाले देश में डालर की मांग बढ़ जाती है। भारत भी निर्यात से अधिक आयात करता है। भारत कच्चे तेल का एक प्रमुख आयातक है और वह अपनी जरूरत का 80 प्रतिशत तेल आयात करता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढती कीमतें रुपये की कीमत गिरने का प्रमुख कारण हैं। हालांकि, केन्द्र सरकार ने रुपये की गिरती कीमत थामने के लिए हर संभव कदम उठाने का वादा किया है, पर अब सरकार को सुनिश्चित और कठोर कदम उठाने होंगे। यदि सरकार तेल पर निर्भर अपनी अर्थव्यवस्था में परिवर्तन का प्रयास करती है तो इससे हम अपने विदेशी सुरक्षित मुद्रा भंडार में काफी बचत कर सकते हैं। इसके लिए हम सबको तेल के विकल्पों पर विचार करना चाहिए। ऐसे में बिजली वाहनों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। रुपये की कीमत गिरने से रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए और विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ाया जाना चाहिए।

सरकार ने टिकाऊ आर्थिक प्रगति के लिए प्रतियोगी व गतिशील परिवेश बनाने के प्रयास किए हैं। इससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारत की प्रासांगिकता बढ़ती है। इन योजनाओं में 'पीएम गति शक्ति', 'राष्ट्रीय सिंगल विंडो क्लियरेंस', 'जीआईएस मैपिंग वाला भूमि बैंक', 'प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेटिव'-पीएलआई, आदि शामिल हैं। विनिर्माण क्षेत्र को पीएलआई योजना के अंतर्गत हालिया नीतियों के क्रियान्वयन से लाभ हो सकता है। इसके परिणाम कुछ क्षेत्रों में दिखने भी लगे हैं। भारतीय कंपनियों द्वारा कोरोनावायरस वैक्सीनों का विकास स्वदेशी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन है। भारत ने विश्व बैंक द्वारा जारी 'बिजनेस सुगमता सूचकांक'-ईडीबी में अपनी स्थिति तेजी से मजबूत की है। वर्ष 2014 में ईडीबी में भारत का रैंक 134वां था, जबकि 2023 में यह 63वें स्थान पर पहुंच गया। जेनेवा के विश्व आर्थिक मंच द्वारा प्रकाशित 'वैश्विक प्रतियोगिता रिपोर्ट सूचकांक' में भारत 40वें स्थान पर है, जबकि 2014 में यह 60वें स्थान पर था। लेकिन रैंकिंग में ये सुधार भी विनिर्माण क्षेत्र को पुनर्जीवित करने में सफल नहीं रहे हैं जिससे 'मेक इन इंडिया' अभियान को समुचित गति नहीं मिल रही है। सरकार को रणनीतिक रूप से आयातों पर नियंत्रण करने तथा निर्यात बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। समय आ गया है कि 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन किया जाए। शुरू करने के नौ साल बाद भी यह प्रभावी योगदान नहीं कर पा रहा है। हालांकि, भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, पर इसका विश्व निर्यात में हिस्सा केवल 1.6 प्रतिशत है। इस अभियान का प्रमुख लक्ष्य भारतीय जीडीपी में विनिर्माण क्षेत्र का हिस्सा बढ़ा कर 25 प्रतिशत करना था, पर यह पिछले 9 साल में 14-16 प्रतिशत के बीच बना हुआ है। कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के समय प्रचार किया गया था कि चीन छोड़ने वाली कंपनियां भारत आएंगी, पर इनमें से अधिकांश कंपनियां वियतनाम, ताइवान, थाईलैंड, आदि देशों में चली गईं और कुछ ही कंपनियां भारत आईं। हर साल भारत में बिकने वाले लैपटाप, डेस्कटाप व सर्वरों में मदरबोर्ड मेमोरी माडल और चिप आयात करने होते हैं। हम इन पुर्जों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर हैं। आज भी भारत में अधिकांश चीजों के निर्माण के बजाय उनकी असेंबलिंग होती है। ऐसे में एचएस-84, नाभिकीय रिएक्टरों, ब्वायलरों तथा एचएस-85 के आयात का कोई औचित्य नहीं है क्योंकि इनमें से अधिकांश चीजों का स्थानीय उत्पादन किया जा सकता है। पीएलआई योजनाओं का विस्तार एमएसएमई और उभरते औद्योगिक क्षेत्रों तक किया जाना चाहिए। इसे निर्यात बढ़ाने में सहायता मिलेगी।

विनिर्माण में नए निवेशों पर 15 प्रतिशत कार्पोरेट टैक्स का विस्तार सेवा क्षेत्र समेत सभी उद्योगों तक किया जाना चाहिए। नए युग की तकनीकों का विस्तार और प्रयोग बढ़ाने के लिए पूंजीगत व आपरेशनल खर्च पर प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। इनमें आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस-एआई, इंटरनेट आफ थिंग्स-आईओटी तथा मशीन लर्निंग-एमएल शामिल हैं। सरकार को लाजिस्टिक्स पर खर्च घटा कर जीडीपी का 6-8 प्रतिशत करना चाहिए जो वर्तमान समय में 14 प्रतिशत है। इस दिशा में हालिया जी-20 शिखर सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक गलियारा बनाने का प्रस्ताव पेश किया गया है। यह स्वागत योग्य कदम है। ऐसे समय जब अमेरिकी डालर की तुलना में भारतीय रुपये की कीमत 84 रुपये पहुंच गई है, 'मेक इन इंडिया' की भूमिका बहुत बढ़ जाती है।

भारत भविष्य में अगली 'ग्लोबल फैक्ट्री' बन सकता है क्योंकि दुनिया चीन से परेशान हो गई है और वह विनिर्माण के वैकल्पिक केन्द्रों की तलाश कर रही है। ऐसे में विनिर्माण क्षेत्र को जटिल नियमों से मुक्ति दिलाना जरूरी हो गया है। भारत को 2025 तक 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए हमें कम से कम वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात 2.5 ट्रिलियन डालर तक बढ़ाना होगा क्योंकि निर्यात भारत की जीडीपी में 25 प्रतिशत का योगदान कर सकता है। भारत के पास अब आराम करने का समय नहीं है। हमने काफी प्रगति की है, पर भविष्य की यात्रा अभी समाप्त नहीं हुई है।

# महिला समूहों की परिवर्तनकारी भूमिका

**सुगंधा नागर**
(लेखिका सामाजिक कार्यकर्ता हैं)



मनुष्य स्वाभाविक रूप से सामाजिक प्राणी हैं, और महिलाएं, विशेष रूप से, सामाजिक संबंधों से ही आगे बढ़ती हैं। यह अंतर्दृष्टि मुझे हाल ही में हरियाली तीज के उत्सव के दौरान मिली, जो महिलाओं को समर्पित एक हिंदू त्योहार है। इस दिन, महिलाएं पारंपरिक पोशाक पहनती हैं, विशेष खाद्य पदार्थों का आनंद लेती हैं और संगीत का आनंद लेती हैं, जो हमारे सांस्कृतिक इतिहास में महिलाओं के एकत्रीकरण के गहन महत्व को दर्शाता है।

हरियाली तीज हमारे पूर्वजों द्वारा महिला मंडलियों को दिए गए महत्व का उदाहरण है। ये एकत्रीकरण न केवल खुशी प्रदान करते हैं बल्कि महिलाओं की अद्वितीय शक्ति को भी मजबूत करते हैं। यह शक्ति उनकी ऊर्जा को प्रबंधित करने और साझा करने की क्षमता में गहराई से निहित है, जो सामुदायिक बातचीत के माध्यम से पनपती है। महिलाओं को अपने स्त्रीत्व से जुड़ने की आवश्यकता है और इस शक्ति को पोषित करने का सबसे अच्छा तरीका अन्य महिलाओं के साथ संबंध बनाना है। इस तरह के संबंध आत्म-खोज और सशक्तीकरण के लिए महत्वपूर्ण हैं।

पत्रकार एन फ्राइडमैन और व्यवसायी अमीनातौ सो द्वारा गढ़ी गई शाइन थ्योरी की अवधारणा इस विचार को समाहित करती है- असाधारण महिलाएं एक-दूसरे का साथ देती हैं ताकि वे और भी अधिक चमक सकें। ऐतिहासिक रूप से, महिलाओं ने सामुदायिक प्रथाओं के माध्यम से ज्ञान और अनुभव को आगे बढ़ाया है, चाहे वह घरेलू कामों के माध्यम से हो या सांस्कृतिक अनुष्ठानों के माध्यम से। उदाहरण के लिए, भारतीय परिवारों में एक साथ मसाले पीसने या एलिस वॉकर की द कलर पर्पल में रजाई बनाने जैसी पारंपरिक गतिविधियां एकता और साझा शक्ति का प्रतीक हैं।

महिलाओं के बीच रोज़मर्रा की बातचीत न केवल कार्यों के बोझ को कम करती है बल्कि सांस्कृतिक परंपराओं को भी संरक्षित करती है और भावनात्मक आदान-प्रदान के लिए जगह बनाती है। ये बातचीत उपचार और परिवर्तन का



एक माध्यम बनती है, जो व्यक्तिगत विकास से आगे बढ़कर उनके समुदायों में सकारात्मक बदलाव लाती है। आधुनिक सेटिंग्स में, जैसे कि पड़ोस की सभाएं या कार्यस्थल के वातावरण में, वही सिद्धांत लागू होते हैं। रूढ़िवादिता से प्रेरित अक्सर कठोर प्रतिस्पर्धी गतिशीलता के बावजूद, सहायक महिला मंडल राहत और कायाकल्प का एक महत्वपूर्ण स्रोत प्रदान करते हैं। दुर्भाग्य से, सामाजिक आख्यान और मीडिया इस मिथक को कायम रखते हैं कि महिलाएं स्वाभाविक रूप से प्रतिस्पर्धी होती हैं और एक-दूसरे का समर्थन नहीं करती हैं। यह रूढ़िवादिता महिलाओं द्वारा एक-दूसरे को आगे बढ़ाने की ऐतिहासिक प्रथाओं को कमजोर करती है और अस्वस्थ प्रतिद्वंद्विता को बढ़ावा देती है। हाल की पहलों का उद्देश्य महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देकर इन नकारात्मक गतिशीलता का मुकाबला करना है। 2024-25 के केंद्रीय बजट में कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास स्थापित करने और महिलाओं के नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को समर्थन देने का प्रस्ताव है। ये उपाय वित्तीय स्थिरता को बढ़ाने और महिलाओं के लिए आर्थिक अवसर प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में। इसका लक्ष्य महिलाओं को लखपति दीदी या 1,00,000 रुपये से अधिक वार्षिक आय वाली महिलाओं में बदलना है, साथ ही स्थायी आजीविका और बेहतर जीवन स्तर को प्रोत्साहित करना है।

एसएचजी पर जोर महिलाओं के बीच सामूहिक एकता और आपसी समर्थन के महत्व को उजागर करता है। ये समूह न केवल आर्थिक लाभ प्रदान करते हैं बल्कि महिलाओं के एक मजबूत नेटवर्क को भी बढ़ावा देते हैं जो एक-दूसरे के विकास और सफलता का समर्थन करते हैं। अधिक महिलाओं को ऐसे सहायक वातावरण में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करके, हम अधिक आर्थिक समृद्धि और लैंगिक समानता का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं।

मेटा प्लेटफ़ॉर्म की पूर्व सीओओ शेरिल सैंडबर्ग ने अपनी पुस्तक लीन इनः वीमेन, वर्क, एंड द विल टू लीड में महिलाओं द्वारा महिलाओं का समर्थन करने की शक्ति पर ज़ोर दिया है। वह इस मिथक को दूर करती हैं कि महिलाएँ एक-दूसरे का समर्थन नहीं करती हैं, यह तर्क देते हुए कि महिलाओं के बीच सहयोग उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करने की कुंजी है। सफल महिलाओं को अक्सर अन्य महिलाओं का समर्थन प्राप्त होता है जो उन्हें अपने लक्ष्यों तक पहुँचने में मदद करती हैं। प्रणालीगत भेदभाव और आंतरिक पूर्वाग्रहों को दूर करने के लिए, महिलाओं को उन सामाजिक दबावों को चुनौती देनी चाहिए जो उन्हें एक-दूसरे के खिलाफ़ खड़ा करते हैं। रूढ़िवादिता को अस्वीकार करके और वास्तविक समर्थन को बढ़ावा देकर, महिलाएं ऐसी जगहें बना सकती हैं जहां वे खुद को अभिव्यक्त करने, कमज़ोरी दिखाने और अपनी ज़रूरत का समर्थन प्राप्त करने में सुरक्षित महसूस करें। अंततः, महिला मित्रता और सामुदायिक समर्थन न केवल व्यक्तिगत और आध्यात्मिक विकास को प्रेरित करता है बल्कि सामूहिक शक्ति और प्रदर्शन को भी बढ़ाता है।

महिला मंडल ऊर्जा, विचारों और समर्थन को साझा करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं, जिससे महिलाएँ अपनी पूरी क्षमता प्राप्त कर पाती हैं और अपने समुदायों में सकारात्मक योगदान दे पाती हैं।

## आप की बात

### भारतीयता का आदर्श

**भारत** एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है। प्रत्येक नागरिक यहां समान अधिकार रखता है। इस लिहाज से भारत के प्रत्येक नागरिक की पहचान सिर्फ भारतीय के रूप में होनी चाहिए। जाति व धर्म सूचक शब्दों को हटाये बिना समानता का भाव उत्पन्न करना संभव नहीं है। अतः सवाल उठता है कि आज क्या वह समय नहीं है कि भारत का प्रत्येक नागरिक पंथिक संकुचन से बाहर निकलकर भारतीयता का धर्म सर्वोपरि माने और भारतीय संविधान को सर्वोच्च धार्मिक ग्रंथ के रूप में अंगीकार करे। जब तक ऐसा नहीं होगा, संविधान निर्माताओं की उच्च स्तरीय सोच व स्वप्न के मुताबिक-भारत नव निर्माण असंभव है। आखिर कब तक हम प्रदेशों, जातियों, धर्मों में बंटे रहेंगे और हरेक कार्य के लिए अपनी सरकारों का मुंह तांकते रहेंगे? कब वह शुभ समय आएगा जब हम जागेंगे और समझ पाएंगे कि राम-रहीम व जाति-पांति की बात करना तथा आरोप-प्रत्यारोप में उलझे रहना न देशहित में है और न स्वहित में। प्रत्येक भारतीय को अपनी विभिन्न पहचानें बनाए रखते हुए भी सभी भारतीयों की साझा पहचान, यानी भारतीयता की ओर आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। यह भारत को आधुनिक व विकसित राष्ट्र बनाने में देश के सभी नागरिकों का सर्वोत्तम योगदान होगा।

–**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### रूस-यूक्रेन युद्ध

**शायद** ही किसी ने ये कल्पना की होगी कि कभी यूक्रेन रूसी सीमा के भीतर प्रवेश कर पाएगा। मगर यूक्रेन ने पूरी दुनिया को के रूस के कुर्स्क क्षेत्र में एक हजार किमी तक कब्जा कर चौंका दिया है। इस क्षेत्र में रुसी सेना एकदम घुटने टेकती दिखाई दे रही है और वह दसियों हज़ार नागरिकों को यहां से बाहर निकाल रही है। एक हजार यूक्रेनी सैनिकों के कुर्स्क में टैंकों और तोपखानों के साथ 6 अगस्त को प्रवेश किया था। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद पहली बार रूस के भीतर किसी ने घुसपैठ का दुःसाहस किया है। इस घटना से सिद्ध हो गया है कि रूस को जितना ताकतवर समझा जाता था उतना वो है नहीं। अपुष्ट ख़बरों के अनुसार रूस ने यूक्रेन से युद्ध में अपने 70 हज़ार सैनिकों को खो दिया है। यूक्रेन की इस बढ़त से यह भी स्पष्ट होता है कि अमेरिका समेत पूरा नाटो अघोषित रूप से जेलेन्स्की को मुहरा बना कर व्लादीमिर पुतिन पर हमला कर रहा है। शायद नाटो रूस में वैसी ही अव्यवस्था पैदा करना चाहता है जो सोवियत संघ के विघटन के बाद पुतिन के सत्ता में आने तक रही थी। रूस-यूक्रेन युद्ध का लंबा खिंचना तथा भयावह रूप लेना पूरी दुनिया के लिए शुभ संकेत नहीं है। यह नए शीतयुद्ध को जन्म दे रहा है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### बाबाओं को रियायतें

**राम रहीम** को एक बार फिर से 21 दिन की जमानत पर आजादी यानी फरलो दे दी गई है। वे अभी कुछ दिनों पहले लोकसभा चुनाव के समय भी जेल से बाहर आए थे। इसी तरह 12-13 साल जेल में रहने के बाद अब पहली बार आसाराम बापू को भी सप्ताह भर के लिए फरलो दी गई है। ऐसे में सवाल उठता है कि साधु-वेश में रहने वाले ऐसे ढोंगी बाबाओं पर सरकार इतनी मेहरबानी क्यों दिखाती है, जबकि वे कुकृत्यों के गंभीर आरोपों में घिरे रहते हैं और अदालतें उनको नियमित जमानत पर रिहा करने के लिए तैयार नहीं होती हैं? बाबा राम रहीम को हर बार कुछ दिन जेल में रखने के बाद कुछ समय के लिए फर्लो मिल जाती है। इसके एकदम उलट जब एक आम आरोपी या अपराधी जो लंबे समय के लिए जेल में जाता है तब उसे विशेष परिस्थितियों में ही जेल से बाहर आने का मौका मिलता है। ऐसे में जनता को स्वाभाविक रूप से संदेह होता है कि कहीं राजनेता इन स्वयंभू बाबाओं के भक्त वोटबैंक को देख कर ही तो उनको फर्लो नहीं देते हैं? विडंबना है कि देश में संविधान की सर्वोच्च रक्षक न्यायपालिका और सर्वोच्च न्यायालय भी ऐसे मामलों पर अपनी आंखें बंद कर लेते हैं। ये रियायतें भारत की आधुनिकता पर सवाल खड़े करती हैं।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### हिंदुओं का उत्पीड़न

**बांग्लादेश** में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद वहां अल्पसंख्यक हिंदुओं को बर्बर दमन व उत्पीड़न का शिकार होना पड़ रहा है। उनके घर, मंदिर तथा बिजनेस प्रतिष्ठान जलाए जा रहे हैं और धर्म बदलने या मरने के बीच चुनने को कहा जा रहा है। हालांकि, अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने प्रख्यात ढाकेश्वरी मंदिर में जाकर हिंदुओं को आश्वस्त करने का प्रयास किया है। लेकिन इसके बावजूद वहां हिंदू-विरोधी हिंसा लगातार जारी है। विडंबना है कि संयुक्त राष्ट्रसंघ तथा दुनिया भर की मानवाधिकार संस्थाओं ने औपचारिक बयान जारी करने से आगे बढ़ कर स्थिति सुधारने की दिशा में कोई प्रयास नहीं किया है। भारत सरकार को नई सरकार से संपर्क कर ऐसी घटनायें तत्काल रोकने के लिए कहना चाहिए। बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ ही अवामी लीग नेताओं व कार्यकर्ताओं के खिलाफ हिंसा जारी है तथा देश के संस्थापक बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान की मूर्तियों को अपमानजनक ढंग से तोड़ा और गिराया गया है। यह स्थिति बांग्लादेश तथा भारत समेत पूरी दुनिया के लिए शुभ नहीं है।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 15 अगस्त, 2024



# विभाजन विभीषिका दिवस के मौके पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**संवाददाता।** अयोध्या



**विभाजन** विभीषिका दिवस पर मिल्कीपुर विधान सभा के कुमारगंज विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश भूपेन्द्र सिंह चौधरी व क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा शामिल हुए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने विभाजन विभीषिका विषय की प्रर्दशनी को देखा। विश्वविद्यालय सभागार से पार्क तक निकाले गए मौन पदयात्रा में शिरकत की। सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में अतिथियों का स्वागत जिलाध्यक्ष संजीव सिंह व संचालन राघवेन्द्र पाण्डेय ने किया।

विश्वविद्यालय सभागार में आयोजित गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रत्येक भारतीय का यह कर्तव्य है कि शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करें। हमें राष्ट्रहित सर्वोपरि के भाव से काम करना चाहिए। अंग्रेजों ने सदैव फूट डालो राज करो की नीति अपनाई थी जिसका अनुसरण आज भी कांग्रेस पार्टी के लोग कर रहे हैं। उन्होंने भारत के नागरिकों को अलग-अलग समूहों में विभाजित कर रखा है। अनेकों धार्मिक और जातीय दंगे करवाने के बाद भी आज तक वे अपने को धर्मनिरपेक्ष ही कहते है।

विभाजन के दंश को झेलने वाले भारतीय परिवारों ने अपना सब कुछ खो दिया था। कांग्रेसी सराकर द्वारा विभाजन स्वीकार करना एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। भारत विभाजन के परिणाम स्वरूप लाखों लोग मारे गए। डेढ़ करोड लोग बेघर हुए। हजारों महिलाओं के साथ अनाचार हुआ। विभाजन से प्रभावित बहुत से लोगों ने अपने जीवन को नए सिरे से शुरू किया और अपार सफलता प्राप्त किया। हम अपने राष्ट में एकता और भाईचारे के बंधन की हमेशा रक्षा करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हैं।

# मनाई जाएगी अमर सेनानी राना बेनी माधव बक्स सिंह की जयंती

**रायबरेली।** अमर सेनानी राना बेनी माधव बक्स सिंह की जयंती 24 अगस्त को हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। राना बेनी माधव बक्स सिंह की स्मृतियों को सहेजने एवं उसे आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए राना बेनी माधव बक्स सिंह स्मारक समिति रायबरेली में कृत संकल्पित है। इस वर्ष समिति 16 अगस्त से साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आशीर्वाद से उनकी स्मृति में प्रेक्षागृह का निर्माण कार्य चल रहा हैं। उक्त विचार राना बेनी माधव बक्स सिंह की 220वीं जयंती के सिलसिले में आयोजित पत्रकार वार्ता में समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि इस वर्ष समिति राष्ट्रीय स्तर पर जयंती समारोह आयोजित कर रही है। इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के आशीर्वाद से राना बेनी माधव बक्स सिंह सभागार के फेज दो का भूमि पूजन भी माननीय पर्यटन मंत्री जयबीर सिंह जी के कर कमलों द्वारा होगा। इसके साथ ही 16 अगस्त को कक्षा 11 वा 12 के बच्चों की वाद विवाद प्रतियोगिता से शुभारंभ होने वाला कार्यक्रम अनवरत 24 अगस्त तक चलता रहेगा।

संरक्षक इंद्रेश विक्रम सिंह ने बताया कि 17 अगस्त को राणा बेनी माधव की कर्मस्थली शंकरपुर में एक विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभिन्न प्रकार की जांचें नि:शुल्क कराई जाएंगी। वहीं 18 अगस्त को जिले के विभिन्न स्थानो पर पौधरोपण कराया जाएगा। 20 अगस्त को आईएमए भवन राणा बेनी माधव चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन शिवम सिंह हुआ संतोष सिंह के संयोजन में किया जाएगा। संरक्षक राजा राकेश प्रताप सिंह ने बताया कि 21 अगस्त को केजी से आठवीं तक की कक्षा के बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता कराई जाएगी।

# भाजपा ने किया विभाजन विभीषिका दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन

**संवाददाता।** रायबरेली




**भारतीय** जनता पार्टी द्वारा भारत विभाजन विभीषिका दिवस के अवसर पर सुपरमार्केट स्थिति दीप पैलेस में एक संगोष्ठी आयोजित की गई। इस गोष्ठी के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक राज्य मंत्री माननीय दानिश आजाद जी रहे। संगोष्ठी का शुभारंभ महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण व दीप जलन से हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक भारतीय जनता पार्टी जिला के उपाध्यक्ष जय तलरेजा ने स्वागत भाषण किया।

मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री दानिश आजाद ने कहा कि राष्ट्र प्रेम भारत के हर नागरिक का प्रमुख कर्तव्य होना चाहिए हमारे अधिकारों की बात तो करते हैं पर अपने कर्तव्यों को भूल जाते हैं। भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता देश हमे देता है सब कुछ हम भी तो कुछ देना सीखें इस भाव से काम करता है। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी ने तत्कालीन विभाजन के दंश को झेल चुके बुजुर्गों का सम्मान करते हुए कहा कि आजादी के खुशी के साथ-साथ भारत विभाजन का दर्द का इतिहास भी हम लोगों को भूलना नहीं चाहिए और इसके साथ सबक लेते हुए अखंड भारत की कल्पना को साकार करने के लिए काम करना चाहिए।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री विकास सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। जिले के प्रभारी पीयूष मिश्रा ने देश की आजादी व भारत के अखंडता के लिए बलिदान हुए शहीदों को याद करते हुए विभाजन के गम को भी अत्यंत पीड़ा दायक बताया। इस अवसर पर रायबरेली जिले के विभाजन के समय पाकिस्तान को छोड़कर आए नागरिकों को खास कर चेतराम चंदानी, सत्यनंद सावलानी,हरगुन दास सावलानी पंजाब सिंह, त्रिलोचन सिंह, आदि वरिष्ठ नागरिकों ने संबोधित करते हुए विभाजन के समय घटित घटनाक्रम को बयां करते हुए दुख व्यक्त किया।

# जनसेवा लिये व्यापार मंडल ने नगर पंचायत को सौंपा शव फ्रीजर



**लालगंज, रायबरेली।** नगर व आसपास क्षेत्र के लोगो को मर्चुरी शव फ्रीजर के लिये इधर-उधर भटकना नही पड़ेगा। इसकी मदद से कठिन समय में कई दिनो तक शव को सुरक्षित रखा जा सकेगा।

व्यापार मंडल ऐसे ही समाजिक कार्य करता रहे उन्हे हर सम्भव सहयोग किया जायेगा। उक्त विचार कस्बे के बाईपास स्थित डिवाईन लाईट इंग्लिश स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री व जिलाध्यक्ष पंकज मुरारका ने व्यक्त किये। उन्होने कहा कि व्यापार मंडल लालगंज की शाखा का यह कार्य अत्यन्त सराहनीय है। इस मौके पर आयोजित भव्य समारोह के बीच शव फ्रीजर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दीपेंद्र गुप्ता को सौंपा गया। श्री गुप्त ने कहा कि व्यापार मंडल के सहयोग से प्राप्त यह शव फ्रीजर जनता के लिये वरदान से कम नही है।

अभी तक कस्बे व आसपास के क्षेत्र में शव को सुरक्षित रखने के लिये अन्य साधनो का सहारा लेना पड़ता था। उन्होने कहा कि नगर पंचायत की ओर से जनता को यह शव फ्रीजर नि:शुल्क उपलब्ध कराया जायेगा तथा इसकी देखरेख भी सुनिश्चित की जायेगी।

व्यापार मंडल अध्यक्ष राहुल भदौरिया ने कहा कि संगठन की स्थापना के समय ही जनता के लिये कुछ लाभकारी योजनाओं की घोषणा की गई थी जिनमें सबसे महत्वपूर्ण शव फ्रीजर का आज क्षेत्र की जनता को समर्पित किया जा रहा है। व्यापार मंडल जल्द ही अन्य घोषणाओं को पूर्ण करने के लिये संघर्षरत है।

# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर निकाला शांति मार्च



**संवाददाता।** संतकबीरनगर

**जिलाधिकारी** महेंद्र सिंह तंवर के मार्गदर्शन में शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में आज 14 अगस्त 2024 को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि हम लोग अपनी प्रिय मातृभूमि के उन बेटे एवं बेटियों को नमन करते है, जिनको भारत विभाजन के दौरान अपने प्राण न्योछावर करने पड़े थे, ऐसे लोगो की याद में तथा भारत की वर्तमान एवं भावी पीढ़ियों को विभाजन के दौरान लोगों द्वारा सही गयी यातना एवं वेदना का स्मरण दिलाने के लिए 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर विकास भवन परिसर के डीपीआरसी हॉल में विभाजन विभीषिका पर आधारित चित्र प्रदर्शनी लगाई गई।


कार्यक्रम के अन्तर्गत विभाजन की विभीषिका/त्रासदी की दर्दनाक मंजर की याद में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर व मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी के नेतृत्व में भारी संख्या में स्कूल के बच्चों सहित उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों एवं अन्य गणमान्य नागरिकों द्वारा हाथों में तिरंगा लेकर विकास भवन से मौलाना आजाद इंटर कॉलेज तक मौन जुलूस निकाला गया।

इसी क्रम में जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में आज 14 अगस्त 2024 विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश उपस्थित रहे। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस''* पर भारत विभाजन के दौरान अपने प्राण न्यौछावर करने वाले लोगों की स्मृति में कलेक्ट्रेट सभागर में जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी सहित उपस्थित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने 02 मिनट का मौन रखा।

आयोजित गोष्ठी में सभी ने विभाजन विभीषिका पर आधारित डाक्यूमेन्ट्री फिल्म को देखा। जिलाधिकारी ने कहा की संकल्प लेना है जिसे हम एवं हम साथ एक दूसरे से मिलकर स्वस्थ्य समाज के निर्माता बनें और अपने जनपद व देश के विकास में अपना योगदान दे सकें।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी खलीलाबाद शैलेश कुमार दूबे, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिश्चंद्र नाथ सहित सदर धर्म सिंह, परविन्दर सिंह, रविन्द्र पाल सिंह, शैंकी सिंह, राजपाल, अमरीत सिंह, गुरमीत सिंह, शानू सिंह, सवि सिंह सहित अधिकारी/कर्मचारीगण तथा जनपद के सम्भ्रान्त एवं गणमान्य नागरिकगण आदि उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता दिवस के लिए पालिका ने नगर को तिरंगी झालरों से सजाया



**जालौन, उरई।** स्वतंत्रता दिवस को लेकर चारों ओर तैयारियों का जोर चल रहा है। इस मौके पर नगर को आकर्षक ढंग से तीन रंगों की झालरों से सजाया जा रहा है। इसके साथ ही तिरंगा लगाकर नगर को राष्ट्रीय भक्ति से ओतप्रोत किया जा रहा है। राष्ट्रीय पर्व के मौके पर मंदिर में भगवान के कपड़े भी राष्ट्रीय ध्वज के रंगों के पहनाये गए हैं। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस को लेकर नगर में खासा उत्साह देखा जा रहा है। पर्व के मौके पर तीन रंगों से नगर को सजाया जा रहा है। नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के प्रमुख स्थानों प्रवेश द्वार देवनगर चौराहा, चंद्रशेखर आजाद पार्क, झंडा चौराहा, नगर पालिका कार्यालय को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। नगर को राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत करते हुए नगर पालिका परिषद द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत घर घर तिरंगा लगवाया जा रहा है। नगर राष्ट्र भक्ति में ऐसा डूबा है कि चारों ओर ओर राष्ट्रीय ध्वज के ही रंग सजे हुए नजर आ रहे हैं। इसका असर मंदिरों में भी दिख रहा है। उरई मार्ग पर स्थित संकट मोचन श्रीवीर बालाजी हनुमान मंदिर में हनुमानजी की भी तीन रंगों की पोशाक पहनाई गई है। इसके साथ ही उरई जालौन मुख्य मार्ग पर तीन रंगों की झालरों की रोशनी राष्ट्र भक्ति जगाने का काम कर रही है।

# बैसवारा महाविद्यालय में छात्रों को वितरित किए गए स्मार्टफोन

**संवाददाता।** लालगंज, रायबरेली



**महाविद्यालय** में बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार की युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की स्मार्टफोन वितरण योजना के अंतर्गत महाविद्यालय में बी.ए. छठे सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए।

युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की उत्तर प्रदेश सरकार की इस योजना के अंतर्गत प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव के नेतृत्व में समस्त शिक्षकों द्वारा छठे सेमेस्टर के छात्र एवं छात्राओं को स्मार्टफोन बांटे गए। प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामना देते हुए कहा कि हम तकनीकी की सहायता से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। श्री सिंह ने आगे कहा कि वास्तविक शिक्षा का उद्देश्य अच्छे नागरिक बनाना है।

प्राचार्य, प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव ने छात्र एवं छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि हमें तकनीकी का सदुपयोग अपने अध्ययन में अधिक से अधिक करना चाहिए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपजिलाधिकारी लालगंज, नवदीप शुक्ला और कार्यक्रम के अध्यक्षता प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह, विशिष्ट अतिथि पूर्व प्राचार्य, प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह मुन्ना एवं कार्यक्रम का संयोजन प्राचार्य ,प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

सतीश प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य डॉ. नरेंद्र बहादुर सिंह, मुरार मऊ इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सत्येंद्र कुमार, अधीक्षक डॉ. राजेश गौतम अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि एसडीएम ने कहा कि स्मार्टफोन के माध्यम से कैरियर की विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी हम आसानी से प्राप्त कर सकते हैं तथा अध्ययन का कार्य भी सुचारू रूप से किया जा सकता है। आज 300 से अधिक स्मार्टफोन छात्रों को वितरित किए गए।

# विधवा महिला ने डीजीपी व मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

**गोंडा।** जिले के थाना खरगूपुर स्थित ग्राम भटपुरवा, राम नगर तरहर निवासिनी विधवा महिला मायावती पत्नी स्व. पारसनाथ ने पुलिस अधीक्षक गोंडा, पुलिस महानिदेशक लखनऊ एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शिकायती पत्र भेजकर मदद की गुहार लगाते हुए व अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा है कि विवादित जमीन (मामला न्यायालय में विचाराधीन) पर विपक्षी विजय कुमार पुत्र परशुराम द्वारा अपने सहयोगियों के साथ मिलकर खड़ंजा निकालने की नीयत से ईंट गिरवाई जा रही है। जो कि न्याय संगत नही है। पीड़िता ने शिकायती पत्र में यह भी कहा है कि उसने स्थानीय थाने पर भी गुहार लगाई थी किन्तु दबंग विपक्षियों के चलते थाने से संतोषजनक कार्यवाही नहीं किया गया। पीड़िता ने विवादित जमीन से जमा किये गये ईंटा-अद्धा हटवाने की मांग की है।

# मदरा लालपुर में हुए मनरेगा फर्जीवाड़े मामले में संलिप्तों पर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश

- पंचायत सचिव को निलंबित कर अनुशासनात्मक कार्रवाई
- तकनीकी सहायक व रोजगार सेवक पर सेवा समाप्ति की कार्रवाई प्रस्तावित

**संवाददाता।** उरई, जालौन

**पिछले** दिनों ग्राम पंचायत मदरा लालपुर में मनरेगा योजना में कथित फर्जीबाड़े की पोल डीएम के निर्देश पर डीसी मनरेगा के आकस्मिक निरीक्षण में 8 अगस्त को मनरेगा योजना में कराये जा रहे कार्यों हेतु 428 जॉबकार्ड श्रमिकों को नियोजित किया गया है जबकि निरीक्षण में मौके पर एक भी श्रमिक उन कार्यों पर उपस्थित नहीं था और न ही कार्य चल रहा था।

ग्राम पंचायत मदरा लालपुर का सचिवालय बंद था। ग्राम रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक, सचिव ग्राम पंचायत अनुपस्थित थे। उक्त मामले को डीएम ने गंभीरता से लेकर मदरा लालपुर में मनरेगा योजना में हुये फर्जीबाड़े को गंभीरता से लेकर पूरे मामले में संलिप्तों पर एफआईआर दर्ज कराने के साथ ही पंचायत सचिव को निलंबित कर अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिये साथ ही तकनीकी सहायक व रोजगार सेवक की सेवा समाप्ति की कार्यवाही प्रस्तावित करने के लिये डीपीआरओ, जिला विकास अधिकारी व उपायुक्त श्रम रोजगार को प्रक्रिया आगे बढ़ाने के लिये निर्देशित किया है।

मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास द्वारा भेजी गयी जांच आख्या में नाला खुदाई, चेकडेम से फैयार के खेत तक नाला खुदाई का कार्य वित्तीय वर्ष 2023-24 में खोदे जाने के लिये वर्क आईडी संख्या जारी करते हुये 8 लाख 14 हजार 451 रुपये का प्रांकलन बनाकर कार्य कराया जाना पाया गया जिसमें वित्तीय वर्ष 2023-24 में 4 लाख 74 हजार 950 रुपये का व्यय किया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में इसी कार्य पर 3 अगस्त 2024 से 16 अगस्त 24 तक के लिये 9 मस्टर रोल जिसमें 88 जॉबकार्ड धारकों को कार्य दिये जाने हेतु नियोजित किया गया।

ग्राम रोजगार सेवक सीमा निषाद जिनको खंड स्तर पर एनएमएमएस से उपस्थिति दर्ज करने के लिये पंजीकृत किया गया है के द्वारा 3 से 7 अगस्त तक एनएमएमएस से उपस्थिति दर्ज की गयी। स्थलीय सत्यापन के समय ग्राम प्रधान ललिता के परिवार से अपने आपको प्रधान प्रतिनिधि बताते हुये जयकरन पाल आये उनके द्वारा अवगत कराया गया कि इस वित्तीय वर्ष में मस्टर रोल जारी किये गये किंतु पानी बरसने के कारण कार्य नहीं हो सका हैं इस प्रकार पाया गया कि बगैर कार्य कराये ही ग्राम रोजगार सेवक सीमा निषाद के द्वारा एनएमएमएस से उपस्थिति दर्ज की गयी जबकि कार्य ही नहीं हुआ तो फोटो भी कूटरचित तरीके से एनएमएमएस पर अपलोड किया गया। इसी प्रकार से जलरोक बांध कारी डांडी पक्के रोड से चेकडेम तक में भी फर्जी तरीके से 110 श्रमिकों की मजदूरी एनएमएमएस से उपस्थिति दर्ज दर्शा दी गयी जबकि कार्यस्थल पर एक भी उपस्थित नहीं थे। न ही निरीक्षण दौरान कार्यस्थल पर श्रमिकों के द्वारा कार्य करने के निशान पाये गये। इसी प्रकार से जलरोक बांध बहीद खान के खेत से छोटे के खेत तक बनाये जाने के लिये वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रांकलन तैयार किया गया जिसके मस्टर रोड 3 से 16 अगस्त 24 तक जारी किये गये जिसमें 228 श्रमिकों को नियोजित किया गया और एनएमएमएस से फर्जी उपस्थित दर्ज की गयी।

# सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने किया दो प्रवेश द्वारों का भूमि पूजन

**संवाददाता।** जालौन, उरई



**नगर** में प्रवेश करने पर लोगों के स्वागत के लिए एवं नगर से बाहर जाने पर पुन: पधारने की अपील करते हुए बंबा के पास स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की याद में भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण विधायक निधि से कराया जा रहा है। बुधवार को प्रवेश द्वार का भूमि पूजन कार्यक्रम सदर विधायक के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

बाहर से नगर में आने वाले लोगों के स्वागत अब भव्य प्रवेश द्वार पर लिखी इबारत से किया जाएगा। इसके साथ ही नगर से प्रस्थान करने वाले से पुन: आगमन की भी अपील भी प्रस्थान द्वार के माध्यम से की जाएगी। इसके लिए जालौन उरई फोरलेन पर बंबा के कुछ आगे भूमि चिन्हित कर ली गई है। इस भूमि पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व जालौन की शासिका ताईबाई एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लल्लूराम वर्मा लौना की स्मृति में आगमन और प्रस्थान के लिए प्रवेश द्वार का निर्माण किया जाना है। कुल 45.62 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले प्रवेश द्वार पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम और फोटो लगाई जाएगी।

इस दौरान निर्माण स्थल पर भूमि पूजन के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि जालौन नगर व क्षेत्र में देश की आजादी में अपना योगदान देने वालों को भुलाया नहीं जा सकता है। उन्हें लोगों की स्मृति में रखने के लिए प्रवेश द्वार का निर्माण कराया जा रहा है। यह नगरवासियों के लिए गौरव का क्षण है। कार्यक्रम का संचालन मास्टर सुशील कुशवाहा ने किया।

इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख रामाराजा निरंजन, पालिकाध्यक्ष नेहा मित्तल, पुनीत मित्तल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह सेंगर बनाजी, भाजपा नगर अध्यक्ष अभय सिंह राजावत, अधिशाषी अधिकारी सुशील दोहरे, चंद्रशेखर वर्मा, मास्टर कमालुद्दीन, अनुरोध लौना, योगेंद्र राठौर, केसी पाटकार, लक्ष्मीकांत चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

# विद्युत चेकिंग टीम की छापामारी के दौरान महिला ने की बिजली कर्मियों से अभद्रता

**कालपी, जालौन।** बुधवार सुबह विद्युत विभाग की मार्निंग रेड के दौरान हंगामा हो गया। ग्रहस्वामी की महिला ने विभागीय कर्मचारियों पर अभद्रता का आरोप लगा दिया था। मामला पुलिस के दर तक भी पहुंचा पर मामला सुलझ गया है।

विदित हो कि विद्युत विभाग बिजली चोरी पर लगाम लगाने के लिए भोर पहर चिन्हित स्थानों पर छापेमारी करता है जिसमें विभागीय टीम के लोग सीढ़ी अन्य संसाधनों की सारे मकान की छतों पर पहुंच जाते हैं और यह फण्डा कभी कभी विवाद का कारण बन जाता है और ऐसे कई मामले प्रकाश में आ भी चुके लेकिन विभाग का यह फण्डा जारी है।

वुधवार सुबह उपखण्ड अधिकारी आदर्श राज यादव तथा जेई जितेन्द्र देव वर्मा की अगुआई में टीम ने आलमपुर बाईपास स्थित अशोक गुप्ता के मकान पर छापेमारी की थी।

घर में और छत पर कई लोगों को मौजूद देख ग्रहस्वामी व घर की महिलाओ ने आपत्ति दर्ज कराई तो विवाद बढ़ गया था और थोडी ही देर में ववाल शुरू हो गया था लेकिन मामला बढ़ता कि इससे पहले टीम कोतवाली पहुंच गयी तो ग्रहस्वामिनी भी पुलिस के पास आ धमकी और विभागीय लोगों पर विभिन्न तरह के आरोप लगा दिया और बबाल करने लगी थी यह सब देख पुलिस भी बैकफुट पर आ गई थी और महिला को समझाकर शान्त कराया गया और विद्युत विभाग की टीम को भी बैरंग कर दिया जिससे मामला शांत हो सके हालांकि पुलिस का यह फण्डा काम कर गया है और विद्युत विभाग के किसी भी प्रकार की कार्यवाही न किए जाने के आश्वासन के बाद महिला भी मान गई है।

# एडी बेसिक के निरीक्षण में आधा दर्जन स्वेच्छाचारी गुरुजन मिले गायब

**संवाददाता।** उरई, जालौन



**बुधवार** को मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक अरुण कुमार शुक्ला ने जनपद के महेबा विकासखंड के परिषदीय विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता की हकीकत जानने व स्वेच्छाचारी शिक्षकों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने की मंशा से जब एक के बाद एक परिषदीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया तो वह विद्यालयों की दशा व दिशा देखकर चौंक उठे। निरीक्षण दौरान जहां आधा दर्जन शिक्षक ही नहीं शिक्षा मित्र विद्यालय से गायब मिले तो वहीं प्राथमिक विद्यालय रिछारा में एक भी बच्चा उपस्थित नहीं मिला छात्र उपस्थित पंजिका पर मार्च 2024 के बाद छात्रांकलन अंकित नहीं पाया गया। एडी बेसिक के अचानक निरीक्षण से खंड शिक्षाधिकारी की कार्यप्रणाली भी खुलकर सामने आ गयी।

एडी बेसिक औचक निरीक्षण के क्रम में सबसे पहले पूर्व माध्यमिक विद्यालय अटरा कलां पहुंचे जहां विद्यालय में गंदगी मिली कक्षा 3 के बच्चों को हिन्दी की किताब नहीं पढ़ पाये। इस लापरवाही पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गयी। प्राथमिक विद्यालय अटरा कलां में इंचार्ज प्रधानाध्यापक प्रदीप निरंजन, दीपक सिंह सहायक शिखक, रजनी यादव, जितेंद्र व अंशू शिक्षा मित्र बगैर किसी सूचना के विद्यालय से अनुपस्थित मिले इनके विरुद्ध भी नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाये जाने के संकेत दिये। प्राथमिक विद्यालय लौना के निरीक्षण में इंचाई प्रधानाध्यापक दीपक कुमार गुप्ता 7 अगस्त से अनुपस्थित चल रहे सहायक शिक्षिका आरती भी बगैर किसी सूचना के गायब मिली। दीपक कुमार गुप्ता के बारे में बताया जाता है कि वह कभी विद्यालय नहीं जाते और जिला मुख्यालय पर निजी प्राइवेट विद्यालय का संचालन विगत कई वर्षों से करते चले आ रहे हैं। उच्च प्राथमिक विद्यालय पिथउपुर कम्पोजिट क्षेत्र में 77 बच्चे पंजीकृत थे जबकि 33 बच्चे उपस्थित मिले।

# विभाजन दिवसः विकास भवन में लगी प्रदर्शनी, डीएम ने किया अवलोकन

● त्रासदी में प्राण गंवाने वाले लोगों के लिए रखा मौन ● प्रदर्शनी में विभाजन के दौरान की करुणामय स्थितियों का चित्रण ● प्रभावित परिवारो का हुआ सम्मान



**लखीमपुर खीरी।** बुधवार को जिलेभर में विभाजन विभीषिका दिवस मनाया गया। जिला प्रशासन के तत्वावधान में विकास भवन में आयोजित विभाजन विभीषिका दिवस प्रदर्शनी का डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम संजय सिंह, अफसरों, जनसामान्य संग का अवलोकन किया। इस दौरान सीडीओ अभिषेक कुमार ने प्रदर्शनी के संबंध में जरूरी जानकारी दी। इसके बाद विकास भवन सभागार में सभी ने दो मिनट का मौन रखकर त्रासदी में प्राण गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी। डीएम ने सीडीओए एडीएम संग विभाजन की विभीषिका से प्रभावित परिवारो से ज्ञानी अनन्त पाल सिंह, बल्लेव सिंह, रंजीत सिंह, श्रीमती गुरमीत कौर, मनमोहन सिंह, राजेन्द्र सिंह, ऊषा आनंद, राजरानी साहनी, चरनजीत गुलाटीए राजकुमार गुलाटी का माल्यार्पण और शाल भेंट कर सम्मानित किया। संचालन पीडी एसएन चौरसिया ने किया।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस उन भारतवासियों को श्रद्धापूर्वक याद करने का अवसर हैए जिनका जीवन देश के बंटवारे की बलि चढ़ गया। यह दिन उन लोगों के कष्ट और संघर्ष की भी याद दिलाता हैए जिन्हें विस्थापन का दंश झेलने को मजबूर होना पड़ा। ऐसे सभी लोगों को शत.शत नमन है। यह दिन हमें भेदभावए वैमनस्य और दुर्भावना के जहर को खत्म करने के लिए न केवल प्रेरित करेगाए बल्कि इससे एकताए सामाजिक सद्भाव और मानवीय संवेदनाएं भी मजबूत होंगी।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि भारत के लोग अपनी मातृभूमि के उन बेटे.बेटियों को नमन करते हैंए जिनको भारत विभाजन के दौरान अपने प्राण न्योछावर करने पड़े थे। ऐसे लोगों की याद में और भारत की वर्तमान और भावी पीढ़ियों को विभाजन के दौरान लोगों ने जो यातना सही और वेदना का स्मरण दिलाने के लिये स्मरण दिलाने के लिये आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया जा रहा हैं। शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन ने विकास भवन में विभाजन विभीषिका दिवस पर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया। यह प्रदर्शनी डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के मार्गदर्शन व सीडीओ अभिषेक कुमार की अगुवाई में बीएसए प्रवीण तिवारी द्वारा तैयार की गई। डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, पीडी एसएन चौरसिया, बीएसए प्रवीण तिवारी, डीपीआरओ विशाल सिंह सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### एलईडी पर विभाजन के दौरान की करुणामय स्थितियों का हुआ चित्रण

विभाजन विभीषिका दिवस पर विकास भवन सभागार में एलईडी के जरिए विभाजन के दौरान की करुणामय स्थितियों का चित्रण से संबंधित वीडियो एवं कंटेंट प्रसारित हुआए जिसे अफसरों ने प्रभावित परिवारों सहित बड़ी संख्या में मौजूद लोगों के साथ देखा, सुना। बताते चलें कि विभाजन विभीषिका की पृष्ठभूमि भारत का विभाजन अभूतपूर्व मानव विस्थापन एवं मजबूरी में पलायन की दर्दनाक कहानी है।

### कलेक्ट्रेट में विभाजन विभीषिका दिवस पर श्रद्धांजलि सभा

कलेक्ट्रेट में विभाजन विभीषिका दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने इस त्रासदी में अपना सब कुछ खो देने वाले असंख्य लोगों के संघर्ष और बलिदान को राष्ट्र नमन करते हुए त्रासदी में प्राण गंवाने वाले लोगों के लिए अधिकारी.कर्मचारियों के साथ मौन रखा गया। एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मानव विस्थापन और पलायन की हृदयविदारक गाथा है।

# जिलाधिकारी ने की कर-करेत्तर, राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा, दिए निर्देश



**कानपुर देहात।** डीएम आलोक सिंह की अध्यक्षता में कर.करेत्तर, राजस्व कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने व्यापार कर, परिवहन, विद्युत, जीएसटी, खनन, राजस्व विभाग के साथ, स्टाम्प सिंचाई, मण्डी, बाट माप आदि को लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति लाने के निर्देश दिए। परिवहन, विद्युत, बाट माप, जीएसटी, खनन आदि की लक्ष्य के सापेक्ष कम प्रगति पाए जाने पर आख्या उपलब्ध कराने के साथ विद्युत विभाग को ओटीएस कैंप लगाकर राजस्व वसूली में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को बैकलाग पूरा करने की कार्य योजना बनाने के भी निर्देश दिए। सभी विभाग लक्ष्य की प्राप्ति करें, तहसील स्तर पर समन्वय स्थापित कर कार्ययोजना तैयार करते हुए वसूली में तेजी लाए।

डीएम द्वारा राजस्व कार्यो की समीक्षा की गयी। डीएम द्वारा राजस्व वादों के निस्तारण, स्टांप वाद आदि की समीक्षा कर विस्तृत दिशा निर्देश दिए। पुराने लंबित वादों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए। डीएम द्वारा विभिन्न धाराओं, धारा 24, धारा 34, धारा 67, धारा 80, 116 के अंतर्गत वादों के निस्तारण के प्रगति की समीक्षा की गयी। आडिट आपत्तियों के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय में कराया जाए। आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार के लापरवाही क्षम्य नहीं है। उन्होंने विभिन्न तहसीलों के अंतर्गत निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र तथा अन्य ऑनलाइन दस्तावेज समय अंतर्गत जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में डीएफ्ओ एके द्विवेदी, एडीएम वित्त एवं राजस्व केशवनाथ गुप्ता, एडीएम प्रशासन अमित कुमार, एडीएम न्यायिक अमित राठौर समस्त एडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा संबंधित अधिकारी गण आदि उपस्थित रहे।

# शातिर बदमाश को ठोकने पर राष्ट्रपति ने दिया वीरता पदक

● बिकरू काण्ड के विकास दुबे के साथी बउआ का एन्काउन्टर



प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह का फाईल फोटो।

**कन्नौज।** बिकरु कांड के दौरान वीरता का प्रदर्शन करते हुए विकास दुबे के साथी बउआ उर्फप्रवीण कुमार दुबे का एनकाउंटर करने वाले इंस्पेक्टर जितेन्द्र प्रताप सिंह को राष्ट्रपति द्वारा वर्तमान समय में तिर्वा कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक के पद पर तैनात जितेन्द्र प्रताप सिंह को वीरता पदक से सम्मानित किया गया।

2020 में 02/03 जुलाई की रात में जनपद कानपुर नगर के बिकरु गाँव में दुर्दांत अपराधी विकास दुबे व उसके साथी अपराधियों द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस के 07 जांबाज वीरो को मार दिया था। 09 जुलाई 2020 को विकास दुबे का साथी बउआ दुबे उर्फ प्रवीण कुमार दुबे को थाना प्रभारी सिविल लाइन, जनपद इटावा के पद पर नियुक्त जितेन्द्र प्रताप सिंह व उनकी टीम द्वारा एक साहसिक मुठभेड़ व आत्मरक्षार्थ में की गई फायरिंग में मार गिराया था। भारत के राष्ट्रपति द्वारा इंस्पेक्टर जितेन्द्र प्रताप सिंह को इस वीरतापूर्ण कार्य के लिए राष्ट्रपति वीरता पदक प्रदान किया गया है। जितेन्द्र प्रताप सिंह वर्तमान में प्रभारी निरीक्षक थाना तिर्वा के पद पर नियुक्त है।

# आकाशीय बिजली से बचाएगा जीवन उपयोगी दामिनी एप, गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करें दामिनी ऐप

● मौसम की सटीक जानकारी के लिए डाउनलोड करें सचेत एपः एडीएम

● आकाशीय विद्युत से बचाव को लेकर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा एडवाइजरी जारी

**कानपुर देहात।** डीएम आलोक सिंह के निर्देशन में एडीएम (वि.रा.) केशव नाथ गुप्ता ने जनसामान्य से अपील करते हुए कहा है कि खराब मौसम में आकाशीय बिजली गिरने/ वज्रपात की घटनाएं घटित होने की संभावनाएं काफी बढ़ जाती हैं जिससे जनहानि, पशुहानि एवं मकानक्षति होने की घटनाए होती हैं। ऐसे में यह आवश्यक है कि आकाशीय बिजली से बचने के उपायों को अपनाया जाय ताकि वज्रपात से जनहानि न होने पाये। जनसामान्य अपने मोबाइल में दामिनी एप डाउनलोड करें जिससे वज्रपात की पूर्व सूचना मिल सके और वज्रपात से बचा जा सके। उन्होने बताया कि प्रतिवर्ष वज्रपात से बड़ी संख्या में जनहानि व पशुहानि होती है तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर को भी भारी नुकसान पहुंचता है। वज्रपात से कम से कम क्षति हो इसके लिए प्रभावी व्यवस्था को अपनाने के साथ ही अधिसूचित आपदाओं की पूर्व चेतावनियों एवं अलर्ट को आम जनमानस तक समय से पहुचांकर आपदा को कम किया जा सकता है।

बचने के लिए पेड़ों के नीचेए मोबाइल टावर व ऊंचे मकान के नीचे शरण न लें। बच्चों को बाहर न खेलने देंए लोहे की खिड़कीए दरवाजे व हैण्डपम्प आदि को न छुएं। धातु से बने छाते का प्रयोग न करेंए लैण्डलाइन एवं विजली के उपकरणों का उपयोग न करेंए खुल वाहनों मे सवारी न करेंए बचाव के लिए जमीन पर न लेटें तथा तैराकी या नौकायन न करें।

यदि मौसम खराब हो तो तुरन्त किसी पक्के घर में शरण लेंए आसपास सुरक्षित स्थान न होने पर दोनों कानों को बंद कर पैरों को सटा लें तथा घुटनों का टेक लेकर उकड़ू बैठ जाएं। घरों में विद्युत उपकरणों को प्लग से अलग कर दें। यदि खेतों में हैं तो तुरन्त सूखे स्थान पर चल जाएं। हाईटेंशन तारोंए पोखरोंए बिजली के खंभों तथा कटीले तारों से दूर रहें। वज्रपात से कम से कम क्षति हो इसके लिए प्रभावी व्यवस्था को अपनाने के साथ ही अधिसूचित आपदाओं की पूर्व चेतावनियों एवं अलर्ट को आम जनमानस तक समय से पहुचांकर आपदा को कम किया जा सकता है। दामिनी ऐप लगभग 20 किमी के क्षेत्र में संभावित लाइटनिंग अलर्ट का नोटिफिकेशन प्रेषित करता है जिससे व्यक्तियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचने तथा बचाव का अवसर प्राप्त हो सकेगा।

# जिला जज ने भी खाई फाइलेरिया से बचाव की दवा

**फर्रुखाबाद।** जनपद सहित प्रदेश के 27 जिलों में शनिवार से फाइलेरिया उन्मूलन चल रहा है यह अभियान 2 सितंबर तक चलाया जायेगा। इस दौरान कलेक्ट्रेट में लगे बूथ पर जिला जज विनय कुमार, एडीजे विष्णु चंद्र, शैली राय, शैलेंद्र सचान सहित 720 लोगों ने फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन किया। जिला जज विनय कुमार ने कहा कि हम सभी को इस अभियान को सफल बनाने के लिए इसमें अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी होगीए तभी यह अभियान सफल होगा। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर.सी. माथुर, जिला मलेरिया अधिकारी नौशाद अली, डीएमओ ने भी फाइलेरिया के लक्षणों को विस्तार से बताकर उससे बचाब के उपाय भी बताए। इस दौरान जवाहर सिंह गंगवार, घनश्याम सिंह, पीसीआई से शादाब आलम मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### पानी लगाने के विवाद में चचेरे भाई की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या

**खागा (फतेहपुर)।** खागा कस्बा के मुहल्ला नई बस्ती में बुधवार को खेत में पानी लगाने को लेकर दिन दहाड़े चचेरे भाई की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मुहल्ले में हड़कंप मच गया। अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद शव को विच्छेदन हेतु भेजा है। पुलिस ने घटना में दो लोगों को हिरासत में ले लिया है। अन्य फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। नई बस्ती निवासी राम प्रसाद का 30 वर्षीय पुत्र उदय भान उर्फ छोटू का आज अपने चचेरे भाई राजकुमार से खेत में पानी डालने को लेकर विवाद हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि राजकुमार अपने अन्य परिवार व तीन अज्ञात लोगों के साथ चचेरे भाई को लाठी-डंडों से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया और फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई हत्या से जहां मुहल्ले में हड़कंप मच गया वहीं हत्याकांड की सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंच गई। इसकी जानकारी आला अधिकारियों को हुई तो तत्काल अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने परिवार के दो लोगों को हिरासत में ले लिया है अन्य फरार अभियुक्तों की तलाश में जुटी है।

### बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत

**फतेहपुर।** उन्नाव जनपद के थाना असोहा क्षेत्र के गांव दरियाव खेड़ा निवासी स्व. किशन पाल का पुत्र रवि अपने परिवार के साथ कल्याणपुर में किराए का मकान लेकर रहता था और औंग थाना क्षेत्र स्थित पैनम फैक्ट्री में नौकरी करता था। रात लगभग नौ बजे वह बाइक से चौडगरा सब्जी खरीदने गया था। वापस लौटते समय जैसे ही वह कुछ दूर पहुंचा तभी सामने से आ रही बाइक से सीधी भिड़ंत हो गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### डंपर में घुसा अनियंत्रित ट्रक, चालक की मौत

**फतेहपुर।** भदोही जनपद के थाना सेंटीनगर गांव डडिया निवासी यदुनाथ का पुत्र विनय कुमार शुक्ला ट्रक चालक था। बताते हैं कि रात डेढ़ बजे कानपुर से माल लेकर इलाहाबाद जा रहा था। जैसे ही वह शहर क्षेत्र के लखनऊ बाईपास एनएच-2 पर पहुंचा तभी अचानक रोड पर मवेशी आ जाने के कारण अनियंत्रित होकर रोड किनारे खड़े डंपर से भिड़ गया जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### संदिग्ध हालत में जहर खाने से महिला की मौत

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के चितनपुर मजरे रेय गांव निवासी जयनारायण प्रजापति की पत्नी बरमदेवी ने संदिग्ध अवस्था में जहरीला पदार्थ खा लिया। जब उसकी हालत बिगड़ी तो परिजन उसे उपचार के लिए सदर अस्पताल ला रहे थे तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया। भाई शिवबली ने बहनोई पर हत्या का आरोप लगाया है।

### ट्रेन की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के दरियापुर गावं निवासी स्व. रामपाल का पुत्र ज्ञान सिंह बुधवार की सुबह खेत जा रहा था। जब वह रेलवे लाइन पार कर रहा था तभी ट्रेन आ गई जिसकी चपेट में आ जाने से उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर शव को विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाबत जानकारी मृतक के भाई कृष्ण पाल ने दी है।

### खंड विकास अधिकारी की अगुवाई में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**निघासन खीरी।** विकास खण्ड निघासन की ओर से निकली गई तिरंगा यात्रा जो विकास खण्ड से निघासन कस्बे में भ्रमण किया गया वंदे मातरम का उद्बोध करते हुए पर भारत माता के जयकार के नारे लगाते हुए यात्रा कस्बे में भ्रमण कराकर पुनः विकास खंण्ड पर तिरंगा यात्रा का समापन किया गया इस मौके पर विकास खण्ड परिवार के सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे इस दौरान सहायक विकास अधिकारी विजय गुप्ता, ग्राम पंचायत अधिकारी सुनील पंकज, मोहम्मद आसिफ खान, नवीन राठौर, विनय मौर्यए जे बी बाबू, राष्ट्रीय आजीविका मिशन के कर्मचारी रमन कुमार एव समस्त स्टाप वह सभी ग्राम पंचायतों के ग्राम रोजगार सेवक अमर प्रकाश शुक्ला, संजय गुप्ता, आशीष कनौजिया, इमरान हुसैन, जसवंत कुमार, आसाराम, विनोद कुमार, रमेश कुमार, अनिल कुमारए एवं समस्त ग्राम रोजगार सेवक व तकनीक अधिकारी हिमांशु मोर्य, शिवनारायण श्रीवास्तव, आलोक सिंह एवं समस्त विकास खण्ड परिवार मौजूद रहा ।

# घटतौली का विरोध करने पर कोटेदार ने कार्ड धारक की पिटाई की

**संडीला ( हरदोई )।** एक राशन कार्ड धारक द्वारा कम खाद्यान दिए जाने का विरोध करने पर कोटेदार और उसके गुर्गों द्वारा न केवल मारापीटा गया बल्कि उसके विरुद्ध फ़र्ज़ी मुकदमा दर्ज कराने का भी प्रयास किया जा रहा है। घटना तहसील संडीला के ग्राम पिपरी की है। यहां महादेउआ निवासी नीरज कुमार यादव कोटेदार सावित्री देवी के यहां राशन लेने के लिए गए थे। सर्वेश पुत्र रामप्रकाश यादव जो कि उस समय खाद्यान का वितरण कर रहे थेए उनकी खाली बोरी जमा कराते हुए ई.पास मशीन में उनका अंगूठा लगवाया और ज बवह कांटे से तौल कर खाद्यान दे रहे थे तो उन्हें लगा कि खाद्यान कम दिया जा रहा है। उन्होंनें विरोध किया। उनका कहना है कि इसका वीडियो बनाना शुरू किया तो गांव के रामखातिरए शुभम वर्मा आदि ने उनकी पिटाई की और उनका मोबाइल छीन लिया। यह वीडियो तब तक कई लोगों को फॉरवर्ड कर दिया था।

# प्रधान डाकघर से निकली बाइक रैली विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर गोष्ठी



**फतेहपुर।** हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत बुधवार को प्रधान डाकघर से मोटर साइकिल रैली डाकघर अधीक्षक अतुल कुमार के नेतृत्व में निकाली गई। जो गंगानगर, देवीगंज, वर्मा चौराहा, पटेल नगर, शादीपुर होकर प्रधान डाकघर में समाप्त हुई। तिरंगा रैली के दौरान सैकड़ों कर्मचारियों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम् के नारे लगाए। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस 14 अगस्त के अवसर पर प्रधान डाकघर में एक प्रदर्शनी एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वयोवृद्ध वरिष्ठ कवि शिवसागर साहू उपस्थित रहे। गोष्ठी में भारत देश के विभाजन की विभीषिका के विषय में चर्चा की गयी। रैली कार्यक्रम में पोस्टमास्टर शत्रुघन लाल, सहायक अधीक्षक डाकघर संदीप चौरसिया, सर्वेश वर्मा निरीक्षक डाकघर खागा, बिन्दकी प्रशांत पाल, संजय मिश्रा, जयशंकर गुप्ता, अजय दीक्षित, जीतेन्द्र कुमार, अभय सिंह, सौरभ, राजकुमार, दीपक, हरीओम, अंजली, शिवानी, प्रियंका, अनामिका, रामचंद्र, गिरीश, सुनील संदीप, शैलेन्द्र सहित कर्मचारियों ने सहभाग किया।

# बेरोजगारों के लिए आईटीआई तिगाई में 16 अगस्त को लगेगा रोजगार मेला

**कानपुर देहात।** डीएम आलोक सिंह के निर्देशन में जिला रोजगार सहायता अधिकारी शशि तिवारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा पुरुष/महिला बेरोजगारों के लिए 16.08.2024 स्थान जयंती प्राइवेट आईटीआई, तिगाई रूरा रोड, कानपुर देहात में प्रात: 10.00 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा, जिसमें निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। आईटीआई, नान आईटीआई उर्तीण अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। मेले में आए अभ्यर्थियों का रोजगार संगम पोर्टल पर पंजियन भी किया जायेगा। अभ्यर्थी शैक्षिक प्रमाण.पत्र तथा जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति ले आयेगें। सेवायोजन विभाग द्वारा विकसित नवीन पोर्टल पर जॉय सीकर, नियोजक एवं संस्थान के पंजीयन की व्यवस्था है। जनपद के टेक्निकल/नॉन टेक्निकल शिक्षण संस्थान, स्नातकोत्तर महाविद्यालय अपना पंजीयन इंस्ट्रीटयूट रजिस्ट्रेशन में कराए एव उसमें अध्ययनरत अभ्यर्थी पंजियन कैम्पस प्लेसमेन्ट में कराये।

# ब्रिलियंट स्कूल से निकली तिरंगा रैली, पालिका में हुआ समापन



**फतेहपुर।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर बुधवार को ब्रिलियंट ओरियंटल स्कूल पक्का तालाब से नगर पालिका परिषद तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा को विद्यालय के संस्थापक सैयद इश्तियाक हुसैन ने तिरंगा झंडा दिखाकर रवाना किया। यात्रा में शामिल छोटे बच्चों का रास्ते में बाकरगंज पुलिस चौकी प्रभारी और उनके साथियों ने भी स्वागत किया। बच्चों ने देशभक्त नारे लगाए। बच्चे अपने हाथों में तिरंगा लेकर चल रहे थे। पालिका परिसर पर चेयरमैन राजकुमार मौर्य ने तिरंगा यात्रा का स्वागत किया। नगर पालिका परिसर में चेयरमैन ने बच्चों के लिए बिस्कुट और पानी का इंतजाम कराया। समापन के मौके पर चेयरमैन सै. वासिफ हुसैन, प्रधानाचार्य वकील अहमद, उप प्रबंधक ताहिर हुसैन, अहमद उमैर, सूफिया, अर्शी, फरहीन एजाज, असफ, अफजल, मो. आदिल, हेरा, सैयद ताहा, समन, नायरा नूर के अलावा शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं सभासदों में शादाब अहमद, गुड्डू यादव, विवेक यादव, इस्माइल वारसी, आशु शहजाद, अनवर, भिक्कू मामा, अखिलेश, आफताब अहमद, श्यामू जायसवाल, सहायक अभियंता जगदीश प्रसाद, कर अधीक्षक अजहर हुसैन, सफाई एवं खाद निरीक्षक राकेश कुमार गौड़, मो. हबीब, इरफान अली सिद्दीकी, सलीम अनवर, राजीव पांडेय रितेश मौजूद रहे।

# आगरा से लौट रहे सर्राफा व्यवसाई से छीनी सवा किलो चांदी



सीसीटीवी खंगालती व जॉच करती पुलिस।

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** सर्राफा की मण्डी से आभूषणों की खरीद कर वापस लौट रहे सर्राफा व्यवसाई से अज्ञात बाईक सवारों ने झोला छीन लिया और फरार हो गये। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक नें काफी दूर तक खोजबीन की लेकिन बदमाश फरार हो गये। बुधवार की शाम 4:30 बजे आगरा में एक किलो तीन सौ ग्राम चांदी के आभूषणों की खरीद कर तेराजाकेट कट पर उतरे साजिद पुत्र अब्दुल जलील निवासी दारासराय समधन ई रिक्सा पर सवार होकर मलिकपुर बल्लापुरवा रोड स्थित अपनी दुकान जा रहे थे जैसे ही तेराजाकेट रोड पर मलिकपुर पहले ईदगाह के निकट पहुंचे तभी बाईक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने जेवरात भरा झोला छीन लिया और मलिकपुर की ओर फरार हो गये। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे एवं समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह नें काफी दूर तक खोजबीन करनें के साथ साथ सीसीटीवी फुटेज खंगालनें शुरू कर दिये। समाचार लिखे जाने तक घटना का कोतवाली में मुकदमा दर्ज नही हो सका था।

# अन्न जल ग्रहण किए बगैर भगवान भोलेनाथ की तपस्या में तल्लीन शिव भक्त बना क्षेत्र में चर्चा का विषय

**निघासन . खीरी।** पवित्र श्रावण मास में भगवान भोलेनाथ की तपस्या में तल्लीन एक शिवभक्त क्षेत्र में चर्चा का विषय बन चुका है । बिना अन्न जल ग्रहण किए भगवान शिव की आराधना में लीन उक्त शिवभक्त को देखने के लिए क्षेत्र वासियों का तांता लगा हुआ है। जानकारी के अनुसार स्थानीय विकास क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भंगैयाचाट मजरा ग्राम पंचायत मूड़ा बुजुर्ग निवासी सोनू गौतम पुत्र छोटेलाल निघासन लखीमपुर.खीरी के प्रसिद्ध बारूबाबा देवस्थान पर बिना अन्न जल ग्रहण किए पूरे एक महीने तक भगवान भोलेनाथ के नाम का जाप करते हुए तपस्या में लीन हैं । ऐसे परम शिव भक्त की तपस्या क्षेत्र में चर्चा का केंद्रबिंदु बन चुकी है । उनकी तपस्या का प्रण एक महीना पांच दिन में पूरा होगा इसके बाद चौबीस अगस्त को भंडारे का आयोजन किया जाएगा।


# तिरंगा यात्रा निकाल पुलिस व भाजायूमो ने दिया देश भक्ति का संदेश



तिरंगा यात्रा निकालते पुलिसकर्मी तथा भाजायूमो कार्यकर्ता

**संडीला ( हरदोई )।** कोतवाली पुलिस और क्षेत्रीय विधायक के नेतृत्व में तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया गया। कोतवाल राकेश कुमार यादव के नेतृत्व में कोतवाली संडीला में तैनात पुलिसकर्मियों ने कोतवाली परिसर से तिरंगा यात्रा निकाली। यह यात्रा नगर के मुख्यमार्ग से होती हुई इमलियाबाग चौराहे गयी और से पुन: वापस लौटी। तिरंगा यात्रा में कस्बा चौकी इंचार्ज सुरेन्द्र मिश्रा, उपनिरीक्षक प्रभात मिश्रा, बस अड्डा चौकी प्रभारी रुद्र प्रताप सिंह, एसआई अरविंद कुमार यादव समेत तमाम पुलिसकर्मी शामिल रहे। रैली का समापन कोतवाली परिसर में हुआ। दूसरी ओर भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा विधायक अलका अर्कवंशी के नेतृत्व में भुइंयन देवी मंदिर से तिरंगा यात्रा निकाली गयी। इस यात्रा का नगर में स्थान.स्थान पर स्वागत किया गया। इस यात्रा में शिवांजली पाण्डेय, अमित गुप्ता, रवि चौधरी, रिषभ खन्ना, महेन्द्र सोनी, पंकज अवस्थी, अमित शर्मा, सौरव गुप्ता, हरिओम तिवारीए श्रवण सक्सेना, रितेश गुप्ता तथा भाजपा नगर अध्यक्ष रमन नीतीश जायसवाल मौजूद रहे।

# विभाजन के बाद हुई घटनाएं वास्तविकता में देश के लिए दुर्भाग्यपूर्णः डॉ आरके कोली



**लखीमपुर खीरी।** जिला पुरुष चिकित्सालय एमसीएच विंग ओयल में बुधवार को विभाजन विभीषिका दिवस को मनाया गया। इस दौरान वक्ताओं द्वारा भारत के विभाजन के दौरान हुई घटनाओं पर विस्तार से उपस्थित जनसमूह को जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमएस डॉ आरके कोली ने की। इस दौरान उन्होंने बताया कि भारत के विभाजन वास्तव में किसी विभीषिका से कम नहीं था। भारत को स्वतंत्रता मिलने से पहले जिस तरह से पाकिस्तान का जन्म हुआ। वह निश्चित तौर पर देश के लिए दुर्भाग्य पूर्ण घटना थी। जनहानि के साथ ही बहुत बड़ी तादात में राष्ट्रीय क्षति भी हुई थीए इसे सहज ही बुलाया नहीं जा सकता। ऐसे में इसे याद रख कर हम भविष्य में एकजुटता का परिचय देते हुए देश को और आगे ले जा सकते हैं और देश की अखंडता को और अधिक मजबूत कर सकते हैं। शासन के निर्देशों पर विभाजन विभीषिका दिवस 14 अगस्त को मनाया जा रहा है और स्वास्थ्य विभाग भी इसमें बढ़.चढ़कर हिस्सा ले रहा है। इस दौरान डॉ दीपेंद्र गौतम ने विस्तार से भारत के विभाजन के लिए जिम्मेदार लोगों और राजनीतिक गतिविधियों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अंग्रेजों की यह कूटनीतिक चाल इसलिए भी सफल हो गईए क्योंकि देश में उस दौरान राजनीतिक अस्थिरता थी। ऐसे में हमारे देश का एक अंग हमसे अलग हो गया। उन्होंने पाकिस्तान के जनक जिन्ना की गतिविधियों को लेकर कहा कि तृतीय विश्व युद्ध के दौरान अंग्रेजों ने भारतीयों से जब अपनी ओर से लड़ने को कहा तो कांग्रेस नेतृत्व ने ऐसा करने पर देश को स्वतंत्र करने की शर्त रखीए परंतु जिन्ना ने इसका फायदा उठाते हुए अंग्रेजों से हाथ मिला लिया और उसके बाद एक विशेष समुदाय में अपनी पकड़ बना ली। जिसके फल स्वरुप कुछ ही समय में जिन्ना का कद बढ़ गया और पाकिस्तान का जन्म हुआ।

# निजी पक्ष को मुआवजे का भुगतान होने तक सभी मुफ्त योजनाओं को रोक देंगे

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने बुधवार को महाराष्ट्र सरकार को उसकी मुफ्त योजनाओं को तब तक स्थगित करने की चेतावनी दी जब तक कि वह उस निजी पक्ष को मुआवजा नहीं दे देती जिसकी जमीन पर उसने छह दशक से अधिक समय पहले अवैध तरीके से कब्जा कर लिया था। महाराष्ट्र सरकार को कड़ी फटकार लगाते हुए उच्चतम न्यायालय ने कहा कि राज्य के पास मुफ्त सुविधाओं पर बर्बाद करने के लिए काफी राशि है, लेकिन उसके पास उस निजी पक्ष को मुआवजा देने के लिए पैसा नहीं है, जिसने अपनी जमीन उसके हाथों अवैध रूप से गंवा दी है। इस मामले में महाराष्ट्र का आचरण एक 'आदर्श राज्य' जैसा नहीं होने की बात कहते हुए उच्चतम न्यायालय ने चेतावनी दी कि वह निर्देश दे सकता है कि मुआवजा राशि का भुगतान नहीं होने तक सभी मुफ्त योजनाएं निलंबित रहेंगी।

न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि राज्य ने मुआवजे के तौर पर 37.42 करोड़ रुपए देने की पेशकश की है, जबकि आवेदक के वकील ने दलील दी है कि यह करीब 317 करोड़ रुपए बैठता है। महाराष्ट्र की ओर से पेश हुए अधिवक्ता निशांत आर कटनेश्वरकर ने पीठ से तीन सप्ताह का समय देने का आग्रह करते हुए कहा कि मामले पर उच्चतम स्तर पर विचार किया जा रहा है और रेडी रेकनर के अनुसार मुआवजे की गणना के लिए कुछ सिद्धांतों का पालन किया जाना आवश्यक है।

पीठ ने कहा, हम आपको तीन सप्ताह का समय देते हैं और अंतरिम आदेश पारित करते हैं कि जब तक हम अनुमति नहीं देते, तब तक महाराष्ट्र राज्य में कोई भी मुफ्त योजना लागू नहीं की जानी चाहिए। हम लाडली बहिन , लड़का भाऊ को रोक देंगे। इस साल की शुरुआत में राज्य सरकार द्वारा घोषित मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना के तहत, 21 से 65 वर्ष की आयु वर्ग की उन पात्र महिलाओं के बैंक खातों में 1,500 रुपए हस्तांतरित किए जाने हैं, जिनकी पारिवारिक आय 2.5 लाख रुपए से कम है। इसी तरह,

### उच्चतम न्यायालय की महाराष्ट्र सरकार को चेतावनी

लड़का भाऊ योजना के तहत, योजना का प्राथमिक लक्ष्य युवाओं को वित्तीय सहायता और व्यावहारिक कार्य अनुभव प्रदान करना है।

सुनवाई के दौरान, कटनेश्वरकर ने कहा कि वह अदालत द्वारा पारित निर्देशों का पालन करते हैं, लेकिन इस तरह की टिप्पणियों के कारण सुर्खियां बनती हैं। न्यायमूर्ति गवई ने कहा,हो सकता है। हमें इसकी चिंता नहीं है। हम समाचार पत्र नहीं पढ़ते। हमें नागरिकों के अधिकारों की चिंता है। पीठ ने कहा कि वह ए टिप्पणियां करने के लिए बाध्य है। पीठ ने पूछा, आपके पास सरकारी खजाने से मुफ्त में दी जाने वाली चीजों पर बर्बाद करने के लिए हजारों करोड़ रुपए हैं, लेकिन आपके पास उस व्यक्ति को देने के लिए पैसे नहीं हैं, जिसे कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना जमीन से वंचित किया गया है।

शीर्ष अदालत द्वारा पारित पहले के आदेशों का हवाला देते हुए पीठ ने कहा कि उसने मामले में स्पष्ट तथ्य दर्ज किए हैं। उसने कहा कि चूंकि अदालत 9 अगस्त को दायर हलफनामे में राज्य द्वारा अपनाए गए रुख से संतुष्ट नहीं थी, इसलिए उसने राज्य के वकील से मुख्य सचिव से चर्चा करने और एक उचित प्रस्ताव लाने के लिए कहा था। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता की जमीन को राज्य ने अवैध रूप से अपने कब्जे में ले लिया था और बाद में इसे अर्मामेंट रिसर्च डेवलपमेंट इस्टेब्लिशमेंट इंस्टीट्यूट (एआरडीईआई) को आवंटित कर दिया गया था।

पीठ ने कहा कि उच्चतम न्यायालय तक मुकदमे में सफल होने के बावजूद, आवेदक को अपना वैध हक पाने के लिए दर-दर भटकना पड़ा। पीठ ने कहा, हम (राज्य की) दलीलों से प्रभावित नहीं हैं। यदि राज्य सरकार कुछ मामलों में तत्परता से काम करना चाहती है, तो निर्णय 24 घंटे के भीतर लिए जाते हैं। हालांकि, हम राज्य सरकार को एक उचित मुआवजे पर काम करने के लिए कुछ और समय देने को इच्छुक हैं। मामले में अगली सुनवाई 28 अगस्त को होगी।

पीठ ने कहा, यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि यदि राज्य सरकार उस तिथि तक ऐसा कोई प्रस्ताव लेकर नहीं आती है, तो हम उचित आदेश पारित करने के लिए बाध्य होंगे। राज्य के वकील ने कहा कि उन्हें हलफनामा दाखिल करने की अनुमति दी जाए, ताकि वे अपने द्वारा उठाए गए कदमों को बता सकें। पीठ ने कहा कि राज्य अगली सुनवाई की तिथि से पहले हलफनामा दाखिल कर सकता है। पीठ ने कहा, लेकिन अगर हमें लगता है कि विवेक का प्रयोग नहीं किया गया है और उसे (आवेदक को) परेशान किया जा रहा है... तो हम न केवल नए अधिनियम के अनुसार सभी मुआवज़े का भुगतान करने का निर्देश देंगे, बल्कि हम यह भी निर्देश देंगे कि जब तक राशि का भुगतान नहीं हो जाता, तब तक आपकी सभी मुफ्त योजनाएं निलंबित रहेंगी। पीठ ने कहा, हम आपको चेतावनी देते हैं कि अगर हमें यह रुख़ सही नहीं लगा तो नए अधिनियम के अनुसार मुआवज़ा भुगतान करने के निर्देश के अलावा, दूसरा निर्देश आपको और अधिक प्रभावित करेगा। सर्वोच्च अदालत महाराष्ट्र में वन भूमि पर इमारतों के निर्माण से संबंधित एक मामले की सुनवाई कर रही थी, जहां एक निजी पक्ष ने उच्चतम न्यायालय के जरिए उस भूमि पर कब्ज़ा प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है जिस पर राज्य द्वारा अवैध रूप से कब्ज़ा किया गया था।

राज्य सरकार ने दावा किया है कि उक्त भूमि पर केंद्र के रक्षा विभाग की एक इकाई एआरडीईआई का कब्ज़ा है। सरकार ने कहा कि बाद में, एआरडीईआई के कब्जे वाली भूमि के बदले निजी पक्ष को भूमि का एक अन्य भूखंड आवंटित किया गया था। हालांकि, बाद में यह पाया गया कि निजी पक्ष को आवंटित भूमि को वन भूमि के रूप में अधिसूचित किया गया था। पीठ ने 23 जुलाई के अपने आदेश में कहा कि निजी पक्ष, जो शीर्ष अदालत तक सफल रहा है, को उसके पक्ष में पारित डिक्री के लाभों से वंचित नहीं किया जा सकता है।

# त्रिपुरा में भाजपा ने 97 प्रतिशत सीट जीतकर पंचायत चुनाव में शानदार जीत हासिल की

**अगरतला/नई दिल्ली।** त्रिपुरा में सत्तारूढ़ भाजपा ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में 97 प्रतिशत सीट पर जीत हासिल की है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। भाजपा ने ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों और जिला परिषदों में 71 प्रतिशत सीट निर्विरोध जीतीं। शेष 29 प्रतिशत सीट के लिए मतदान आठ अगस्त को हुआ था तथा मतगणना मंगलवार को हुई। अधिकारी ने बताया कि पार्टी ने 606 में से 584 ग्राम पंचायतों, 35 में से 34 पंचायत समितियों और आठ जिला परिषदों में जीत हासिल की। भाजपा ने जून में त्रिपुरा की दोनों लोकसभा सीट पर विजय हासिल की थी।

राज्य निर्वाचन आयुक्त आसित कुमार दास ने बताया कि आठ जिला परिषदों की 96 सीट पर हुए चुनाव में भाजपा ने 93 सीट जीतीं, जबकि कांग्रेस और माकपा क्रमशः दो और एक सीट पर विजई रहीं। पंचायत समितियों के संदर्भ में भाजपा ने कुल 188 सीट में से 173 जीतीं। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और कांग्रेस ने क्रमशः छह और आठ सीट जीतीं। दास ने बताया कि 1,819 ग्राम पंचायत सीट के चुनाव में भाजपा ने 1,476 सीट जीतीं। माकपा, कांग्रेस और टिपरा मोथा को क्रमशः 148, 151 और 24 सीट मिलीं।

भाजपा ने इस पंचायत चुनाव में उस पर फिर भरोसा जताने के लिए लोगों को धन्यवाद दिया। विपक्षी दलों ने हालांकि कहा कि वे सत्तारूढ़ दल की भय फैलाने की कथित रणनीति के चलते 71 प्रतिशत सीट पर उम्मीदवार नहीं उतार पाए। मुख्यमंत्री माणिक साहा ने कहा, इस जनादेश से पता चलता है कि लोगों का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके विकास कार्यक्रमों में विश्वास बना हुआ है। भाजपा ने 97 प्रतिशत सीट बड़े अंतर से जीती हैं। भविष्य में पंचायत चुनाव में 100 प्रतिशत सीट जीतने का प्रयास होना चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने त्रिपुरा के स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए बुधवार को राज्य के लोगों का आभार जताया। यह त्रिपुरा के लोगों की जीत है। खबरों के मुताबिक, त्रिपुरा पंचायत चुनावों में भाजपा 5,883 सीटों पर विजई हुई है। राज्य में 6,370 ग्राम पंचायतों के लिए मतदान हुआ था। पार्टी ने पंचायत समिति की 404 सीटें और जिला परिषद की 113 सीटें भी जीती हैं।

# भारत ने लंबी दूरी के ग्लाइड बम गौरव का पहला सफल परीक्षण किया

**नई दिल्ली।** भारत ने वायु सेना के सुखोई-30 एमके-। लड़ाकू विमान से लंबी दूरी के ग्लाइड बम (एलआजीबी) गौरव का पहला सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि परीक्षण के दौरान ग्लाइड बम ने लॉन्ग व्हीलर द्वीप पर स्थापित लक्ष्य पर सटीक प्रहार किया। यह परीक्षण ओडिशा तट पर किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ग्लाइड बम के सफलतापूर्वक परीक्षण के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), भारतीय वायु सेना और रक्षा उद्योग की प्रशंसा की।

उन्होंने इस सफल परीक्षण को सशस्त्र बलों की क्षमताओं को और मजबूत करने के लिए स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकियों के विकास में देश के प्रयासों में एक प्रमुख उपलब्धि बताया। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने भारतीय वायु सेना के सुखोई-30 एमके-। से लंबी दूरी के ग्लाइड बम गौरव का पहला सफल परीक्षण किया है। लंबी दूरी के लक्ष्यों को भेदने में सक्षम गौरव का वजन 1,000 किलोग्राम है और इसे हवा से छोड़ा जा सकता है। हैदराबाद स्थित अनुसंधान केंद्र इमारत (आरसीआई) ने गौरव को विकसित किया है। मंत्रालय ने कहा, परीक्षण के दौरान ग्लाइड बम ने लॉन्ग व्हीलर द्वीप पर स्थापित लक्ष्य पर सटीक प्रहार किया। डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने इस परीक्षण पर नजर रखी। मंत्रालय ने बताया कि विकास-सह-उत्पादन भागीदार अदाणी डिफेंस और भारत फोर्ज ने भी परीक्षण में भाग लिया। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष समीर वी कामत ने ग्लाइड बम के सफल परीक्षण पर पूरी डीआरडीओ टीम को बधाई दी।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ सर्व हिंदू समाज ने किया प्रदर्शन

**जयपुर।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ बुधवार को राजस्थान के विभिन्न शहरों में सर्व हिंदू समाज ने रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। सर्व हिंदू समाज ने बाजार बंद रखने का आह्वान किया था, जिसका मिलाजुला असर देखने को मिला। कुछ इलाकों में दोपहर तक बाजार बंद रहे। सांगानेर स्टेडियम में हिंदू व्यापारी, ट्रांसपोर्टर, उद्योगपति एकत्र हुए और बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार पर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के बाद एक विशाल रैली निकाली गई। समाज के लोग हाथ में तख्तियां लिए नारे लगाते हुए आगे बढ़े। तख्तियों पर हिंदू एकता जिंदाबाद , बांग्लादेशियों हिंदुओं पर अत्याचार बंद करो , रोहिंग्या भारत छोड़ो जैसे नारे लिख थे। समाज द्वारा निकाली गई रैली सांगानेर बस स्टैंड, मालपुरा गेट, मुख्य बाजार समेत विभिन्न स्थानों से होते हुए उपखंड अधिकारी कार्यालय (एसडीएम कार्यालय) पहुंची। कार्यालय में एक प्रतिनिधिमंडल ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। बांग्लादेश में हिंदुओं के समर्थन में सांगानेर समेत कुछ बाजार दोपहर तक बंद रहे। प्रदर्शनकारी समूह के प्रतिनिधि गजानंद शर्मा ने बताया कि स्थानीय व्यापार संघ ने न केवल सभी व्यापारियों से विरोध प्रदर्शन में शामिल होने का आग्रह किया है, बल्कि स्वेच्छा से अपने प्रतिष्ठान भी बंद रखने को कहा है। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने बांग्लादेश मुद्दे पर नागौर में शनिश्वर मंदिर से जिलाधिकारी कार्यालय तक तिरंगा रैली निकाली।

## धन शोधन मामला : न्यायालय ने अब्बास अंसारी की जमानत याचिका पर ईडी से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने धन शोधन मामले के सिलसिले में जेल में बंद विधायक अब्बास अंसारी द्वारा दायर जमानत याचिका पर बुधवार को ईडी से जवाब मांगा। अब्बास अंसारी गैंगस्टर से नेता बने और पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी का बेटा है। मुख्तार अंसारी की कुछ महीने पहले जेल में मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति संदीप मेहता ने ईडी को नोटिस जारी किया और अंसारी की जमानत खारिज करने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली उनकी अपील पर उसका जवाब मांगा। उच्च न्यायालय ने नौ मई को अंसारी की जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा था कि ईडी ने उनके खिलाफ मामले में धन के लेनदेन के सबूत पेश किए हैं। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में यह भी कहा था कि दो कंपनियों एमाएस विकास कंस्ट्रक्शन और एमाएस आग़ाज़ के साथ अंसारी द्वारा धन का लेनदेन साबित होता है। ईडी ने आरोप लगाया कि अंसारी ने धन शोधन के लिए इन कंपनियों का इस्तेमाल किया। ईडी ने पिछले तीन मामलों के आधार पर धन शोधन रोकथाम कानून, 2002 के तहत सुभासपा के विधायक अंसारी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। अंसारी पर चार नंवबर 2002 को इस मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। मऊ से विधायक अंसारी अभी कासगंज जेल में हैं।

## बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा : पेजावर के महंत ने धार्मिक जगत के हस्तक्षेप की मांग की

**उडुपी (कर्नाटक)।** उडुपी पेजावर मठ के वरिष्ठ संत विश्वप्रसन्न तीर्थ स्वामीजी ने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा पर चिंता व्यक्त की और इसे रोकने के लिए सामूहिक जागरूकता तथा धार्मिक जगत के हस्तक्षेप का आह्वान किया। स्वामीजी ने एक वीडियो संदेश जारी किया जिसमें न केवल बांग्लादेश में बल्कि भारत में भी हिंदुओं के समक्ष खराब होती स्थितियों की निंदा की गई। हिंदू समुदाय को इन चुनौतियों का सामना करने और वैश्विक शांति को बढ़ावा देने के लिए प्रार्थना के मार्ग पर चलने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस प्रकार की स्थितियों के खिलाफ उठने वाली आवाजों को दबाने के बढ़ते कथित चलन को रेखांकित किया, साथ ही समाज को सतर्क रहने और अन्याय का मुकाबला करने के लिए तत्पर रहने का आह्वान किया।

## पेज 1 का शेष

### मुठभेड़..

इसी अवधि के दौरान सात तीर्थयात्रियों सहित कम से कम 15 नागरिक भी मारे गए। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, पिछले सप्ताह से सुरक्षा बलों ने उधमपुर के ऊपरी इलाकों में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर एक अभियान चलाया था। मंगलवार देर शाम शुरुआती गोलीबारी के बाद आतंकवादियों के समूह के साथ पहला संपर्क स्थापित किया गया था। घने अंधेरे के कारण ऑपरेशन रोक दिया गया। बुधवार को जैसे ही खोजी दलों ने इलाके की तलाशी शुरू की, भीषण गोलीबारी शुरू हो गई। भारतीय सेना के कैप्टन, जो चल रहे ऑपरेशन के दौरान सामने से नेतृत्व कर रहे थे, भारी गोलीबारी में गोली लगने से घायल हो गए। सेना अधिकारी को बेस पर सुरक्षित निकाल लिया गया और अस्पताल ले जाया गया लेकिन बाद में घातक चोटों के कारण उन्होंने दम तोड़ दिया। मुठभेड़ में एक आतंकवादी भी मारा गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए, केंद्र सरकार ने राजौरी, पुंछ, रियासी, उधमपुर के जंगली इलाकों में बने अपने सुरक्षित ठिकानों से विदेशी आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए पहले ही जम्मू क्षेत्र में अतिरिक्त सैनिकों को तैनात कर दिया है। कठुआ के मछेड़ी इलाके और अन्य ऊपरी इलाकों में असम राइफल्स की दो बटालियनों को भी शामिल किया गया है। कमियों को दूर करने और विभिन्न क्षेत्रों में आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू करने के लिए पूरे क्षेत्र में तीन हजार अतिरिक्त सेना के जवानों और 2000 बीएसएफ जवानों को तैनात किया गया है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी एक ट्वीट में अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा, मैं उत्तराखंड के बहादुर बेटे कैप्टन दीपक सिंह को अपनी गहरी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिन्होंने जम्मू-कश्मीर के डोडा में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। भारत माता की सेवा में उनका बलिदान सदैव युवाओं में देशभक्ति की प्रेरणा देता रहेगा। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उनकी पुण्य आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्रियों उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती ने भी अपनी संवेदना व्यक्त की।

### विभाजन की...

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो किसी युग में नहीं हुआ, वह कांग्रेस की सत्ता के प्रति अभिलिप्सा ने विभाजन की त्रासदी के रूप में प्रस्तुत किया और स्वतंत्र भारत को ऐसा नासूर दे दिया, जिसका दंश आज भी भारत आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद के रूप में झेल रहा है। यदि तत्कालीन राजनीतिक नेतृत्व ने दृढ़ता का परिचय दिया होता तो दुनिया की कोई ताकत इस अप्राकृतिक विभाजन को मूर्त रूप नहीं दे पाती। येन-केन प्रकारेण सत्ता प्राप्त करने के लिए कांग्रेस ने देश को दांव पर लगा दिया गया। 1947 और इसके बाद से यह लगातार हो रहा है। जब भी इनके हाथ में सत्ता में आई, इन लोगों ने देश की कीमत पर राजनीति की। इसकी कीमत जनता को लंबे समय तक चुकानी पड़ी है। विभाजन की दुर्भाग्यपूर्ण त्रासदी हम सबको उन्हीं गलतियों की परिमार्जन की तरफ ध्यान आकृष्ट करती है। योगी ने कहा कि जो गलतियां इतिहास के काले अध्याय के रूप में हमारे सामने कैद हैं, वही गलतियां चुनाव के समय राजनीतिक दल करते हैं। जो पहले जातिवाद के नाम पर होता था, वही कारनामे आज राजनीतिक दलों के स्तर पर किए जा रहे हैं। जातीयता का नग्न तांडव करके उसी विभाजन की ओर ले जाने की कुत्सित चेष्टा की जा रही है। परिणाम फिर वही है। चेहरे- तिथि बदली है, लेकिन घटनाओं का स्वरूप वही है। सीएम योगी ने कहा कि 1947 के पहले महर्षि अरविंद ने उद्घोषणा की थी कि आध्यात्मिक जगत में पाकिस्तान कोई वास्तविकता नहीं है। उसका भारत में विलय होगा या पाकिस्तान हमेशा के लिए समाप्त होगा। आध्यात्मिक जगत में जिसका वास्तविक अस्तित्व नहीं है, उसे नष्ट ही होना है। जाति, क्षेत्रीय, भाषाई विभाजन से उबरकर हमें राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करना होगा। योगी ने कहा कि पीएम मोदी के आभारी हैं, जिन्होंने इतिहास के काले अध्यायों से पर्दा उठाकर गलतियों के परिमार्जन के लिए रास्ता बनाने का आह्वान किया है। हमें इसी आह्वान के साथ जुड़ना है। जो 1947 में हुआ, वही आज पाकिस्तान और बांग्लादेश में हो रहा है। उस समय 10 लाख हिंदू-सिख काटे गए थे, आज भी वही आगजनी, तोड़फोड़, लूटपाट, बहन-बेटियों संग अत्याचार, त्रासदी का दृश्य देख रहे हैं।

# बांके बिहारी मंदिर की मंगला आरती में सिर्फ एक हजार भक्त ही हो सकेंगे शामिल

**भाषा।** मथुरा

**उत्तर प्रदेश** के मथुरा में वृन्दावन के ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में जन्माष्टमी की रात भगवान के प्राकट्य के बाद होने वाली मंगला आरती में इस बार भी सिर्फ एक हजार भक्तों को ही मौजूद रहने की अनुमति दी जाएगी। आगरा मण्डल की आयुक्त रितु माहेश्वरी ने जन्माष्टमी की तैयारियों के संबंध में बुलाई गई बैठक में कहा कि इस बार भी मंगला आरती के समय केवल एक हजार भक्त ही मंदिर में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि चूंकि जन्माष्टमी के अवसर पर देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु यहां आते हैं। ऐसे में हमारी जिम्मेदारी है कि वे आसानी से अपने ईश्ट देव का दर्शन भली प्रकार कर सकें और उन्हें इसमें कोई परेशानी न हो।

जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय समेत सभी संबंधित अधिकारी तथा मंदिरों के प्रबंधक इस बैठक में शामिल रहे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि दो साल पहले जन्माष्टमी के ही अवसर पर बांकेबिहारी मंदिर में भगवान के प्राकट्य के बाद मंगला आरती के समय अत्यधिक भीड़ के दबाव से दो महिला श्रद्धालुओं की दम घुटने से मौत हो गई थी।

इस घटना के मद्देनजर पिछले वर्ष से ही मंगला आरती के समय मंदिर प्रांगण में केवल एक हजार भक्तों को ही उपस्थित रहने की अनुमति दी गई। इस बार भी यही व्यवस्था रहेगी। नगर पालिका परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि जन्मोत्सव के अवसर पर मथुरा के चौराहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए पांच मुख्य मंच तथा 19 छोटे मंच बनाए जाएंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए स्थानीय एवं बाहरी लोक गायकों, सांस्कृतिक दलों को आमंत्रित किया गया है। मंदिरों पर लाइटिंग एवं साज सज्जा का कार्य मंदिर प्रबंधकों द्वारा किया जाएगा।

नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने बताया कि बेहतर सफाई व्यवस्था के लिए 22 क्यूआरटी टीमों का गठन किया गया है, जिनमें से 14 मथुरा एवं आठ वृन्दावन में तैनात की गई हैं।

उन्होंने बताया कि वे (टीमें) श्रद्धालुओं के आने वाले मार्गों पर लगातार सफाई करते रहेंगे। कहीं भी कूड़े के ढेर नहीं लगने देंगे। इसी प्रकार भण्डारे लगाने वालों को भी गंदगी न करने शर्त पर ही अनुमति दी गई है। मण्डलायुक्त ने मथुरा में महोत्सव पर सुरक्षा के उपाय करते समय हाथरस की घटना का ध्यान रखते हुए बनाने को कहा। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्मभूमि के निकट सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था करने, एकल दिशा मार्ग यातायात व्यवस्था करने को निर्देश दिए।

# कुत्ते के साथ कैब में बैठाने से चालकों के इनकार को लेकर शिकायत खारिज

**भाषा।** मुंबई

**शहर** के एक उपभोक्ता आयोग ने कैब संचालक कंपनी उबर के खिलाफ एक महिला की इस शिकायत को खारिज कर दिया है कि उसके चालकों ने साथ में पालतू कुत्ता होने पर गाड़ी में बैठाने से मना कर दिया था। जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, मध्य मुंबई ने मंगलवार को जारी एक आदेश में कहा कि सार्वजनिक वाहनों में पालतू पशुओं को ले जाने के संबंध में भारत में कोई कानून या कानूनी प्रावधान नहीं है। वडाला निवासी महिला ने जून 2022 में दायर अपनी शिकायत में कहा था कि कंपनी की पालतू पशु हितैषी नीतियों के बावजूद उबर चालकों ने दो बार उन्हें ले जाने से इनकार कर दिया, जब उन्होंने बताया कि वह अपने पालतू कुत्ते के साथ यात्रा करेंगी। महिला ने सेवा में कमी, अनुचित व्यापार तरीके, मानसिक पीड़ा और मुकदमे के खर्च के तौर पर 10 लाख रुपए के मुआवजे की मांग की थी।

उन्होंने आयोग से यह भी अनुरोध किया कि वह कंपनी को निर्देश दे कि यात्रियों को अपने पालतू और आवारा पशुओं के साथ कैब में यात्रा करने की अनुमति देने के लिए कदम उठाए जाएं। उबर इंडिया ने कहा कि शिकायती महिला ने उन चालकों को मामले में पक्ष नहीं बनाया है जिनके खिलाफ उसने शिकायत की है। उसने कहा कि महिला के आरोपों के समर्थन में इस बात के अलावा कोई सबूत नहीं है कि उन्होंने पालतू कुत्ते के साथ यात्रा करने के बारे में चालकों को सूचित किया था।

कंपनी ने कहा कि भारत में सार्वजनिक परिवहन के साधनों में पालतू पशुओं के साथ यात्रा करने की अनुमति के संबंध में कोई नीति नहीं है और इसलिए शिकायत खारिज की जानी चाहिए। आयोग ने कंपनी के व्यापार मॉडल की समीक्षा के बाद कहा कि चालक ने अपने विवेक से यात्रा को रद्द कर दिया और उबर इंडिया को इसके लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।

## उच्चतम न्यायालय ने बांसुरी स्वराज सहित 39 वकीलों को वरिष्ठ अधिवक्ता नामित किया


**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को 39 वकीलों और एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड को वरिष्ठ अधिवक्ता नामित किया। वरिष्ठ अधिवक्ता नामित किए गए वकीलों में बांसुरी स्वराज भी शामिल हैं। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और शीर्ष अदालत के न्यायाधीशों ने एक बैठक में 14 अगस्त, 2024 से इन्हें वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित किया, जिनमें 10 महिलाएं हैं। बांसुरी स्वराज के अलावा, नलिन कोहली, अभिमन्यु भंडारी, अनिंदिता पुजारी, शादान फरासत, अपर्णा भट, परमेश्वर के, ऋषि मल्होत्रा, अशोक पाणिग्रही, गौरव शर्मा उन वकीलों में शामिल हैं, जिन्हें वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित किया गया है। उच्चतम न्यायालय ने 19 जनवरी को 56 वकीलों को वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित किया था। संविधान के अनुच्छेद 145 के तहत उच्चतम न्यायालय द्वारा तैयार नियमों के अनुसार, केवल एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड (एओआर) के रूप में नामित अधिवक्ता ही उच्चतम न्यायालय में मामले दायर कर सकते हैं, जो वर्ष में दो बार एओआर परीक्षा आयोजित करता है।

## बिहार के पूर्व विधायक अनंत सिंह को पटना उच्च न्यायालय ने बरी किया

**पटना।** पटना उच्च न्यायालय ने बिहार के मोकामा विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक अनंत कुमार सिंह को उनके आवास से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद होने के मामले में बुधवार को बरी कर दिया। न्यायमूर्ति चंद्र शेखर झा ने सिंह की एक चुनौती याचिका पर यह फैसला सुनाया। पटना की एक निचली अदालत ने चार साल पुराने इस मामले में सिंह को दस साल के जेल की सजा सुनाई थी। पूर्व विधायक ने निचली अदालत के फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। पूर्व विधायक के अधिवक्ता सुनील कुमार ने कहा कि हमने तर्क दिया कि सिंह को उस परिसर से आपत्तिजनक वस्तुओं की बरामदगी के लिए दोषी ठहराया गया था जहां वह नहीं रह रहे थे। अब हमें उम्मीद है कि हमारे मुवक्किल जल्द ही जेल से बाहर आ जाएंगे। सिंह को उनके खिलाफ दर्ज सभी मामलों में पहले ही जमानत मिल चुकी है।

# ममता ने सीबीआई जांच के आदेश का स्वागत किया

**भाषा।** कोलकाता



**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आर जी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में प्रशिक्षु डॉक्टर की कथित बलात्कार के बाद हत्या के मामले की जांच सीबीआई को सौंपने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश का बुधवार को स्वागत किया। बनर्जी ने विपक्षी माकपा और भाजपा पर इस घटना का राजनीतिकरण करने और बांग्लादेश में छात्र आंदोलन की तरह राज्य में विरोध प्रदर्शन को भड़काने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनकारी डॉक्टरों से काम का बहिष्कार त्यागने की अपील करते हुए कहा कि वे काम पर लौट आएं, क्योंकि स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। उन्होंने कहा, हम कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करेंगे और सीबीआई को पूरा सहयोग देंगे। हमें सीबीआई (केंद्र अन्वेषण ब्यूरो) को मामला सौंपे जाने से कोई समस्या नहीं है, क्योंकि हम चाहते हैं कि यह मामला जल्द से जल्द सुलझ जाए। उच्च न्यायालय ने डॉक्टर की बलात्कार के बाद हत्या मामले को मंगलवार को कोलकाता पुलिस से सीबीआई को स्थानांतरित कर दिया। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर पार्टी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, हमने इस मामले में हर संभव कार्रवाई की है, लेकिन फिर भी दुर्भावनापूर्ण अभियान चल रहा है उन्होंने कहा, आप मुझे जितना चाहें उतना गाली दें, लेकिन कृपया राज्य को गाली न दें।

# चिकित्सक दुष्कर्म-हत्या मामला : तृणमूल सांसद सुखेंदु शेखर रॉय धरना देंगे

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ सांसद सुखेंदु शेखर रॉय ने कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक स्नातकोत्तर प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ कथित दुष्कर्म एवं हत्या की घटना की बुधवार को निंदा की। रॉय ने कहा कि वह घटना के विरोध में महिलाओं की ओर से बुधवार मध्यरात्रि को किए जाने वाले प्रदर्शन में एकजुटता दिखाने के लिए धरना देंगे। घटना के विरोध में पश्चिम बंगाल के पूर्वी शहरों और जिलों में महिलाएं आधी रात को सड़कों पर उतरेंगी।

रॉय ने कहा, आज मैं शाम पांच बजे से रात नौ बजे तक धरने पर बैठूंगा, ताकि घटना को लेकर अपना विरोध दर्ज करा सकूं और उन महिलाओं के साथ एकजुटता प्रदर्शित कर सकूं, जो आज रात सड़कों पर उतरेंगी। अपनी उम्र के कारण मैं आधी रात को प्रदर्शन में उनके साथ शामिल नहीं हो पाऊंगा, लेकिन मैं उनके प्रति पूर्ण समर्थन व्यक्त करता हूं। बीती रात सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में टीएमसी सांसद ने कहा था कि वह प्रदर्शन में शामिल होंगे, क्योंकि उनकी खुद की भी एक बेटी और एक पोती है।

रॉय ने लिखा था, कल मैं प्रदर्शन में शामिल होऊंगा, क्योंकि लाखों बंगाली परिवारों की तरह मेरी भी एक बेटी और छोटी पोती है। हमें इस घटना के खिलाफ साथ खड़े होना चाहिए। महिलाओं के खिलाफ क्रूरता बहुत हो चुकी। आइए हम सब मिलकर इसका विरोध करें। चाहे कुछ भी हो जाए। बाद में एक सोशल मीडिया उपयोगकर्ता ने पोस्ट किया कि रॉय को पार्टी से निकाला जा सकता है। जवाब में उन्होंने कहा, कृपया मेरे भविष्य के बारे में चिंता न करें। मेरी रगों में एक स्वतंत्रता सेनानी का खून बहता है। मुझे कोई चिंता नहीं है।

हालांकि, टीएमसी के एक अन्य वरिष्ठ नेता कुणाल घोष का विचार अलग था। उन्होंने कहा, हम सभी विरोध कर रहे हैं। लेकिन वामपंथी-भाजपा कार्यकर्ताओं की आड़ में कुछ लोग एक जघन्य घटना पर गंदी राजनीति करने की कोशिश कर रहे हैं। हम सभी ने आर जी कर की घटना की निंदा की है, लेकिन हम इस पर राजनीति करने वाली कुछ पार्टियों के खिलाफ हैं। तृणमूल कांग्रेस की सांसद सागरिका घोष ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'बंगाल में महिलाओं के खिलाफ अपराधों के लिए शून्य सहिष्णुता। अपराधियों के खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्वाई की जाएगी। अभी और हमेशा। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मंगलवार को मामले की जांच कोलकाता पुलिस से केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने का आदेश दिया था। जूनियर चिकित्सकों के व्यापक आंदोलन के कारण राज्य में स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई हैं।

# भारत के साथ संबंध प्रगाढ़ करने के लिए उत्सुक बांग्लादेश की अंतरिम सरकार: हुसैन

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार भारत के साथ मिलकर काम करना और द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़ बनाना चाहती है। विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन ने बुधवार को यह बात कही। उन्होंने संकेत दिया कि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना का भारत में रहते हुए दिया गया सार्वजनिक बयान बेहतर द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल नहीं है। हुसैन ने भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा से शिष्टाचार मुलाकात के बाद यह बात कही। बांग्लादेश में हुए हालिया घटनाक्रमों के मद्देनजर द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। बांग्लादेश में हाल में बड़े पैमाने पर हिंसा हुई है और अल्पसंख्यकों व मंदिरों पर हमले हुए हैं।

हुसैन ने बैठक के दौरान कहा कि बांग्लादेश भारत के साथ मिलकर काम करना और द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देना चाहता है। हुसैन ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों समेत विभिन्न समुदायों के शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को सुनिश्चित करने के लिए अंतरिम सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग की सरकार गिरने और अंतरिम सरकार का गठन होने के बाद वर्मा और तौहीद की यह पहली मुलाकात थी।

नौकरियों में आरक्षण प्रणाली को लेकर सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद प्रधानमंत्री हसीना पद से इस्तीफा देकर पांच अगस्त को देश छोड़कर भारत चली गई थीं। हुसैन ने कहा कि नोबेल पुरस्कार से सम्मानित मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार समावेशी व बहुलवादी लोकतंत्र सुनिश्चित करने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भागीदारीपूर्ण चुनाव कराने के लिए माहौल बनाने को लेकर प्रतिबद्ध है। वर्मा ने पिछले बृहस्पतिवार यूनुस के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया था। हुसैन ने कहा कि सरकार सभी धार्मिक व जातीय समूहों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और उनके खिलाफ किसी भी तरह की हिंसा या धमकी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी धार्मिक समूह और अन्य राजनीतिक दल भी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं।

बांग्लादेश नेशनल हिंदू ग्रैंड अलायंस ने दावा किया कि पांच अगस्त को हसीना के नेतृत्व वाली सरकार गिरने के बाद से 48 जिलों में 278 स्थान पर हमले हुए हैं और उन्हें धमकाया गया है। अलायंस ने इसे हिंदू धर्म पर हमला करार दिया। हसीना के हालिया सार्वजनिक बयान का हवाला देते हुए हुसैन ने वर्मा से कहा कि भारत में रहते हुए दिए गए ऐसे बयान बेहतर द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल नहीं हैं। हसीना ने अपने पद से हटने के बाद अपने पहले सार्वजनिक बयान में मंगलवार को न्याय की मांग करते हुए कहा कि हालिया आतंकवादी कृत्यों, हत्याओं व बर्बरता में शामिल लोगों के खिलाफ जांच की जानी चाहिए, उनकी पहचान की जानी चाहिए और उन्हें दंडित किया जाना चाहिए। भारतीय राजनयिक से मुलाकात के दौरान हुसैन ने उन्हें बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले सप्ताह वीर छात्रों के नेतृत्व में हुए जन-विद्रोह के जरिए बांग्लादेश ने दूसरी आजादी हासिल की उन्होंने मुख्य सलाहकार के तौर पर नई जिम्मेदारी संभालने पर दी गई शुभकामनाओं के लिए भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

## वर्जीनिया स्टेट यूनिवर्सिटी में गोलीबारी में चार घायल पुलिस को कई लोगों पर संदेह

**पीटर्सबर्ग (अमेरिका)।** वर्जीनिया स्टेट यूनिवर्सिटी में मंगलवार देर रात गोलीबारी की घटना में चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में कई लोग संदिग्ध हैं। चेस्टरफील्ड काउंटी पुलिस ने एक विज्ञप्ति में बताया कि अधिकारियों ने रिचमंड के दक्षिण में स्थित विश्वविद्यालय में रात 12.30 बजे गोलीबारी की सूचना पर कार्वाई की और पाया कि चार लोगों को गोली लगी है। पुलिस ने बताया कि चारों को अस्पताल ले जाया गया और उनकी हालत खतरे से बाहर है। विवि की प्रवक्ता ग्वेन विलियम्स डैंड्रिज के अनुसार कक्षाएं अगले सप्ताह शुरू होंगी, लेकिन नए छात्र इस सप्ताह ही परिसर में पहुंच गए हैं। काउंटी और विवि पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि किसी भी अधिकारी ने हथियार का प्रयोग नहीं किया। विवि की वेबसाइट के अनुसार, विवि में लगभग 4,000 छात्र नामांकित हैं।

# अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण में दर्ज शिकायत में हसीना और अन्य पर नरसंहार करने का आरोप

**ढाका।** बांग्लादेश में अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के समक्ष बुधवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और कई अन्य लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई, जिसमें उन पर अपनी सरकार के खिलाफ छात्रों के बड़े पैमाने पर आंदोलन के दौरान नरसंहार और मानवता के खिलाफ अपराध करने का आरोप लगाया गया। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) की जांच एजेंसी के एक अधिकारी ने कहा, यह शिकायत उन छात्रों में से एक के पिता की ओर से दर्ज कराई गई थी, जिसकी विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस की गोली लगने से मौत हो गई थी।

उच्चतम न्यायालय के एक वकील ने नौवीं कक्षा के छात्र आरिफ अहमद सियाम के पिता बुलबुल कबीर की ओर से यह शिकायत दर्ज कराई, जिसकी पांच अगस्त को विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस की गोली लगने से मौत हो गई थी। दैनिक समाचार पत्र द डेली स्टार ने जांच एजेंसी के उप निदेशक अताउर रहमान के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा, हमने शिकायत दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू हो गई है। जांच पूरी होने पर, हम अगली प्रक्रिया के लिए न्यायाधिकरण के मुख्य अभियोजक कार्यालय को रिपोर्ट सौंपेंगे। सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस के अनुसार, शिकायत में हसीना तथा कई अन्य लोगों पर नरसंहार और मानवता के विरुद्ध अपराध करने का आरोप लगाया गया है। यह शिकायत ऐसे समय में दर्ज कराई गई जब अंतरिम सरकार ने कहा कि एक जुलाई से पांच अगस्त के बीच की अवधि में की गई हत्याओं की सुनवाई अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण द्वारा की जाएगी।

शिकायत में 76 वर्षीय हसीना और अन्य पर 15 जुलाई से पांच अगस्त के बीच सामूहिक हत्याकांड को अंजाम देने का आरोप लगाया गया है। शिकायतों की जांच करनी होगी और फिर आईसीटी-बांग्लादेश के समक्ष मामला दर्ज करना होगा, जिसका गठन मूल रूप से 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तानी सैनिकों का साथ देने वाले बांग्ला भाषी अपराधियों पर मुकदमा चलाने के लिए किया गया था। हसीना की अवामी लीग के महासचिव और पूर्व सड़क परिवहन मंत्री ओबैदुल कादर, पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल, पूर्व सूचना एवं प्रसारण कनिष्ठ मंत्री मोहम्मद अली अराफात समेत कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का नाम भी शामिल है। पांच अगस्त को हसीना सरकार के पतन के बाद देश भर में भड़की हिंसा की घटनाओं में बांग्लादेश में 230 से अधिक लोगों की मौत हुई थी।

# बांग्लादेश में हिंदू परिवार के घर में आग लगाई गई : खबर

**ढाका।** उत्तर पश्चिमी बांग्लादेश में दंगाइयों ने एक हिंदू परिवार के घर पर आग लगा दी, जिसका किसी राजनीतिक संगठन से को जुड़ाव नहीं था। शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार गिरने के बाद अल्पसंख्यक समुदाय को निशाना बनाकर किए गए हमलों में यह सबसे ताजा हमला है। घटना मंगलवार शाम ठाकुरगांव सदर उपजिला के अकचा यूनियन के अंतर्गत फराबाड़ी मंदिरपाड़ा गांव में हुई। इससे कुछ घंटे पहले अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने चिंतित अल्पसंख्यक समुदाय को आश्वासन दिया था कि उनकी सरकार दोषियों को सजा देगी। इससे पहले बुधवार को ही निशाना बनाकर आगजनी की एक घटना हुई। वहीं बांग्लादेश नेशनल हिंदू ग्रैंड अलायंस ने दावा किया कि पांच अगस्त को हसीना के नेतृत्व वाली सरकार गिरने के बाद से 48 जिलों में 278 स्थान पर हमले हुए हैं और उन्हें धमकाया गया है।

अलायंस ने इसे हिंदू धर्म पर हमला करार दिया। अक्छा यूनियन परिषद (यूपी) के अध्यक्ष सुब्रत कुमार बर्मन ने द डेली स्टार अखबार को बताया कि अज्ञात व्यक्तियों ने मंगलवार शाम को करीब 7:30 बजे ठाकुरगांव सदर उपजिला के अक्छा यूनियन के फराबाड़ी मंदिरपाड़ा गांव में कलेश्वर बर्मन के घर में आग लगा दी। स्थानीय लोगों ने तुरंत कार्वाई करते हुए आग पर काबू पा लिया तथा घर में रहने वाले लोग सुरक्षित बच निकलने में सफल रहे। यूनियन परिषद के चेयरमैन ने कहा कि कलेश्वर बर्मन का किसी राजनीतिक संगठन से कोई संबंध नहीं है।

## गाजा में पिछली रात इजराइली हवाई हमले में कम से कम 17 लोग मारे गए

**यरूशलम।** गाजा पट्टी पर पिछली रात और बुधवार को इजराइली हवाई हमले में पांच बच्चों एवं उनके माता-पिता समेत कम से कम 17 लोग मारे गए। फलस्तीन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ए हमले ऐसे वक्त हुए हैं जब 10 माह से जारी लड़ाई में संघर्षविराम पर पहुंचने के लिए नई वार्ता शुरू हो रही है। अमेरिका, कतर और मिस्र को कोई समझौता हो जाने की आस है लेकिन महीनों से अप्रत्यक्ष वार्ता के बाद भी संबंधित पक्षों के बीच कई मुद्दों पर फासला बना हुआ है। मंगलवार देर रात एक हमला मध्य गाजा के नुसीरत शरणार्थी शिविर में एक घर पर हुआ। समीप के अल-अक्सा मारटियर्स अस्पताल के अनुसार इस हमले में दो से 11 साल तक की उम्र के पांच बच्चों और उनके माता-पिता की मौत हो गई।

# अदालत ने नैतिक मूल्यों का पालन न करने पर थाईलैंड के प्रधानमंत्री को पद से हटाया

**बैंकॉक।** थाईलैंड की एक अदालत ने नैतिक मूल्यों का पालन न करने के आरोप में बुधवार को प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन को पद से हटा दिया। इससे एक सप्ताह पहले अदालत ने मुख्य विपक्षी दल को भंग कर दिया था। अदालत के आदेश ने थाई राजनीति में हलचल मचा दी है। संवैधानिक न्यायालय ने श्रेथा को एक कैबिनेट सदस्य की नियुक्ति को लेकर दोषी ठहराया जिसे अदालत के एक अधिकारी को रिश्वत देने के मामले में जेल की सजा हुई थी। अदालत ने श्रेथा के खिलाफ 5:4 के बहुमत से फैसला दिया और प्रधानमंत्री को तत्काल प्रभाव से हटा दिया।

संसद जब तक नए प्रधानमंत्री की नियुक्ति नहीं करती तब तक कैबिनेट कार्यवाहक आधार पर बनी रहेगी। संसद को इस पद पर नियुक्ति के लिए कोई समयसीमा नहीं दी गई है। कार्यवाहक कैबिनेट भी संसद को भंग कर सकती है और नए चुनाव करा सकती है। कार्यवाहक प्रधानमंत्री फेउ थाई पार्टी के फुमथम वेचयाचाई होंगे। फुमथम श्रेथा के अधीन पहले उप प्रधानमंत्री और वाणिज्यमंत्री थे। फेउ थाई पार्टी के पास दो योग्य उम्मीदवार हैं जिनमें पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनवात्रा की बेटी पेटोंगटार्न शिनवात्रा भी शामिल हैं। एक अन्य अग्रणी उम्मीदवार भूमजैथाई पार्टी के प्रमुख अनुतिन चर्नविराकुल हो सकते हैं जो पिछले साल के चुनाव में तीसरे स्थान पर रहे थे।

श्रेथा ने अप्रैल में कैबिनेट फेरबदल में पिचिट चुएनबान को प्रधानमंत्री कार्यालय के मंत्री के रूप में नियुक्त किया था। पिचिट को 2008 में अदालत की अवमानना के मामले में तब छह महीने की जेल हुई थी जब उन्होंने कथित तौर पर पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनवात्रा से जुड़े एक मामले में एक न्यायाधीश को 20 लाख बाहत (55 हजार अमेरिकी डॉलर) की रिश्वत देने की कोशिश की थी। इस घटना पर जब विवाद फिर से शुरू हुआ तो नियुक्ति के कुछ सप्ताह बाद पिचिट ने पद से इस्तीफा दे दिया। पिचिट पहले ही जेल की सजा काट चुके हैं, लेकिन उच्चतम न्यायालय के फैसले के मुताबिक उनका व्यवहार बेईमानी भरा है। इसने फैसला सुनाया कि प्रधानमंत्री के रूप में श्रेथा के पास अपने कैबिनेट सहकर्मियों की योग्यता की पड़ताल करने की जिम्मेदारी थी। अदालत ने कहा कि पिचिट के अतीत के बारे में श्रेथा जानते थे लेकिन फिर भी उन्हें कैबिनेट मंत्री नियुक्त किया।

## पाक में स्वतंत्रता दिवस से पहले राष्ट्रीय ध्वज बेचने वाली दुकान पर ग्रेनेड हमला, तीन की मौत

**भाषा।** क्वेटा

**पाकिस्तान** के 77वें स्वतंत्रता दिवस से पहले संदिग्ध आतंकवादियों ने बलूचिस्तान प्रांत में राष्ट्रीय ध्वज बेचने वाली एक दुकान और एक घर पर ग्रेनेड से हमला कर दिया, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। हिंसा प्रभावित बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में मंगलवार को हुए इस हमले की जिम्मेदारी अलगाववादी समूह बलूच लिबरेशन आर्मी ने ली है। कुछ दिन पहले ही इस समूह ने दुकान के मालिक को झंडा न बेचने और लोगों को 14 अगस्त को छुट्टी न मनाने की चेतावनी दी थी।

पाकिस्तान को 14 अगस्त 1947 को ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन से आजादी मिली थी। सरकारी अस्पताल के प्रवक्ता वसीम बेग ने बताया कि एक दुकान और उसके पास स्थित घर पर किए गए हमले में घायल छह लोगों को भर्ती कराया गया है।

पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देश के उत्तर-पूर्व में एक सैन्य अकादमी में आयोजित कार्यक्रम में दिए गए भाषण में आतंकवाद को हराने की प्रतिबद्धता जताई। मुनीर ने पाक तालिबान के हमलों को रोकने के लिए पड़ोसी देश अफगानिस्तान से सहयोग मांगा। इस बीच, पाकिस्तानी सेना ने एक बयान में बताया कि आतंकवादियों के एक समूह ने उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के दक्षिण वजीरिस्तान जिले में चार सुरक्षा कर्मियों की हत्या कर दी। उसने बताया कि सेना की जवाबी कार्रवाई में छह आतंकवादी भी मारे गए।

सुंदर कबरई स्वस्थ्य कबरई स्वच्छ कबरई

नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की अनंत शुभकामनाओं के साथ नगर पंचायत कबरई की अपील

यह नगर आपका है, इसे साफ-सुथरा रखें
कचरे को निर्धारित स्थलों पर कचरा पात्रों में ही डालें
अपने पशुओं को सड़क पर अन्ना न छोड़ें
मार्ग प्रकाश हेतु स्थापित लाइटों को क्षति न पहुचाएं
अपने समस्त करों का भुगतान समय से कर विकास में सहभागी बनें






श्रीमती राजकिशोरी
पूरनलाल कुशवाहा-अध्यक्ष
अरूण शुक्ला लेखाकार अवधेश कुमार-अधिशासी
अधिकारी एवं समस्त सभासद गण - नगर पंचायत कबरई

स्वच्छ महोबा स्वस्थ्य महोबा सुंदर महोबा
वीर भूमि

महोबा के निवासियों को स्वतंत्रता दिवस की अनंत शुभकामनाओं के साथ नगर पालिका परिषद इस पुनीत अवसर पर नागरिकों से अपील करती है कि

यह नगर आपका है, इसलिए इसे साफ-सुथरा रखें।
कचरे को निर्धारित स्थलों पर कचरा पात्रों में ही डालें
अपने पशुओं को सड़क पर अन्ना न छोड़ें
मार्ग प्रकाश हेतु स्थापित लाइटों को क्षति न पहुंचाएं
अपने समस्त करों का भुगतान समय से करके विकास में सहभागी बनें








मृदुल चौधरी
जिलाधिकारी

अवधेश कुमार
अधिशासी अधिकारी

डॉ संतोष
चौरसिया-चेयरमैन

अरूण कुमार
शुक्ला-लेखाकार

एवमं समस्त सभासद गण नगर पालिका परिषद महोबा

# पिछले दशक में भारतीय खेलों ने बहुत प्रगति की है: राष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** (भाषा) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को भारतीय खिलाड़ियों की उल्लेखनीय उपलब्धियों की सराहना की जिसमें उन्होंने विशेष रूप से पेरिस में हाल में हुए ओलंपिक खेलों में देश के प्रदर्शन और रोहित शर्मा की अगुआई वाली क्रिकेट टीम की टी20 विश्व कप जीत का जिक्र किया। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में राष्ट्रपति मुर्मू ने इन उपलब्धियों को समर्पण और कड़ी मेहनत का अनुकरणीय प्रदर्शन बताते हुए कहा कि पिछले दशक में भारत में खेलों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने इस प्रगति का श्रेय सरकार द्वारा खेल अवसंरचना विकास को प्राथमिकता देने को दिया। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, हमारे खिलाड़ियों ने वैश्विक मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और उनकी हालिया उपलब्धियां भावी पीढ़ियों को प्रेरित करेंगी। पेरिस ओलंपिक में भारत ने छह पदक जीते जिसमें एक रजत और पांच कांस्य पदक शामिल हैं। भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा एकमात्र रजत विजेता रहे। पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर व्यक्तिगत 10 मीटर एयर पिस्टल के अलावा 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम (सरबजोत सिंह के साथ) में कांस्य पदक जीतकर स्वतंत्रता के बाद ओलंपिक के एक ही चरण में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बन गईं। राष्ट्रपति ने भारतीय क्रिकेट टीम की हाल में टी20 विश्व कप जीत का जिक्र किया जिसने देश भर के प्रशंसकों को खुशी प्रदान की। इस जीत ने टीम को 11 साल में पहली आईसीसी ट्रॉफी दिलाई। इसके बाद मुंबई में एक भव्य विजय परेड का आयोजन किया गया जिसमें हजारों समर्थक शामिल हुए। भारत में शतरंज के बढ़ते दबदबे पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा जैसे युवा खिलाड़ियों की उपलब्धियों की प्रशंसा की और सुझाव दिया कि उनकी सफलता शतरंज में भारतीय युग की शुरुआत है।



## मुर्मू ने भारतीय ओलंपिक दल से मुलाकात की, प्रदर्शन को सराहा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को भारतीय ओलंपिक दल से मुलाकात करके पेरिस ओलंपिक में खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। राष्ट्रपति भवन ने एक्स पर तस्वीरों के साथ पोस्ट किया , राष्ट्रपति मुर्मू ने पेरिस ओलंपिक में भाग लेकर लौटे भारतीय दल से गणतंत्र मंडप, राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि वे देश के युवाओं खासकर युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। भारत ने पेरिस ओलंपिक में एक रजत और पांच कांस्य पदक जीते। भारत के 117 खिलाड़ियों ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक खेले गए पेरिस ओलंपिक में भाग लिया। इस मौके पर निशानेबाज मनु भाकर, अनुभवी हॉकी गोलकीपर पी आर श्रीजेश, कप्तान हरमनप्रीत सिंह और कांस्य पदक विजेता टीम के बाकी सदस्य, पहलवान अमन सेहरावत, निशानेबाज स्वप्निल कुसाले, भारोत्तोलक मीराबाई चानू, बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन मौजूद थे।

# दलीप ट्राफी नहीं खेलेंगे रोहित-कोहली

## बड़े सितारों को छूट, खेलने को तैयार गिल, पंत, राहुल और जडेजा

**भाषा।** नई दिल्ली

**सीनियर** स्टार खिलाड़ी जैसे कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और आर अश्विन को बेंगलुरु में पांच सितंबर से शुरू होने वाली दलीप ट्राफी में खेलने से छूट मिली है जबकि राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने इस प्रतियोगिता के लिए चार टीम का चयन करते हुए घरेलू मुकाबलों में प्रदर्शन करने वाले और संभावित प्रतिभाओं के बीच बढ़िया संतुलन बनाया है। इस टूर्नामेंट में अंतरराष्ट्रीय स्टार जैसे शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, आल राउंडर रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज खेलते नजर आएंगे।



टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव को भी चुना गया है जिन्होंने 2023 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ एक टेस्ट खेला था। सूर्यकुमार के अलावा अन्य ने टीम में जगह पक्की कर ली है। भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य विकेटकीपर ऋषभ पंत भी इस टूर्नामेंट में खेलेंगे। 2022 में हुई कार दुर्घटना से वापसी के बाद यह उनका पहला लाल गेंद वाला टूर्नामेंट होगा। वहीं एक अन्य विकेटकीपर ईशान किशन भी इसमें खेलेंगे जिन्हें पिछले सत्र में इंडियन प्रीमियर लीग को प्राथमिकता देने और रणजी ट्राफी टूर्नामेंट में नहीं खेलने के लिए बीसीसीआई की केंद्रीय अनुबंधित सूची से हटा दिया गया था।

भारत की इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में अहम भूमिका निभाने वाले सरफराज खान और ध्रुव जुरेल के अलावा विकेटकीपर आर्यन जुयाल और अभिषेक पोरेल भी टीमों में शामिल होंगे। भारतीय खिलाड़ियों कां केवल एक ही मैच खेलना था इसलिए कोहली, रोहित, बुमराह और अश्विन को छूट दी गई। पीटीआई ने इस छूट के बारे में 16 जुलाई को खबर दी थी। सूर्यकुमार टूर्नामेंट में

### मोर्ने मोर्कल भारत के नए गेंदबाजी कोच बने, बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के साथ टीम से जुड़ेंगे

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज मोर्ने मोर्कल को भारतीय क्रिकेट टीम का नया गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने बुधवार को पीटीआई को इसकी पुष्टि की।इसके साथ ही नए मुख्य कोच गौतम गंभीर के पसंदीदा सहयोगी स्टाफ की नियुक्ति की प्रक्रिया भी पूरी हो गई। समझा जाता है कि पारस म्हाम्ब्रे की जगह लेने वाले 39 साल के मोर्कल बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के साथ टीम से जुड़ेंगे। बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट 19 सितंबर से चेन्नई में खेला जाएगा। उन्हें दक्षिण अफ्रीका में होने वाले 2027 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप के अंत तक नियुक्त किया गया है।

## रोहित वनडे रैंकिंग में दूसरे नंबर पर

**दुबई।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा हाल में श्रीलंका के खिलाफ समाप्त हुई वनडे श्रृंखला मे शानदार प्रदर्शन के बूते बुधवार को ताजा जारी आईसीसी वनडे रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में एक पायदान के फायदे से दूसरे स्थान पर पहुंच गए। भारत हालांकि इस तीन मैच की श्रृंखला में 0-2 से हार गया था लेकिन रोहित ने दो अर्धशतकों से 52.33 के औसत से 157 रन बनाए थे। श्रृंखला का पहला मैच टाई रहा था। वही शुभमन गिल एक पायदान खिसककर तीसरे स्थान पर आ गए जबकि विराट कोहली अपने चौथे स्थान पर बरकरार हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम इस समय 824 रेटिंग अंक से सूची में शीर्ष पर काबिज है जबकि रोहित के 765 अंक है। शीर्ष 20 में शामिल अन्य भारतीयों में श्रेयस अय्यर 16वें स्थान पर जबकि केएल राहुल एक पायदान खिसककर 21वें स्थान पर पहुंच गए। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव गेंदबाजों की सूची में चौथे स्थान से भारतीयों में रैंकिंग में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर है। वह शीर्ष पर काबिज दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज, आस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड और एडम जम्पा से पीछे है। ए तीनों शीर्ष तीन स्थान पर बने हुए हैं। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आठवें स्थान पर बरकरार है।


## ओलंपिक से अयोग्य करार दिए जाने के खिलाफ विनेश की अपील खारिज

**पेरिस ( भाषा )।** ओलंपिक फाइनल से पहले अयोग्य करार दिए जाने के खिलाफ भारतीय पहलवान विनेश फोगाट की अपील खेल पंचाट (सीएएस) के तदर्थ प्रभाग ने खारिज कर दी है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने बुधवार को यह जानकारी दी और खिलाड़ियों के मनोवैज्ञानिक और शारीरिक तनाव को समझने में नाकाम अमानवीय नियमों की आलोचना की। 29 वर्ष की विनेश को पिछले सप्ताह महिला 50 किलो फ्रीस्टाइल कुश्ती के फाइनल से पहले अयोग्य करार दिया गया था क्योंकि उनका वजन निर्धारित सीमा से सौ ग्राम अधिक था। एक बयान में आईओए अध्यक्ष पी टी उषा ने कहा , पहलवान विनेश फोगाट की युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के खिलाफ दायर अपील पर खेल पंचाट के एकमात्र पंच के फैसले से स्तब्ध और निराश हूं। उन्होंने कहा , पेरिस ओलंपिक खेलों में महिलाओं के 50 किलोग्राम वर्ग में साझा रजत पदक दिए जाने के



विनेश के आवेदन को खारिज करने वाले 14 अगस्त के फैसले का प्रभावी हिस्सा विशेष रूप से उनके लिए और बड़े पैमाने पर खेल समुदाय के लिए महत्वपूर्ण निहितार्थ रखता है। इस फैसले के मायने हैं कि पेरिस ओलंपिक में भारत के छह ही पदक होंगे जिसमें एक रजत और पांच कांस्य शामिल हैं। अयोग्य करार दिए जाने के बाद टूट चुकी विनेश ने सोशल मीडिया के जरिए कुश्ती से संन्यास का ऐलान कर दिया था।आईओए ने अंतरराष्ट्रीय कुश्ती में अस्पष्ट नियमों और उनकी व्याख्याओं को लेकर कड़ी आलोचना की है।




सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ ( फोन: 0522-4036600 ) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक: शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।